3 **बस्तर संभाग** सूखा राशन वितरण में हुई गड़बड़ी की जांच आरंभ, उपाध्याय ...

6 **अभिमत** विश्व नागरिक बनाने का प्रयास

10 **संस्कारधानी** पखवाड़े भर में हो सकती है कांग्रेस कार्यकारिणी...

11 **छत्तीसगढ़** जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 26 नवम्बर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 96 मूल्य 3.00 ₹

## छत्तीसगढ़ के अधिकारी, कर्मचारी लामबंद
# आंदोलन की राह पर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य के 3 लाख 99 हजार कर्मचारी एवं अधिकारी राज्य शासन के अनदेखी से व्यथित हैं। कोरोना काल में सरकारी ही असरकारी साबित हुआ है। कोरोना संक्रमण के रोकथाम एवं उपचार के डयूटी में हमारे अनेक साथी काल के गाल में समा गये हैं !

सरकारी महकमे की सुरक्षा एवं उनके परिवार के हित को अनदेखा कर,सरकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन संभव नहीं होगा। राज्य के कर्मचारी-अधिकारियों को दिवाली पर उनके अधिकार से संबंधी कर्मचारी हितैषी घोषणा की उम्मीद थी। उक्ताशय को व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी,कवर्धा जिला अध्यक्ष प्रमोद शुक्ला एवं महामंत्री सुशील जायसवाल का कहना है कि राज्य के कर्मचारी-अधिकारी, शासन के उपेक्षापूर्ण रवैये के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।

उन्होंने बताया कि 1 दिसंबर 20 को प्रथम चरण में, 28 जिलों में कर्मचारी-अधिकारी कलम बंद, मशाल उठा आंदोलन में कर्मचारी-अधिकारी मशाल रैली कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देंगे। रैली में शामिल होने वाले प्रत्येक कर्मचारी-अधिकारी अपने घर से *एक दिया* लेकर आयेंगे। रैली के दौरान हथेली में सूखा दिया रखकर चलेंगे। जोकि राज्य शासन के उपेक्षा के कारण घर की दिवाली उत्सव का प्रतीकात्मक प्रदर्शन होगा।

दूसरा चरण 11/दिसंबर को जिला स्तर पर वादा निभाओ,स्वाभिमान रैली आयोजित होगा। जिला मुख्यालय में आमसभा कर अपने मांगों के समर्थन में नारेबाजी करेंगे।

तृतीय चरण 19दिसंबर को राजधानी रायपुर में वादा निभाओ रैली का आयोजन किया जायेगा। रैली में सभी जिलों के कर्मचारी अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को जुलाई 19 का 5 त्न तथा जनवरी 20 के 4प्रतिशत कुल 9 प्रतिशत महँगाई भत्ता छत्तीसगढ़? वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 का बकाया एरियर्स का भुगतान; लंबित संवर्गीय पदोन्नति, समयमान/क्रमोन्नति; सहायक शिक्षक पद पर भर्ती हुए शिक्षकों को तृतीय समयमान स्वीकृति;शासकीय सेवा के दौरान कोरोना संक्रमण से मृत कर्मचारी अधिकारी के परिवार को 50 लाख अनुग्रह राशि एवं अनुकंपा नियुक्ति,अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने,चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान स्वीकृति;सातवे वेतनमान के मूलवेतन के आधार पर 10 त्न गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृति; 1 जनवरी 2004 से बंद हुए पुराने पेंशन योजना को बहाल करने;अनुकंपा नियुक्ति तृतीय श्रेणी पदों में भी करने, राज्य पुनगर्ठन अधिनियम की धारा 49 को विलोपित कर पेंशनरी दायित्वों का बंटवारा मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के बीच करने एवं छत्तीसगढ़ के लिए सेंट्रल पेंशन प्रोसेसिंग सेल भारतीय स्टेट बैंक गोविंदपुरा भोपाल से पृथक कर सेल की स्थापना रायपुर ब्राँच में करने सहित अन्य प्रमुख माँगों के निराकरण के लिए आंदोलन का ऐलान किया गया है।

## मध्य प्रदेश सरकार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेश करेगी लव जिहाद बिल

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 28 दिसंबर से शुरू होगा। सरकार के प्रस्ताव पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सत्र बुलाने की अनुमति दी है। नोटीफिकेशन होते ही विस्तृत कार्यक्रम जारी हो जाएगा। विधानसभा का नया अध्यक्ष चुना जाएगा। साथ ही, लव जिहाद को लेकर लाए जा रहे नए धर्म स्वातंर्त्य अधिनियम



2020 पर चर्चा होगी। इस सत्र के दौरान उपचुनाव में जीते हुए 28 विधायकों की शपथ होगी। सत्र में वित्त विभाग, सरकार के बजट का अनुपूरक अनुमान सदन में पेश कर सकता है। इससे पहले 21 सितंबर को एक दिन का सत्र हुआ था। उसमें सरकार ने मध्य प्रदेश विनियोग विधेयक 2020 के साथ मध्यप्रदेश साहूकार संशोधन विधेयक 2020 और अनुसूचित जनजाति ऋृण विमुक्ति विधेयक 2020 पारित कराया था। विधानसभा सचिवालय एक बार फिर बढ़ते कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखकर सत्र की तैयारी कर रहा है।

इससे पहले 21 सिंतबर को एक दिन का सत्र हुआ था। जिसमें सरकार ने मध्य प्रदेश विनियोग विधेयक 2020 के साथ मध्यप्रदेश साहूकार संशोधन विधेयक 2020 व अनुसूचित जनजाति ऋृण विमुक्ति विधेयक 2020 पारित कराया था। विधानसभा अध्यक्ष का पद विंध्य क्षेत्र को मिल सकता है। हालांकि यह निर्णय मुख्यमंत्री की सहमति से संगठन स्तर पर होना है। मंत्रिमंडल में विंध्य का प्रतिनिधित्व नहीं होने के कारण यह संभावना प्रबल है कि विधानसभा अध्यक्ष इस इलाके से बने। यहां से भाजपा के वरिष्ठ विधायक राजेन्द्र शुक्ला, गिरीष गौतम और नागेंद्र सिंह हैं। हालांकि मंदसौर से वरिष्ठ विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया की भी दावेदारी है। अभी विधानसभा के सामयिक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) रामेश्वर शर्मा हैं। दलीय स्थिति के हिसाब से भाजपा का अध्यक्ष बनना तय है। उपाध्यक्ष को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है, क्योंकि कांग्रेस के समय सहमति नहीं बनने के कारण दोनों पद के लिए चुनाव हुए थे।

## आरक्षक ने 1 वर्ष का वेतन मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिया



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

पुलिस थाना शक्ति में पदस्थ आरक्षक पुष्पराज सिंह 182 ने 24 नवंबर 2020 को जिला पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा को पत्र लिखकर अपने 1 दिसंबर 2020 से 1 दिसंबर 2021 तक के 12 माह के संपूर्ण वेतन को मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा करने की मांग की है, तथा पुष्पराज सिंह की इस पहल का जहां लोगों ने स्वागत किया है, तो वही पुष्पराज की इस पहल पर पुलिस परिवार शक्ति के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उत्साहित हैं, तथा लोगों का मानना है कि पुलिस के लोग भी राष्ट्र एवं राज्य की सेवा में अपना यथासंभव योगदान देते हैं,एवं पुष्पराज ने तो 1 साल का संपूर्ण वेतन प्रदत कर एक मिसाल कायम की है।

### मुख्यमंत्री भूपेश की संवेदनशील पहल
## एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए लेपटॉप और 50 हजार रूपए की सहायता दी

- **बघेल को समाचार पत्र से मिली खुशबू के संघर्ष और सफलता की जानकारी**
- **मुख्यमंत्री ने स्वयं फोन लगाकर खुशबू से की बातचीतः बढ़ाया हौसला**



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिले के पाटन क्षेत्र के गांव गोडपेंड्री के एक गरीब परिवार की बेटी खुशबू कुर्रे की नीट परीक्षा में सफलता की खबर मिलने पर खुशबू से आज स्वयं टेलीफोन लगाकर बात की और उन्हें एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने खुशबू को पढ़ाई के लिए लेपटॉप और 50 हजार रूपए की सहायता राशि मंजूर करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री की इस संवेदनशील पहल के लिए खुशबू और उनके परिवार ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

मुख्यमंत्री बघेल को एक समाचार पत्र में छपी खबर से छात्रा खुशबू कुर्रे के कठिन संघर्ष और नीट परीक्षा में सफलता के बारे में जानकारी मिली। खुशबू ने परिवार की कठिन आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए अपनी पढ़ाई जारी रखी और इस वर्ष दूसरे प्रयास में नीट परीक्षा क्वालिफाई की। खुशबू को नीट परीक्षा में 1822 की रैंक मिली है। वे राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई करेंगी। खुशबू के पिता मेकेनिक का काम करते हैं। बघेल ने खुशबू की लगन की सराहना करते हुए उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए एक लेपटॉप और 50 हजार रूपए की सहायता राशि मंजूर की है।

### क्विक न्यूज

#### मंत्रिमंडल में दी 2480.92 करोड़ रुपये की एफडीआई की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने दूरसंचार क्षेत्र के मैसर्स टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में इक्विटी शेयर के जरिए 2480.92 करोड़ रुपये के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश- एफडीआई को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को यहां मैसर्स टाटा टेली सर्विसेज लिमिटेड (टीटीएसएल) और टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड (टीएसपीएल) के जरिए पुट ऑप्शन के प्रयोग से मेसर्स एटीसी एशिया पैसि?फिक पीटीई लिमिटेड की मेसर्स टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में इक्विटी शेयर पूंजी के 12.32 प्रतिशत के अधिग्रहण के लिए एफडीआई प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

#### आईसीसी के नए चेयरमैन चुने गए ग्रेग बार्कले

**दुबई।** पेशे से वकील और न्यूजीलैंड क्रिकेट में 2012 से निदेशक चले आ रहे ग्रेग बार्कले को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया चेयरमैन चुन लिया गया है। बार्कले आईसीसी के दूसरे स्वतंत्र चेयरमैन के रूप में भारत के शशांक मनोहर की जगह लेंगे। बार्कले आईसीसी बोर्ड में न्यूजीलैंड क्रिकेट के प्रतिनिधि हैं लेकिन अब वह अपनी इस भूमिका से हट जाएंगे और उस्मान ख्वाजा की जगह लेंगे।

#### भाजपा के विजय चुने गए विधानसभा अध्यक्ष

**पटना।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की ओर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विजय सिन्हा आज विपक्षी दलों के महागठबंधन के उम्मीदवार अवध बिहारी चौधरी को पराजित कर 17वीं विधानसभा के अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। विधानसभा में अध्यक्ष पद के लिए कराए गए चुनाव में मत विभाजन के जरिए भाजपा के विजय सिन्हा को निर्वाचित घोषित किया गया ।

# कांग्रेस के दिग्गज नेता अहमद पटेल का निधन

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल का बुधवार सुबह साढ़े तीन बजे निधन हो गया। उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। इलाज के दौरान उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। उनके बेटे फैसल पटेल ने ट्विटर पर अपने पिता के निधन की जानकारी साझा की। फैसल ने लिखा कि एक साथ कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था जिसकी वजह से उनका निधन हो गया। अपने सभी शुभचिंतकों से अनुरोध करता हूं कि इस वक्त कोरोना वायरस के नियमों का कड़ाई से पालन करें और सोशल डिस्टेंसिंग को लेकर दृढ़ रहें और किसी भी सामूहिक आयोजन में जाने से बचें। 71 वर्षीय श्री पटेल अक्टूबर में कोरोना वायरस से संक्रमित हुए थे। उन्होंने ट्वीट कर खुद के कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी दी थी। उनकी तबीयत



अचानक बिगड़ने पर उन्हें 15 नवंबर को मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। सोनिया गांधी के राजनीतिक सलाहकार रहे श्री पटेल का जन्म 21 अगस्त 1949 को गुजरात में भरुच जि़ले के पिरामल गांव में हुआ था। उस वक्त भरूच कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था। वह पहली बार 1977 में 26 वर्ष की आयु में भरूच से लोकसभा का चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे। श्री पटेल यहां से तीन बार लोकसभा सांसद चुने गए। पार्टी में धीरे-धीरे उनका कद बढ़ता गया।

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री ने शोक जताया

राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद समेत विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और राजनीतिक दलों के नेताओं ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं राज्यसभा सांसद अहमद पटेल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इकहत्तर वर्षीय श्री पटेल का बुधवार तड़के तीन बजे निधन हो गया। उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके पुत्र फैसल पटले ने ट्विटर पर अपने पिता के निधन की जानकारी दी। कांग्रेस के दिग्गज नेता अक्टूबर में कोरोना वायरस से सं मित हुए थे। उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें 15 नवंबर को मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। श्री कोविंद ने ट्वीट के जरिए अपने शोक संदेश में कहा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ।

## एडिटर्स गिल्ड ने प्रेस की आजादी के लिए कानूनी सलाहकारों की समिति बनाई

**नयी दिल्ली।** एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने देश में प्रेस की आजादी को सुरक्षित बनाये रखने के लिए जाने-माने कानूनविदों की सात सदस्यीय सलाहकार समिति का गठन किया है।

गिल्ड द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार देश में मीडिया पर अंकुश की घटनाओं को देखते हुए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बचाए रखने के लिए इस समिति का गठन किया गया है जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं जाने-माने अधिवक्ता कपिल सिब्बल श्याम दीवान राजीव नायर मेनका गुरुस्वामी प्रशांत कुमार तथा शाहरुख आलम जैसे लोग शामिल है।

गिल्ड की प्रमुख सीमा मुस्तफा द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रेस की आजादी को रोकने के मद्देनजर मीडिया इन सलाहकारों से कानूनी विचार विमर्श कर सके । विज्ञप्ति में भी कहा गया है की गिल्ड भविष्य में इस समिति का और विस्तार करेगा और मीडिया तथा अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े अन्य कानूनविदों को भी इसमें शामिल करेगा।

## भारत शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका को और आगे ले जाएगा : डॉ निशंक

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने बुधवार को कहा कि सदियों से भारत शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्व देने में माहिर रहा है जिसकी वजह से विदेशों में भी सराहना हो रही है।

डॉ निशंक ने यहां अरबिंदो सोसाइटी के एक वर्चुअल सम्मलेन शून्य से सशक्तिकरण की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सदियों से भारत नेतृत्व देने में माहिर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी भूमिका के लिए भारत की आज विदेशों में भी सराहना हो रही है। नई शिक्षा नीति 2020 के जरिए भारत नई चुनौतियों का सामना करने लिए तैयार है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' के जरिए भारत ने पूरी दुनिया को शिक्षा का पाठ पढ़ाया है।

उन्होंने महर्षि अरबिंदो के व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व के जरिए देश में एक नई क्रांति को जन्म दिया। केन्द्रीय मंत्री ने भारत की शैक्षिक विरासत के गौरवशाली अतीत को दोहराते हुए कहा कि हमने नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्व प्रसिद्ध



विश्वविद्यालयों के जरिए 'वासुदेव कुटुम्बकम' के नारे के साथ दुनिया भर में संदेश दिया है।

एचडीएफसी बैंक समूह,व्यापार और वित्त की प्रमुख आशिमा भट ने शिक्षा मंत्री की सराहना की और कहा कि 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020' पथ प्रदर्शक है जो नए मील का पत्थर साबित होगी। आज छात्रों में बढ़ी हुई क्षमताओं के लिए यह अत्यावश्यक है कि शिक्षकों को काम करने के लिए सहयोगात्मक भावना और सामूहिक सफलताओं के साथ रचनात्मक माहौल मिले। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस के प्रबंध निदेशक रॉड स्मिथ ने नई शिक्षा नीति की काफी सराहना की और कहा कि शिक्षा और अनुसंधान दुनिया के महत्वपूर्ण उपकरण हैं। भारतीय शिक्षा प्रणाली का लंबा और शानदार इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि त्रिकोणमिति, कैल्कुलस और बीजगणित के अध्ययन की उत्पत्ति भारत में हुई। 'नई शिक्षा नीति के साथ पाठ्यक्रम, शिक्षाशास्त्र और मूल्यांकन अब प्रदर्शन में स्थानांतरित हो गया है। शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए सरकार और अरबिंदो सोसाइटी भारत में शिक्षा को बदलने के लिए भारी निवेश कर रहे हैं। डॉ. निशंक ने आयोजकों और विशेष रूप से कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के स्मिथ को आश्वस्त किया कि भारत शिक्षा के क्षेत्र में एक नेता के रूप में अपनी भूमिका को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने छात्रों के योग्य शिक्षा के वादे को आगे बढ़ाने के लिए अरबिंदो सोसाइटी को भी धन्यवाद दिया।

इस बैठक में उच्च शिक्षा सचिव अमित खरे के अलावा अरबिंदो सोसाइटी के अधिकारीगण और एचडीएफसी बैंक समूह,व्यापार और वित्त की प्रमुख सुश्री भट, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारियों की प्रमुख नुसरत पठान समेत 'जीरो-इन्वेस्टमेंट इनोवेशन फॉर एजुकेशन इनिशिएटिव्स' के लोग भी जुड़े।

### देश में कोरोना का बढ़ता प्रकोप
# नये मामले फिर 44 हजार के पार

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश में कोरोना संक्रमण के मामलों की संख्या घटने-बढ़ने के बीच फिर 44 हजार से अधिक नये मामले सामने आने से सक्रिय मामलों में इजाफा हुआ है हालांकि रिकवरी दर आंशिक कमी के साथ 93.72 फीसदी पर है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 44,376 नये मामले सामने आये और संक्रमितों का आंकड़ा 92.22 लाख हो गया है। नये मामलों के साथ सक्रिय मामले 6079 बढ़े और यह संख्या 4.44 लाख हो गयी। इस दौरान 37,816 मरीज स्वस्थ हुए जिसे मिलाकर कोरोना को मात देने वालों की संख्या अब 86.42 रिपीट 86.42 लाख हो गयी है। इसी अवधि में 481 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,34,699 हो गया है। देश में सक्रिय मामलों की दर 4.82 प्रतिशत हो गयी है जबकि मृत्यु दर अभी 1.46 प्रतिशत है।

पिछले 24 घंटों में कोरोना ने दिल्ली में रौद्र रूप दिखाया और देश भर में सबसे अधिक 6224 नये मामले यहीं आये। महाराष्ट और केरल क्रमशः 5439 और 5420 नये मामलों के साथ दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। राष्टीय राजधानी में सक्रिय मामले बढ़कर 38,501 हो गये हैं।



यहां 8621 संक्रमित अपनी जान गंवा चुके हैं जबकि 4.93 लाख से ज्यादा मरीज अब तक संक्रमणमुक्त हुए हैं।

कोविड-19 से सर्वाधिक प्रभावित महाराष्ट में सक्रिय मामले 1323 बढ़कर अब 84,238 हो गये हैं। राज्य में दूसरे दिन भी दौरान 30 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 46,683 हो गया है , वहीं अभी तक 16.58 लाख से ज्यादा लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। केरल में स्वस्थ हुए मरीजों की संख्या पांच लाख से अधिक हो गयी लेकिन सक्रिय मामले बढ़कर 64,539 हो गये हैं जबकि 2095 लोगों की मौत हुई है।

दक्षिणी राज्य कर्नाटक में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 96 कम होकर 24,631 हो गयी है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 11,695 पर पहुंच गया है तथा अब तक करीब 8.40 लाख लोग स्वस्थ हुए हैं। आंध्र प्रदेश में इस दौरान सक्रिय मरीजों की संख्या में 370 की कमी होने से यह 13,024 हो गया। राज्य में अब तक कोरोना से 6956 लोगों की मौत हुई है और 8.43 लाख से अधिक लोग संक्रमण मुक्त हुए हैं। आबादी के हिसाब से देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में सक्रिय मामले बढ़कर 23,928 हो गयी है तथा इस महामारी से 7615 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में अब तक करीब पांच अधिक मरीज स्वस्थ हुए हैं। तमिलनाडु में सक्रिय मामलों में 370 की कमी आयी है और यह संख्या घटकर 11,875 हो गयी है तथा अभी तक 11,639 लोगों की मौत हुई है। राज्य में अब तक 7.49 लाख से अधिक लोग संक्रमणमुक्त हुए हैं।

ओडिशा में सक्रिय मामले घटकर 6226 हो गये हैं और 1671 लोगों की मौत हुई है जबकि रोगमुक्त होने वाले मरीजों की संख्या तीन लाख से अधिक ➤शेष पेज 8 पर

## कोविड संबंधी दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू करें राज्य : गृह मंत्रालय

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश के विभिन्न हिस्सों में कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित दिशानिर्देशों और एहतियाती उपायों तथा मानक संचालन प्रक्रियाओं को सख्ती से लागू करने को कहा है।

मंत्रालय ने बुधवार को एक आदेश जारी कर कोविड संक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए निगरानी, उपाय और सतर्कता से संबंधित दिशा निर्देश भी जारी किए जो आगामी एक दिसंबर से लागू होंगे। मंत्रालय ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से इन दिशानिर्देशों को पूरी सख्ती से लागू करने को कहा है। दिशानिर्देशों में इस बात पर जोर दिया गया है कि कोरोना के खिलाफ अभियान में अब तक देश ने जो सफलता हासिल की है उसे बरकरार रखते हुए इसे और मजबूत बनाने के लिए कदम उठाए जाएं। इनमें जोर देकर कहा गया है कि कंटेनमेंट जोन में सभी दिशानिर्देशों को पूरी तरह से लागू किया जाए और वहां केवल अनिवार्य सेवाओं की गतिविधि की ही अनुमति दी जानी चाहिए। कंटेनमेंट जोन के बाहर जाने और उनमें अंदर आने पर भी पूरी तरह से रोक लगाने को कहा गया है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों मैं भी विशेष एहतियात बरतने को कहा गया है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा गया है कि वे त्योहारों और सर्दी के मौसम को देखते हुए विशेष सावधानी बरतें तथा जिला, स्थानीय प्रशासन , नगर निगम और पुलिस को गृह मंत्रालय तथा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशानर्देशों और मानक संचालन प्रक्रिया को लागू करने के प्रति जवाबदेह बनाए।

# दिवाली के बाद रायपुर में बढ़े कोरोना केस, 45 हजार से ज्यादा पॉजिटिव

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

दिवाली तक राजधानी में कम संख्या में मिल रहे कोरोना मरीजों की संख्या फिर बढ़ने लगी है, जिसके साथ यहां आठ माह में केस की संख्या 45 हजार के पार पहुंच चुकी है। त्योहार के दौरान संक्रमण के विस्तार को ध्यान में रखते हुए आने वाले दिनों में इस पर रोक लगाने जांच की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम इसके पुनः सार्वजनिक तथा भीड़भाड़ वाले इलाके में शिविर लगाकर कोरोना जांच की तैयारी में है। प्रदेश में कोरोना की लहर ने भले ही अभी जोर नहीं पकड़ा है, मगर राजधानी रायपुर समेत जिले में इसका असर नजर आने लगा है। माना जा रहा है कि दिवाली के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने कोरोना से बचने के उपाय के लिए निर्धारित नियम तोड़े, जिसका असर त्योहार के बाद दिखने लगा है। त्योहार के पहले जिले में जांच की संख्या भी कम हो गई थी, जिसकी वजह से भी केस कम आ रहे थे, मगर अब जांच बढ़ने के साथ कोविड-19 के केस भी बढ़ते जा रहे हैं। जिले में अब तक विभिन्न माध्यमों से 2.60 लाख से अधिक लोगों की जांच की जा चुकी है। पिछले सप्ताहभर से यहां कोरोना मामलों में वृद्धि होती जा रही है, जिसकी वजह से इनकी संख्या 45 हजार से ऊपर जा चुकी है।



इसके साथ ही विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पुनःशिविर लगाकर कोरोना संक्रमितों की पहचान की तैयारी की जा रही है, जो पुराने समय की तरह कोरोना के सुपर स्प्रेडर साबित न हो जाएं। रायपुर जिला वर्तमान में कोरोना संक्रमण, स्वस्थ होने और मौत के मामले में भी 27 जिलों से आगे चल रहा है। आ चुके हैं सुपर स्प्रेडर राजधानी और बीरगांव इलाके में सितंबर माह में कोरोना के सुपर स्प्रेडर सामने आ चुके हैं। इनमें लाखेनगर इलाके में एक फेरीवाले तथा बीरगांव में सफाईकर्मी महिला से कोरोना संक्रमण जमकर फैला था। उनके सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की जांच में क्षेत्र में बड़ी संख्या में कोरोना केस सामने आए थे।

वर्तमान में रायपुर जिले से कोरोना गांव से पुनः शहर की ओर लौट आया है। रोजाना कोरोना के जितने केस सामने आ रहे हैं, उनमें से आधे से ज्यादा मामले शहरी इलाकों से जुड़े हुए हैं। रायपुर जिले में अभी 22 से 25 सौ लोगों के सैंपल की जांच हो रही है, जिसमें आरटीपीसीआर, एंटीजन टेस्ट तथा ट्रू-नॉट टेस्ट शामिल है। ऐसे बढ़े मामले 17 नवंबर 199 18 नवंबर 227 19 नवंबर 248 20 नवंबर 166 21 नवंबर 273 22 नवंबर 323 23 नवंबर 248 शिविर लगाकर जांच कोरोना संक्रमित लोगों की पहचान के लिए विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए जा रहे हैं।

> लोगों को अगर सर्दी-खांसी जैसे लक्षण हैं तो उन्हें तत्काल अपनी जांच करानी चाहिए।
> **- डा. मीरा बघेल,**
> सीएमएचओ, रायपुर

## मुख्यमंत्री बघेल सांसद दीपक बैज के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए



पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के देवेन्द्र नगर की आफिसर्स कॉलोनी स्थित लोकसभा सांसद दीपक बैज के निवास पहुंचकर उनके गृह प्रवेश के कार्यक्रम में शामिल हुए। बघेल ने दीपक बैज से मुलाकात की और उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत भगत, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा और छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी उपस्थित थे।

## परीक्षा हॉल में प्रश्नपत्र नहीं पढ़ सकेंगे शिक्षक बचे हुए पर्चे तुरंत करने होंगे सील

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2021 के दौरान शिक्षकों को प्रश्नपत्र पढ़ने या उसकी फोटो लेने से मना किया है। अगर कोई शिक्षक बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र पढ़ता है या फोटो लेकर वाट्स ऐप आदि पर भेजता है तो ऐसे शिक्षक और स्कूल पर कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड ने सभी स्कूलों को इस संबंध में जानकारी दी है। प्रश्नपत्र के साथ किसी भी तरह की विसंगति करने पर कार्रवाई की जाएगी। बोर्ड नियमानुसार इस पर कार्रवाई करेगा। बोर्ड की मानें तो पिछले कई सालों में शिक्षकों द्वारा प्रश्नपत्र पढ़ने, परीक्षा




हॉल में छात्रों को सलाह देने, प्रश्नपत्र की फोटो खींचकर वाट्स ऐप पर भेजने की शिकायत आई है। इसे लेकर बोर्ड द्वारा कड़ाई की जा रही है।

ज्ञात हो कि बोर्ड परीक्षा तीन घंटे चलती है। इस दौरान प्रश्नपत्र को परीक्षा हॉल में ही खोला जाएगा। निर्धारित समय पर प्रश्नपत्र को परीक्षार्थियों के बीच बांटा जाएगा। बांटने के बाद जो प्रश्नपत्र बच जाएंगे, उसे परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट के अंदर सील कर दिया जाएगा। उसके बाद ही प्रश्नपत्र प्राचार्य के पास भेजा जाएगा। 24 घंटे के अंदर देना होगा फीडबैक किसी प्रश्न में या प्रिंट में गलती है या नहीं, इसके लिए परीक्षा समाप्त होने के 24 घंटे के अंदर सभी परीक्षा केंद्रों को अपना फीडबैक बोर्ड को भेजना है। जिस विषय की परीक्षा होगी, उस विषय के शिक्षकों को प्रश्नपत्र देकर उनसे प्रश्नपत्र पर फीडबैक लिया जाएगा। अगर किसी प्रश्न में कंफ्यूजन या किसी तरह की गलती पकड़ में आती है तो उसे बोर्ड को भेजा जाएगा। बोर्ड द्वारा गलत प्रश्न को हटा कर ही मार्किंग स्कीम तैयार की जाएगी।

## राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्राकृतिक आपदा से पीड़ित लोगों को जिला कलेक्टर के माध्यम से राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत आर्थिक सहायता स्वीकृत की जाती है। जिला कबीरधाम के अंतर्गत 4 प्रकरणों में पीड़ितों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर की गई है। राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधानों के तहत कबीरधाम जिले की तहसील पंडरिया के ग्राम भुवालपुर के अमर और ग्राम मोहतरकला के श्री समीर चंद्रवंशी की मृत्यु पानी में डूबने से और ग्राम पाड़ी (पहाड़ी) की र ा बाई की मृत्यु आग में जलने से हो जाने पर मृतकों के पीड़ित परिजनों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह से बोड़ला तहसील के ग्राम खरहट्टी की मंदाकनी की मृत्यु सांप के काटने से हो जाने पर मृतक के पीड़ित परिजनों को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

## धान बेचने के लिए किसानों को 27 से देंगे टोकन, एक से होगी खरीदी

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

समर्थन मूल्य पर 1 दिसंबर से शुरू हो रही धान खरीदी के लिए किसानों को 27 नवंबर से टोकन वितरण किया जाएगा। प्रदेश मेंधान खरीदी के लिए 2205 केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 157 नए धान खरीदी केंद्र हैं। समितियों को टोकन जारी करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। समितियों में धान रखने की क्षमता के अनुरूप एक दिन में टोकन दिए जाएंगे। इस साल 2.49 लाख किसानों का नवीन पंजीयन किया गया है, जिन्हें मिलाकर कुल 21 लाख 48 हजार किसान पंजीकृत हो चुके हैं। इस वर्ष धान विक्रय हेतु कुल पंजीकृत कृषकों की संख्या गत



वर्ष की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में पंजीकृत कुल किसानों में सें 19.55 लाख किसान पंजीयन विगत वर्ष से कैरी-फारवर्ड किए गए हैं।

इन कैरी-फारवर्ड कृषकों में से 51 हजार 776 कृषकों का पंजीयन फौती, जमीन बिक्री आदि कारणों से निरस्त किया गया, जो कि प्रतिवर्ष होने वाली प्रक्रिया है। इस वर्ष 2.49 लाख किसानों का नवीन पंजीयन भी किया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में धान खरीदी हेतु समिति स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं। सॉफ्टवेयर में उपार्जन केंद्रों की मैपिंग का कार्य जारी है। विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण का कार्य प्रगति पर है। धान खरीदी हेतु गत वर्ष की भांति खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व 27 नवंबर से टोकन वितरण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। तीन लाख बारदाने एकत्रित करने का लक्ष्य धान खरीदी के लिए बारदाने की कमी को पूरी करने खाद्य विभाग ने जिला कलेक्टरों के माध्यम से पीडीएस, समितियों में रखे और राईस मिलरों से बारदाने लिए जा रहे हैं। पीडीएस के लगभग एक लाख गठान बारदाने एवं राईस मिलर्स के माध्यम से लगभग 2 लाख गठान पुराने बारदानों को एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही 70 हजार गठान एचडीपीई, पीपी बारदानों की भी व्यवस्था की जा रही है। अब तक 42 हजार पीडीएस एवं एक लाख 23 हजार गठान कस्टम मिलर्स के माध्यम से बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है।

## इंतजार खत्म, टॉलेस्ट प्रोजेक्ट लाइफ स्टाइल टावर्स की लांचिग शनिवार व रविवार

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की सबसे विश्वसनीय रियल एस्टेट कंपनी अविनाश ग्रुप के द्वारा छत्तीसगढ का टालेस्ट रेसिडेसियल टावर्स प्रोजेक्ट, लाईफ स्टाईल टावर्स, कोटा, गुडियारी रोड, रायपुर में अल्ट्रा प्रीमियम रेसडेंसियल प्रोजेक्ट की लाचिंग 28 व 29 नवम्बर को करने जा रहे है। इस सम्बन्ध में अविनाश ग्रुप के प्रबंध संचालक आनंद सिंघानिया एवं डायरेक्टर मुकेश सिघांनिया ने बताया कि ''लाईफ स्टाईल टावर्स''को लांचिग के पहले ही ग्राहकों के द्वारा शानदार रिस्पांस मिल रहा है और ग्राहको ने बुकिंग भी कराई। ''लाईफ स्टाईल टावर्स'' छत्तीसगढ का टालेस्ट रेसिडेसियल प्रोजेक्ट है, जिसमें 3 व 4 बीएचके अल्ट्रा प्रीमियम अपार्टमेंट्स, पेन्टहाउसेस एवं कर्मशियल स्पेसेस (शॉप व आफिस) का लांच 28 व 29 नवम्बर को कि



जा रही है। यह प्रोजेक्ट 2.6 एकड में विस्तारित है जिसमें 179 अल्ट्रा प्रीमियम अपार्टमेन्टस है जिसमें आप शहर के मध्य रहते हुये आलिशान हाई-राईस लाईफ स्टाईल का अनुभव कर सकेंगे।

प्रोजेक्ट में अल्ट्रामॉर्डन एमिनिटिस जैसे कि शानदार रुफ टॉप स्विमिंगपूल, टेरेस गार्डनस,किड्सप्ले एरिया, स्टेट ऑफ द आर्ट जिम, स्टीमबाथ, कम्युनिटीहॉल, भव्य प्रवेश द्वार, एवं सेन्ट्रल इडिंया का सबसे बडे क्लब-क्लब पराइसो की वैकल्पिक मेम्बरशिप की सुविधा उपल्बध रहेगी।

आनंद सिघांनिया ने बताया की कोटा, रायपुर में इस रेसिडेंसियल प्रोजेक्ट को लाना अविनाश ग्रुप के लिए एक महत्वपूर्ण निणर्य है क्योंकि लाईफ स्टाईल टावर्स अपनी लोकेशन की वजह से विशेष है यहां रायपुर के सबसे पोश एवं प्रीमियम एरिया समता कालोनी, चौबे कालोनी के पास है जहॉं पर छत्तीसगढ़ के ज्यादातर बिजनेस फैमलीस निवासरत है। यहॉं से एम्स हास्पीटल, सुयश हास्पीटल, एन आईटी, युनिर्वसिटी, रेल्वेस्टेशन, बस स्टैण्ड, रिंगरोड से रायुपर-भिलाई की अच्छी कनेक्टविटी है।

## जिन्दल के महाप्रबंधक सुयश शुक्ला ने 2 सौ किमी का सफर साइकिल से तय करके फिटनेस का दिया संदेश

- शुक्ला ने टूर डे रायपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए औडेक्स क्लब पेरिशन द्वारा आयोजित साइकिल चालन में लिया हिस्सा

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

जिन्दल स्टील में महाप्रबंधक सुयश शुक्ला ने एक बार फिर अपनी फिटनेस से लोगों को आश्चर्य में डाल दिया है। उन्होंने फिटनेस के संदेश के साथ रायपुर - पिथौरा - रायपुर का करीब 2 सौ किमी का सफर साइकिल से सफलतापूर्वक तय किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन टूर डे रायपुर के तत्वावधान में औडेक्स क्लब पेरिशन द्वारा रविवार को किया गया था। सुयश शुक्ला टूर डे रायपुर के प्रतिनिधि के रूप में इसमें शामिल हुए। इस कार्यक्रम में कुल 57 प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन इसके लिए करवाया। श्री शुक्ला ने एक प्रतिभागी के रूप में इसमें हिस्सा लिया और अपने इस सफर में उन्होंने फिटनेस के प्रति लोगों को जागरुक करने का भी प्रयास किया। शुक्ला इससे पहले छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित रुद्री बैराज से जबर्रा दू पईडिल 56 किलोमीटर साइकिल चालन में भी भाग ले चुके हैं। अब की बार उन्होंने इसकी सीमा




2 सौ किमी तक बढ़ाई और सफलतापूर्वक इस दूरी को साइकिल से तय किया।

फिटनेस और साइक्लिंग के अपने शानदार अनुभव को छत्तीसगढ़आजडॉटकॉम के साथ साझा करते हुए सुयश शुक्ला ने बताया कि पहली बार उन्होंने इतनी दूरी साइकिल से तय की और उनका अनुभव बहुत शानदार रहा। यह सफर उन्होंने 11 घंटे 22 मिनट में तय किया। उन्होंने बताया कि शुरुआत में थोड़ी रुकावट साइकिल को लेकर आई , लेकिन फिर सब कुछ ठीक हो गया और उनका सफर एक बार फिर शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि इस सफर में गांव वालों , बच्चों, पुलिस कर्मियों और कुछ दुकानदारों से उनकी मुलाकात हुई और सभी ने उनकी टीम के इस हौसले को प्रोत्साहित किया। पिथौरा में एक ढाबा संचालक तो फिटनेस के प्रति उनके जुनून को देखते हुए इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने साथ में फोटो भी खिंचवाने का आग्रह कर डाला।

श्री शुक्ला ने बताया कि कोरोना काल में फिटनेस को बरकरार रखना बहुत जरूरी है। वे रोजाना करीब 15 किमी साइक्लिंग करते हैं। उनकी सुबह 4.30 से 5.00 बजे के बीच होती है और वे फिर अपनी साइकिल लेकर निकल पड़ते हैं। उन्होंने बताया कि वे अपनी रुटीन में हेल्दी डाइट के रूल को फालो करते हैं।

### कांग्रेस कार्डिनेशन कमेटी की बैठक में नामों को शार्टलिस्ट कर किया जायेगा फाइनल

## निगम–मंडलों की लिस्ट पर 28 नवंबर को लगेगी मुहर

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com

निगम-मंडल अध्यक्षों की लिस्ट 28 नवंबर को फाइनल हो सकती है। दरअसल 28 तारीख को कांग्रेस कार्डिनेशन कमेटी की बैठक होने जा रही है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्वों की इस कार्डिनेशन कमेटी में सरकार और सत्ता के कामों पर चर्चा तो होगी ही, निगम-मंडलों की लिस्ट पर भी मंथन किया जायेगा। दरअसल निगम मंडलों की इक्का-दुक्का लिस्ट तो जारी हुई हैज्लेकिन जिस जंबो लिस्ट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की निगाहें टिकी है, उसका इंतजार लगातार लंबा होता जा रहा है। इस बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अलावे प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया, सह प्रभारी चंदन यादव, पीसीसी चीफ मोहन मरकाम सहित शीर्ष मंत्री और सीनियर विधायक शामिल होंगें। पीएल पुनिया



बैठक में शामिल होने से लिए दो दिवसीय दौरे पर 28 नवंबर को रायपुर आ रहे हैं।

उधर मीडिया से बातचीत करते हुए पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने भी इस बात के संकेत दिये हैं कि 28 नवंबर को होने वाली बैठक में निगम-मंडल पर चर्चा की जायेगी। कांग्रेस इस साल के आखिर तक कोशिश करेगी कि निगम-मंडल में नियुक्तियां हो जाये। उन्होंने कहा है कि नामों की लिस्ट को बैठक में शार्टलिस्ट किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कार्डिनेशन कमेटी की बैठक 28 नवंबर को होने वाली है, इस बैठक में निगम मंडल में होने वाली नियुक्तियों पर चर्चा की जायेगी, वहीं संगठन में बचे पदों पर नियुक्तियों को लेकर भी चर्चा की जायेगी, हमारी कोशिश है कि दिसंबर तक सभी पदों पर नियुक्तियां कर ली जाये।

### निगम-मंडल की तीसरी सूची अब भी फाइनल नहीं, समन्वय समिति की बैठक में तय होंगे नाम

निगम-मंडल की तीसरी सूची को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक 28 नवंबर को होने वाली बैठक में निगम-मंडल की तीसरी सूची जारी करने नामों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, मंत्री डा. शिव डहरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे।

कांग्रेस सरकार के लगभग दो साल के कार्यकाल के बाद अब तक निगम-मंडल में नियुक्ति के संबंध में दो सूची जारी कर कई पदाधिकारियों और विधायकों को निगम-मंडल में स्थान दिया गया था। अब तीसरी सूची में कांग्रेस के उन कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का भी ध्यान रखा जाएगा, जिन्होंने मरवाही उपचुनाव में जीत दिलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

निगम-मंडल में नियुक्ति के लिए वरिष्ठ नेताओं से रायशुमारी के बाद जारी किए जाने की संभावना है। निगम-मंडल के साथ ही संगठन के विभिन्न पदों पर भी नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बैठक के बाद नए साल के पहले सूची जारी होने के संकेत पार्टी पदाधिकारियों ने दिए हैं। पुनिया 28 को आएंगे प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया 28 नवंबर को दोपहर 4.30 बजे रायपुर आएंगे। रायपुर आने के बाद शाम 6 बजे कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक में समिति के सदस्यों के साथ निगम-मंडल और संगठन में नई नियुक्ति यों पर विचार करेंगे। वे 29 नवंबर को शिवरीनारायण मंदिर दर्शन करने जाएंगे। वहां से शाम 5 बजे लौटने के बाद 7.30 बजे विमान से दिल्ली रवाना होंगे। नियुक्ति को लेकर सुगबुगाहट तेज इधर निगम-मंडल में नियुक्ति को लेकर कार्यकर्ताओं में सुगबुगाहट तेज हो गई है। दूसरी सूची आने के बाद लंबे वक्त से कांग्रेस कार्यकर्ता निगम-मंडल में जगह पाने के लिए इंतजार कर रहे हैं। मरवाही चुनाव के बाद वहां पर बनाए गए सेक्टर प्रभारियों में विधायक के साथ कई पूर्व विधायक, पूर्व सांसद और पार्टी पदाधिकारी भी शामिल थे।

## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने रोड शो का आयोजन कर मास्क बांटे

पायनियर संवाददाता ᐸ रायपुर
www.dailypioneer.com



सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने बैंक की रिटेल योजनाओं के प्रचार के लिए एक विशाल रोड शो का आयोजन कियाण् उबर टैक्सी के सह ब्रैंड वाली इस रैली में कोविड 19 से बचाव हेतु उचित तरीके से मास्क पहनने के महत्व पर भी बल दिया गया पल्लव महापात्रा, बैंक के एमडी एण्ड सीईओ और आलोक श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक ने रैली को झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर अन्य अधिकारियों के साथ.साथ मयंक शाह मुकुल दंडिगे, महाप्रबंधक, केन्द्रीय कार्यालय, ,एस आर खटीक, फील्ड महाप्रबंधक, मुंबई महानगर आंचलिक कार्यालय, एस उन्नीकृष्णन, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक, मुंबई और एस एच अयुबी, मुख्य विपणन अधिकारी की गरिमामय उपस्थिति रही, इस रैली ने चंदरमुखी भवन से आरंभ होकर विले पार्ले तक 25 किलोमीटर की दूरी तय की रैली के दौरान नागरिकों को 5000 मास्क बांटे गये, बैंक के इस प्रयास की सभी व्यक्तियों ने बहुत सराहना की। पल्लव महापात्रा, बैंक के एमडी एण्ड सीईओ और आलोक श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक, रैली को झंडी दिखाते हुएए साथ में हैं एस आर खटीक, फील्ड महाप्रबंधक, मुंबई महानगर आंचलिक कार्यालय, मयंक शाह, मुकुल दंडिगे,महाप्रबंधक, केन्द्रीय कार्यालय उपस्थित थे।

# सूखा राशन वितरण में हुई गड़बड़ी की जांच आरंभ, उपाध्याय ने की शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com

केशकाल बडे राजपुर ब्लाक में सूखा राशन वितरण में हुई गड़बड़ी की जांच के लिए केशकाल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नेतृत्व में कलेक्टर द्वारा गठित जांच टीम 18नवंबर को केशकाल संकुल केंद्र में पंहुचकर जांच आरंभ किया।

उल्लेखनीय है कि केशकाल के सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार कृष्णदत्त उपाध्याय द्वारा 16नवंबर को सूखा राशन वितरंण में धांधली करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के विषय में कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को दिये गये लिखीत शिकायत पत्र पर कलेक्टर के द्वारा तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया गया था। इस बीच राज्यसभा सांसद फूलों देवी नेताम के द्वारा गुणवत्ता विहिन सूखा राशन वितरंण करके बच्चो के जीवन से खिलवाड़ करने की शिकायत को गंभीरता से लेकर उच्चाधिकारियों से इसकी जांच कर व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने का निर्देश दिया जिससे हड़कंप मच गया। केशकाल के जनपद अध्यक्ष महेंद्र नेताम भी जनपद उपाध्यक्ष गिरधारी सिन्हा जनपद सदस्य सतीश नाग के सांथ संकुल केंद्रों में पहुंचकर खाद्यान्न का अवलोकन करने के बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर सीधे कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा से मिलकर लिखीत शिकायत पत्र प्रदान करते हुये वितरीत किए जा रहे स्तरहिन अमानक खाद्यान्न के वितरंण और उसके भुगतान पर रोक लगाते हुए जांच कराकर सख्य कार्रवाई करने का निवेदन किया था।जिस पर कलेक्टर ने यह जानकारी दिया था की जांच दल गठित किया जा चुका है जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।सूखा राशन को लेकर आने वाली शिकायतों एवं बढ़ते रोष आक्रोश को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी मामले को



बहुत गंभीरता से लिया और निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई करने पहल प्रारंभ किया। 18नवंबर को अनुविभागीय अधिकारी दीनदयाल मंडावी जिला खाद्य अधिकारी डोमेंद्र कुमार ध्रुव एवं सहायक खंण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार दूबे केशकाल संकुल के केशकाल जनपद स्कूल में रखे गये खाद्यान्न का अवलोकन किया।

जांच दल के अधिकारियों ने वितरंण हेतु दिये गये दाल तेल नमक आचार एवं सोया बडी को देखकर हैरतभरी निगाहों से देखते रह गये और उनके मुंह से बरबस यह निकल गया कि ये दाल - ये आचार है। उच्च गुणवत्ता की सामग्री प्रदान करने के नाम पर ऐसी कंपनियों का उत्पाद दिया गया दिखा जिन कंपनियों का नाम कभी लोगों को सामान्यतः देखने सूनने को अभी तक नहीं मिलता। नमक में ताज़ा नमक खाने के तेल में नवरत्न तेल आचार में पचरंगा आचार और दाल के नाम पर टूटे फूटे छोटे छोटे दाल को देखकर सभी आश्चर्य जाहिर करते रहे।जांच दल ने सभी खाद्यान्न सामग्री का नमूला लेते हुए उसे सीलबंद कराया जिसके सांथ में संकुल समन्वयक का कथन बयान भी दर्ज किया गया। इस पूरे मामले को इलेक्ट्रानिक मीडिया में उठाते हुए लिखीत शिकायत करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार कृष्णदत्त उपाध्याय एवं अन्य पत्रकारगंण भी उपस्थित रहे। जांच दल से यह मांग किया गया कि जब तक खाद्यान्न के गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट नहीं आ जाता तब तक केशकाल बड़े राजपुर के ब्लाक में खाद्यान्न वितरंण का काम रोक दिया जावे और ठेकेदार को भी मेकाफ से भुगतान न हो पाये इसके लिए कदम उठाया जावे। जिस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री मंडावी ने सभी को आश्वस्त किया कि दोनों ब्लाक में फिलहाल खाद्यान्न वितरण नहीं किया जायेगा जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यथोचित कार्यवाही किया जायेगा।जांच दल के समक्ष यह बात पुरजोर तरीके से उठाया गया कि सूखा राशन वितरंण व्यवस्था लागू कराकर उनके खाद्यान्न आपूर्ति का ठेका देने से लेकर सामग्री सप्लाई एवं उसका बिल भुगतान कराने में संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों ने जरूरत से ज्यादा दिलचस्पी लेकर बंदरबांट में भागीदार बनें है जिनके खिलाफ भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई होना चाहिए।

# कलेक्टर ने किया छिंदगढ़ विकासखंड किया निरीक्षण

## रामपुरम एवं पाकेला गोठान का किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विनीत नंदनवार ने गत दिवस छिंदगढ़ विकासखंड का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चिपुरपाल में नरवा कार्य का अवलोकन करते हुए चेक डेम का निरीक्षण किया एवं चेक डेम के समीप खेती करने वाले किसानों को चिन्हांकित कर रबी फसल लेने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश उपसंचालक कृषि पी आर बघेल को दिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सुकमा नूतन कुमार कंवर, उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग डॉ एस जहीरूद्दीन, उपसंचालक कृषि विभाग पी आर बघेल, मुख्य कार्यपाल अधिकारी जनपद पंचायत सुकमा एवं छिंदगढ़ तथा अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा छिंदगढ़ उपस्थित थे।



**रामपुरम एवं पाकेला गोठान का किया निरीक्षण :** कलेक्टर ने गोठान में 8 से 10 फीट के नेपियर घास के उत्पादन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुये उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग डॉ एस जहीरूद्दीन को बधाई दी। इसके साथ ही अन्य गोठानों में चारागाह विकास के लिये रामपुरम गोठान की भांति अन्य गोठानों में चारागाह बाड़ी बनाने के निर्देश दिए। गोठानों में निर्मित गाय शेड, नाडेप टैंक एवं वर्मी कम्पोस्ट खाद निर्माण हेतु बनाए गए वर्मी टांका का अवलोकन कर गुणवत्तापूर्ण कम्पोस्ट खाद तैयार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सुकमा एवं छिंदगढ़ तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन टीम को स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित इंटर लोकिंग टाईल्स यूनिट उत्पादन में वृद्धि किये जाने, गौठान में निर्मित मुर्गी शेड के नीचे मछली पालन किये जाने हेतु निर्मित डबरी के गहरीकरण एवं उसका उपचार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन टीम के संयुक्त संचालन से गौठानों में तार फेन्सिंग मे लता वाले सब्जियां एवं गोठानो में रिक्त जगहों में विभिन्न प्रकार के साग-सब्जी लगाकर ग्रामीणों के आय में वृद्धि करने तथा गोठानों में पौधारोपण किये जाने हेतु निर्देश दिए।

# खोखली बयानबाजी करते है, बस्तर सांसद दीपक बैज : बालसिंह बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पूर्व सांसद प्रतिनिधि व वर्तमान जिला पंचायत सदस्य ने हाल ही में सांसद दीपक बैज का जो बयान बीजेपी सांसदों के लिए दिया गया है, उस पर कटाक्ष करते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी की है कि, बस्तर सांसद दीपक बैज द्वारा दिया गया पूर्णत् खोखली बयानबाजी है । पूरा प्रदेश देख रहा है कि कौन सैर - सपाट और पिकनिक मना रहा है । सांसद दीपक बैज बस्तर की आवाज को संसद में उठाना ही नहीं जानते तभी अब तक कोई भी कार्य धरातल पर नजर नहीं आ रहा है। बैज जी की याददास्त कुछ जादा ही कम है ऐसा लगता है तभी तो वह यह भूल गये की बस्तर में रेललाईन सुविधा की मांग कौन किया और वन अधिकार पट्टा जो आज वह बाट रहे है वह कौन केन्द्र सरकार से जारी करवाया है। स्व बलिराम कश्यप



और उनके सुपत्र पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने संसद पर अपनी यह मांग रखी और मांग को पूरा कर धरातल पर लाने का कार्य किया।

आज भानुप्रतापपुर तक रेल्वे लाईन विस्तार का कार्यपूर्ण हो गया है, जनता उसका लाभ उठा रही है। वही दूसरी ओर जगदलपुर से रेल सेवा का विस्तार कर जगन्नाथपुरी, दुर्ग और विशाखापटनम तक रेल की आवाजाही शुरू है। पूर्व सांसद स्व.बलिराम कश्यप ने संसद से सड़क तक वनवासियों के लिए संघर्ष किया और अपने वनवासियों का वन अधिकार पट्टा दिलाया। जगदलपुर का एयरपोर्ट जो आज चालु है बस्तर की जनता रायपुर और हैदराबाद जा रही है वह भी बीजेपी के सांसदो की ही देन है । दीपक बैज की याददाश्त कुछ कम जोर है ऐसा मुझे लगता है तभी तो वह भुल गये की बस्तर में कोसाराटेडा बांध भी है, जो केन्द्र सरकार से ही स्वीकृत हुआ और आज बन कर तैयार है यह भी बीजेपी सांसदों की देने है । जब भी बस्तर की जनता ने बीजेपी के सांसद चुनकर संसद में बिठाया तब तब कुछ न कुछ बड़ा काम केन्द्र सरकार से स्वीकृत कर धरातल पर दिखा है ।

दीपक बैज जी कुछ ज्यादा ही बोल गये उन्हें याद ही होगा, कि बोधघाट विद्युत परियोजना जो कांग्रेस की देन है उसका क्या हाल है । उनके बयान से लगता है कि उनका ईशारा अपने पूर्व कांग्रेसी साथियों के लिए होगा जो 40 से 50 साल तक संसद में मौन बैठे रहे । बीजेपी के सांसदों ने बस्तर का प्रतिनिधित्व संसद में जोर - शोर से किया और जब भी समय आया वह जनता के बीच मिले ।

# संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने किया 950.99 लाख के 57.18 किलोमीटर सड़क का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने आज जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 57.18 किलोमीटर सड़क के निर्माण एवं नवीकरणीय के 950.99 लाख रुपए के सड़कों का भूमिपूजन किया जिसके अन्तर्गत शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के 19 सड़कों के डामर नवीनीकरण कार्य एवं संधारण 54.98 किलोमीटर एवं लागत 443.54 लाख एवं एन एच 30 से रेलवे पारा आड़ावाल तक कुल 2.20 सड़क का निर्माण कार्य लागत 207.75 लाख का भूमिपूजन किया इसके अलावा बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर में 100 सीटर बालक छात्रावास भवन निर्माण का कार्य आरंभ करवाया इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक



जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा कि सड़कें विकास की जीवन रेखा होती हैं जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र की 19 सड़कों के नवीनीकरण एवं आड़ावाल के इस 2.2 किलोमीटर सड़क के निर्माण से निश्चित ही लोगों को होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी तथा लोकनिर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के निर्माण तथा नवीनीकरण हेतु मैं जगदलपुर के लोगों की ओर से उनका आभार व्यक्त करता हूं दो साल के कार्यकाल में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में अनेकों विकास कार्यों की सौगात मिल चुकी है और अभी हमें विकास के इन कार्यों को निरंतरता बनाए रखना है प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के गढबो नवा छत्तीसगढ़ के प्रेरणा से गढबो नवा जगदलपुर का सपना साकार हो रहा है। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ महापौर सफीरा साहू नगर निगम सभापति कविता साहू वरिष्ठ पार्षद एवं एम आई सी सदस्य यशवर्धन राव शहर जिला महामंत्री अनवर खान पार्षद बलराम यादव , सुनीता सिंह, दयाराम कश्यप, विधि विभाग जिलाध्यक्ष अवधेश झा, अमरनाथ सिंह, विजय सिंह, कुलदीप भदौरिया व अन्य उपस्थित थे।

अरुण गुप्ता,ब्लाक अध्यक्ष विरेन्द्र साहनी, जनपद सदस्य ज्योति नायडू, सरपंच आड़ावाल जयंती कश्यप,उप सरपंच अमित दास , वरिष्ठ कांग्रेसी वेंकट राव, मोहन राव,प्रकाश नायडू, किशोर चावड़ा ,पी पी नायडू, विकास राव सायरा खान विश्वविद्यालय के कुलपति कुलसचिव सहित लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के संबंध में बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दंतेवाड़ा दीपक सोनी के निर्देशानुसार दंतेवाड़ा जिले के अधिक से अधिक छात्र छात्राओं को जवाहर नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा में सम्मिलित कराया जाना है।

इस हेतु जिले के समस्त सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारियों को जिम्मेदारी देते हुए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, उक्त सबंध में 24.नवं को समय प्रातः11.00 बजे जिला परियोजना कार्यालय राजीव गांधी शिक्षा मिशन दंतेवाड़ा में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कर्मा के अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमें जिले के समस्त सहायक



खण्ड शिक्षा ,अधिकारी एवं नोडल अधिकारी ,खण्ड स्त्रोत समन्वयक गीदम, जवाहर नवोदय विद्यालय बारसुर केके शिक्षक, नन्हे परिंदे पातररास की अधीक्षिका शिक्षक एवं जिला परियोजना कार्यालय के जिला मिशन समन्वयक एसएल .सोरी ,सहायक परियोजना समन्वयक राजेंद्र पांडे उपस्थित रहे।बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कर्मा द्वारा जिले के समस्त सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारियों को सैनिक स्कूल एवं जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा अधिक से अधिक छात्र छात्राओं को सम्मलित कराने का लक्ष्य दिया गया एवं अवगत कराया गया कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि15 दिसम्बर2020एवं सैनिक स्कूल प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि 3दिसम्बर निर्धारित है।उक्त बैठक में प?ना लिखना अभियान के तहत सभी जनपद/विकासखण्ड में सर्वे हेतु दल का गठन करने निर्देशित किया गया।वर्ष 2011 के जनगणना के अनुसार आशाक्षरो की संख्या की जानकारी तत्काल भेजे जाने हेतु कहा गया।पारा मोहल्ला कक्षाओं को नियमित संचालित करने एवं विकासखण्ड एवं संकुल स्तर के अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग करने निर्देशित किया गया है।

# अब ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी होंगे 'युवोदय' कार्यक्रम में शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य और पर्यटन, खेल, आजीविका, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल मीडिया तथा अन्य क्षेत्रों में रूची रखने वाले लोगों को जोड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए संचालित किए जा रहे कार्यक्रम 'युवोदय' से अब ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी जोड़ा जाएगा। इसके लिए जिले में 26 नवम्बर से 02 दिसम्बर तक सभी ग्राम पंचायतों मे विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य और पर्यटन, खेल, आजीविका, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल मीडिया तथा अन्य क्षेत्रों में रूची रखने वाले लोगों को जोड़कर उन्हें प्रशिक्षित करना तथा इन क्षेत्रों में कार्य करके बस्तर को विकास के पथ पर अग्रसर करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई 'युवोदय' कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ग्राम सभा में चर्चा कर लोगों को जानकारी दी जाएगी।

इसके साथ ही ग्राम सभा में राजस्व अभिलेख के अभाव में जाति प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्या एवं जिले के मूल निवासियों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने के संबंध में चर्चा तथा वन अधिकार मान्यता कानून 2006 के अन्तर्गत ग्रामों को सामुदायिक वन संसाधनों पर अधिकार के लिए मान्यता प्रदान करने के संबंध में चर्चा की जाएगी। व्यक्तिगत वन अधिकार मान्यता प्रमाण पत्र हेतु पूर्व में निरस्त दावों का पुनरीक्षण के संबंध में बस्तर जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं इसके माध्यम से आजीविका संवर्धन, कोरोना महामारी के रोकथाम एवं बचाव हेतु जागरूकता, बाढ़ती पंचायत (शिक्षा, स्वास्थय एवं सुपोषण) सहित अन्य विषयों पा चर्चा की जाएगी।

## ट्रक के नीचे दबकर दुपहिया सवार की मौत

**सुकमा।** जिले के कोण्टा में एक सड़क हादसा हुआ जिसमें दुपहिया सवार की मौके पर मौत हो गई एक बुरी तरह घायल हो गया जिसका कोण्टा में उपचार किया जा रहा है। दोनो दूसरे प्रदेश के बताए जा रहे है और शिनाख्त भी नही हो पाई है। जानकारी के मुताबिक करीब 3.30 बजे दुपहिया पर सवार होकर दो युवक कोण्टा से जा रहे थे। तभी कोण्टा नगर के समीप धर्म कांटा के पास दुपहिया सवार ने डिवाइडर से मोटरसाइकिल घुमाई उस वक्त हैंडल में झोला फंस गया और बाइक नीचे गिर गई। उतने में विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने दुपहिया सवार को कुचल दिया। जिसमे एक कि मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जिसका कोण्टा में उपचार चल रहा है। दोनो की शिनाख्त नही हो पाई है। साथ ही ट्रक चालक ने वाहन को नाका के पास रोक कर थाने में सरेंडर कर दिया।

## कलेक्टर व एसपी पहुंचे गांव, दोनों पक्षों से की बातचीत

# देर रात तक डीजे और पार्टी को लेकर दो गुटों में झड़प, 4 घायल

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

जिले के चिंगावरम गांव में देर रात को डीजे व पार्टी करने को लेकर दो गुटों में झपड़ हो गई जिसमे 4 लोगो को चोटे आई है जिनका गादीरास अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। इधर सुबह ही पुलिस मौके पर पहुँची और मामला शांत कर दिया। साथ ही कलेक्टर विनित नंदनवार व एसपी के एल ध्रुव भी गादीरास पहुँचे जहां घायलों से मुलाकात की और गांव पहुँच कर दोनो पक्षो व गांव प्रमुखों से चर्चा कर मामला शांत कर दिया गया।

जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी दूर चिंगावरम गांव जहां देर रात करीब 1 बजे दो गुटों में झड़प हो गई। काफी देर तक दोनो पक्षो में मारपीट हुई जिसमें 4 लोगो को चोट लगी और उनको गादीरास अस्पताल लाया गया।



सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और मामला शांत किया गया। वही 4 घायलों को जिला अस्पताल लाया गया।

**समझाने गए तो कर दी धक्कामुक्की - ग्रामीण :** वही ग्रामीण सोमड़ा पटेल व ललित सोढ़ी ने बताया कि देर रात तक ईसाई समाज के लोग डीजे बजा रहे थे। जिनको समझाने के लिए गांव के लोग गए थे। लेकिन उन लोगो ने गांव प्रमुख के साथ धक्का मुक्की कर दी। जिसके बाद दोनों पक्षो की और से मारपीट हुई।

**हमारे साथ कि गई मारपीट- करटामी जोगा :** घायल करटामी जोगा ने बताया कि हमारे ईसाई समाज के यहाँ जन्म उत्सव कार्यक्रम का आयोजन था। जिसमे डीजे लगाया गया था। रात में अचानक 15 से 20 लोग आए और मारपीट की। जिसमे 4 को काफी चोट लगी और कुछ लोग घायल हुए।

**देर रात तक डीजे व गाय मास को लेकर हुआ विवाद - वेको हूंगा :** वही आदिवासी समाज प्रमुख वेको हूंगा ने बताया कि गांव में ईसाई समाज के यहाँ किसी कार्यक्रम में बाहर से लोग आए हुए थे। उसके बाद वहां गाय काटा गया और डीजे बजाया गया। समझाने गए गांव वालों के साथ विवाद बढ़ गया फिर मारपीट हो गई।

### कलेक्टर व एसपी पहुंचे गांव

जानकारी मिलते ही कलेक्टर विनित नंदनवार व एसपी के एल ध्रुव गादीरास पहुँचे जहां घायलों से चर्चा की और उनका बेहतर इलाज करने की बात कही। उसके बाद दोनों अधिकारी चिंगावरम पहुँचे जहां घटना स्थल पर जाकर मौके का मुआयना किया। साथ ही गांव प्रमुखों के साथ बैठक कर मामले को समझा और शांत किया। वही कलेक्टर विनित नंदनवार ने कहा की जन्मदिन के कार्य म में दो परिवारों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हुई है। जिसमे 4 लोग घायल हुए है उनको अस्पताल लाया गया जहां बेहतर इलाज किया जा रहा है। गांव का माहौल शांत है और स्थिति पुरी तरह नियंत्रण में है। और जो सोशल मीडिया में अफवाह फैलाई जा रही है वो गलत है यहाँ प्रशासन पूरी तरह मुस्तेद है।

# मणि कंचन केंद्र में किया गया गौ कास्ट मशीन का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांशी गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गो काष्ठ मशीन का गोबर की लकड़िया बनाने हेतु मशीन का शुभारंभ किया गया पर्यावरण को बचाव हेतु उपयोग एवं दाहसंस्कार में उपयोग किया जायेगा बनाये गये लकड़ियां का विक्रय बाजार में किया जावेगा क्रय हेतू नगरपालिक की मकनिकंचन केन्द्र गांधीनगर किरंदुल में हमेशा उपलब्ध रहेगा आम नागरिक पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टी से उपयोग किया जायेगा इस द्वारान नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय मुखिया नगर पालिका अधिकारी हूँगा राम गोंदे राजेन्द्र मृणाल राय, तपन दस, अमृत टण्डन, इला पटेल, डीएस साहू,गौरि शंकर तिवारी मौजूद रहे।

# राजिम मेला स्थल के लिए 54 एकड़ स्थल का चिन्हांकन

## कलेक्टर ने किया चिन्हित स्थल का मुआयना

■ अधोसंरचना विकास में आएगी तेजी

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



त्रिवेणी संगम राजिम में प्रतिवर्ष माघी पुन्नी के अवसर पर लगने वाले राजिम माघी पुन्नी मेला के आयोजन के लिए स्थाई रूप से जमीन का चिन्हांकन और उसमें आवश्यक अधोसंरचना विकास की प्रक्रिया तेज हो गई है। कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने आज अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जीडी वाहिले और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ चौबेबांधा रोड पर चिन्ह अंकित 54 एकड़ जमीन का मुआयना किया।

कलेक्टर ने इन स्थलों का जायजा करते हुए कहा की इस क्षेत्र में अधोसंरचना विकास के लिए निश्चित कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने संतो के निवास, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, मीना बाजार, नागा अखाड़ा, मुख्य मंच ,शौचालय ,आवास, कौशल्या माता मंदिर सहित अनेक आवश्यक अधोसंरचना निर्माण के लिए अधिकारियों से चर्चा की । कलेक्टर ने कहा की आवश्यकता पड़ने पर इन स्थलों पर निजी जमीनों का भू-अर्जन कर बदले में जमीन दी जाएगी।

उन्होंने पटवारी को आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मौजूद धरसा का सीमांकन करने के लिए राजस्व विभाग को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थल क्षेत्र में चौड़े रोड और अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएगी। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को डीपीआर बनाने के निर्देश दिए हैं।

इस मौके पर राजिम रेस्ट हाउस में विधायक अमितेश शुक्ल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्य प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने राजिम मेला के लिए चिन्हित जमीन और उसमें अधोसंरचना विकास के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में शुक्ल ने कहा की सभी प्रस्तावित और स्वीकृत कार्य समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या आने पर उन्हें अवगत कराएं।

शुक्ला ने सड़क ,पुलिया और स्कूल निर्माण को अविलंब पूर्ण करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि कार्यों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।इस मौके पर कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जीडी वाहिले, तहसीलदार ओपी वर्मा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एमआर जाटव एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# अतरमरा में हुई मौत की गुत्थी सुलझी, जंगल में मिली थी लाश

## तालाब में मछली मारने जाने के प्रयास में करेंट के चपेट में आ जाने से हुई थी मौत



पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

पाण्डुका थाना क्षेत्र के ग्राम अतरमरा में उमेश निषाद की गुमशुदगी की रिपोर्ट उनके पिता मनोहर निषाद द्वारा कि गयी थी । जिस पर से गुम इंसान क्र . 15/2020 दर्ज कर संभावित जगहो में तलाश करने पर नही मिलने से 09 नवम्बर 2020 को अतरमरा के जंगल में एक लाश मिलने की सुचना पर उक्त गुमशुदा के रूप में पहचान हुई थी शव का पीएम कराया गया गरियाबंद पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बसंत बघेल थाना पाण्डुका की टीम ने बारिकी से अनुसंधान हेतु निर्देशन प्राप्त कर गवाहों से पुछताछ मौका मुआयना एवं पीएम रिपोर्ट से उमेश निषाद की मौत विद्युत करेंट से होने पर विवेचना में संलग्न हुआ । गवाहों के कथन से संदेहियों बसंत ध्रुव निवासी अतरमारा ने अपने खेत के मोटर पंप में विद्युत कनेक्शन प्राधिकृत था अलावा इसके अतिरिक्त प्रयोजन खेत के मेढ एवं खेत से लगे तालाब के मेढ में चारो तरफ विद्युत तार लगाकर बिजली करेंट प्रवाहित हमेशा की तरह रात में करता रहा है । जिससे तलाब के अंदर कोई मछली मारने का प्रयास ना कर सके इस धेय से मानव जीवन एवं पशुओं के जीवन को हानी पहुंचाने की नियत रही है । घटना दिनांक को उमेंश निषाद उक्त तालाब में मछली मारने जाने के प्रयास में करेंट के चपेट में आ जाने से मौत हो गया । खेत एवं तालाब मालिक बसंत ध्रुव को ज्ञात होने पर रात में ही अपने अन्य सहयोगियों ललित राम सौंरा हेमराज ध्रुव चन्द्रशेखर सौंरा सभी निवासी ग्राम कुम्हरमरा थाना पाण्डुका जिला गरियाबंद के साथ घटना स्थल से लगभग अतरमरा जंगल में उमेश निषाद की शव को छुपा दिया था । आरोपियों से बिजली तार लकड़ी का चैली जिससे शव को ले जाया गया था । आरोपियों से जप्त किया गया है । प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ थाना पाण्डुका में 121/2020 धारा 304,201,34 भादवि एवं 135 विद्युत अधिनियम 2003 के तहत गिरफ्तार किया गया ।

# 4 दिसम्बर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा, कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जनसंख्या वृद्धि को रोकने तथा परिवार नियोजन के प्रति लोगों में जागरूकता लाने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 21 नवंबर से 04 दिसम्बर 2020 तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने कलेक्ट्रेट परिसर से स्वास्थ्य विभाग के प्रचार-प्रसार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरत्न, सिविल सर्जन डॉ. जीएल टंडन, जिला नोडल अधिकारी (परिवार कल्याण) डॉ. एमएस ठाकुर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रीनालक्ष्मी, आरएमएनसीएच सलाहकार डॉ. योगेन्द्र सिंह रघुवंशी एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान हाट बाजार स्थल पर मोर मितान मोर संगवारी चौपाल का आयोजन, सूचना, शिक्षा एवं संचार आदि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का प्रचार-प्रसार किया जायेगा, साथ ही जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में परिवार कल्याण संबंधी परामर्श, उपचार के साथ-साथ पुरूष नसबंदी सर्जन द्वारा नसबंदी की सेवाएं प्रदाय की जा रही है।

## कोरोना के 74 नये मरीजों की पहचान

**बलौदाबाजार।** कोविड के 74 नए मामले सामने आए हैं। इसे मिलाकर जिले में अब तक 6755 लोग कोरोना से सं मित हो चुके हैं। 26 मरीज ठीक होकर अपने घर लौट गए। अब तक 6077 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। सीएमएचओ ने बताया कि दो मरीजों की मौत आज रिकार्ड की गई है। दोनों पुरुष मरीज हैं। दोनों की मौत बलौदाबाजार के जिला कोविड हॉस्पिटल में हुई है। इनमें एक 70 वर्षीय मरी? पलारी विकासखण्ड के गांव से और दूसरा 61 वर्षीय मरी? कसडोल विकासखण्ड से है। दोनों अन्य जटिल बीमारियों से भी ग्रस्त थे। मौतों की संख्या जिले में अब 107 पहुंच गई है। कोरोना के 1889 नमूनों की आज जांच की गई है। आज मिले 74 पॉजिटिव प्रकरणों में बलौदाबाजार एवं सिमगा से 11-11, भाटापारा से 10, बिलाईगढ़ से 20, कसडोल से 13 एवं पलारी से 9 प्रकरण शामिल हैं।

# नगर का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता : गुनीराम साहू

■ पी.जी (पीडब्लूडी) की माध्यम से रोड का हुई मरम्मत

पायनियर संवाददाता ∢ कसडोल
www.dailypioneer.com



लगभग 20 वर्षो से नगर कसडोल के जनताओं द्वारा आने जाने में हो रही परेशानी आज समस्याओं का समाधान होते नजर आई ये स्थान वार्ड 09 एवं वार्ड 08 को जोड़ने वाली एवं नगर का हृदय स्थल कहे जाने वाली बॉलार चौक है । जहाँ से प्रति दिन हजारों की संख्या में लोगो का आवाजाही की जाती है । बता दे कि ये रोड कसडोल होते हुये पिथौरा मुख्य मार्ग एनएच (राष्ट्रीय राज्य मार्ग ) को जोड़ती है । यहाँ से उड़ीसा, कोलकाता,एवं महाराष्ट को जोड़ती है । ये महत्व पूर्ण कहे जाने वाली रोड है । कसडोल नगर पंचायत के बलार चौक में सड़क इतना जर्जर हो चुका था जहां से निकलना मुश्किल हो रहा था । सड़क के दोनों तरफ नाली था और दोनों के बीच सड़क के अंदर जर्जर पुल था जिसके क्षति ग्रस्त के बाद हर मौसम में आने जाने वालों सहित वार्ड वासियो के लिए मुशीबत बन गया था जिसे नगर पंचायत चुनाव से पहले गुनीराम साहू ने वार्डवासियों को लेकर पीडब्लूडी कार्यालय कसडोल में लगातार तीन बार आवेदन प्रेषित करने पर एवं लगातार अधिकारियों को बोलने पर तात्कालिक एसडीओ एवं वर्तमान में पदस्थ ई ई बलौदाबाजार द्वारा उक्त कार्य गंभीरता से लेते हुये टेंडर जारी कर पुल निर्माण एवं मरम्त करवाने में सहयोग प्रदान किया था । और अभी वार्ड 09(दीनदयाल उपाध्याय वार्ड ) वार्डवासियो ने सौगात स्वरूप चुनाव में अपना मतदान देकर उन्हें भारी बहुमत से विजय बनाते अपना प्रतिनिधि बनाया जिसके बाद से ही गुनीराम साहू वार्ड के साथ साथ पूरे कसडोल क्षेत्र में रुके और अधूरे कार्य मे गति ला रहे है। कभी पानी तो कभी नाली और वर्तमान में नए पुल निर्माण के बाद पीडब्लूडी के माध्यम से पीजी कार्य के अंतर्गत मुख्य सड़क से वार्ड के रोड को मरम्त करा रहे जिससे वार्ड वासियो ने काफी खुशी जाहिर किया कसडोल नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 09 के पार्षद गुनीराम साहू इन दिनों नगर के हर लोगो के जुबान में तारीफ बटोर रहे है, गुनीराम साहू शुरू से ही जनहितों के काम मे आगे आते रहे है ।उनकी सक्रियता से कसडोल नगर के जनता काफी खुश है आपको बता दे गुनीराम साहू की सक्रियता का फल कसडोल जनता कुछ इस तरह दे रहे कि सबसे पहले भाजपा के युवा नेता बने फिर पार्षद बनाए आपको बता दे गुनीराम साहू वर्तमान में कसडोल नगर पंचायत के पार्षद के साथ कसडोल नगर साहू संघ के अध्यक्ष बनाए गए ।

# दिल्ली में शौर्य दिवस पर सम्मानित हुए संतोष यदु

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार भाटापारा शिवसेना जिलाध्यक्ष व अभा यदुवंशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु अपने समर्थको के साथ दिल्ली में होने वाले राष्टीय यादव शैर्य दिवस में शामिल होने बलौदाबाजार से हजारो किलोमीटर सड़क मार्ग से सफर कर दिल्ली पहुंचे। जहाँ यादव शौर्य दिवस के कार्यक्रम में पद्मश्री फुलबासन यादव के मुख्यअतिथ्य व प्रदेश अध्यक्ष विदेन्द्र यादव की अध्यक्षता में पह्लरे देशभर से आये हुए यादव समाज के वीर अहिरों का सम्मान किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश से यादव समाज ही नहीं अपितु अन्य समाज के लोगों की सेवा करने पर भारत देश के यादव समाज के सर्वोच्य सम्मान यादव भारत रत्न से सम्मानित कर मोमेंटो व प्रशस्त्री पत्र भेंट किया गया।



जहाँ छत्तीसगढ़ सर्व यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु भी सम्मानित हुए एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के यादव समाज का आवाज बुलंद करते हुए कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु, पद्मश्री फुलबासन यादव, रमेश यदु एवं राष्टीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव, राष्टीय महासचिव रासबिहारी यादव एवं राष्ट्रीय व अन्य प्रदेशो से आये हुए पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में 1962 के चिन के रेजांगला के युद्ध में दुश्मनो के दाँत खट्टे करने वाले वीर सैनिको के साथ 113 शहीद वीर अहिरों का सम्मान किया गया और उनके नाम पर सेना में अहिर रेजींमेंट का माँग के लिए पुरे देश में आवाज बुलंद करने शंकल्प लिया गया। दिल्ली के कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ से पद्म श्री फुलबासन यादव, सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, अभा यदुवंशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु के साथ उनके सहयोगी के रूप में शिवसेना जिला महासचिव मनहरन साहु, जिला सचिव मुकेश साहु, उपाध्यक्ष शिवचंद निर्मलकर, राजा यदु, करन एवं उनके समर्थक शामिल हुए।

# सांसद सोनी तथा विधायक शिवरतन ने किया सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com



गांधी मंदिर वार्ड में लोकोत्सव मैदान के पीछे सांसद निधि से बनने वाली सामुदायिक भवन का भूमि पूजन में क्षेत्रीय सांसद सुनील सोनी व विधायक शिवरतन शर्मा के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सांसद सुनील सोनी ने कहा कि मोदी जी की केन्द्र सरकार लगातार प्रदेश में विकास कार्य कराना चाहती है मगर सत्ता के मद में चूर प्रदेश की भूपेश सरकार केन्द्र की योजनाओं की अनदेखी कर जनता के हितों को मार रही है। हम केन्द्र से करोडों रुपये विकास कार्य के लिए लाते हैं मगर प्रदेश सरकार के निकम्मे पन के कारण रुपया वापस हो जाता है और जनता योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो जाती है। मोदी जी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2025 तक सभी कच्चे मकानों को पक्का करने का लक्ष्य निर्धारित किया है लेकिन प्रदेश में भूपेश सरकार अपना हिस्सा नही दे रही है जिससे कच्चे मकान में रहने वाले गरीब जनता केन्द्र के योजना के लाभ से वंचित हो रहा हैं। विधायक शिवरतन शर्मा ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी ने हाथ में गंगाजल लेकर कसम खाई थी कि हमारी सरकार बनते ही प्रदेश में शराब बंदी करेंगे मगर अपने वादे के विपरीत भूपेश सरकार घर घर आनलाइन शराब बंटवाने का काम कर रही जिस कार्य में प्रदेश के पढ़े लिखे युवाओं को लगा उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। भूपेश सरकार चुनाव के समय किये गये अपने एक भी वादे को पूरा नही कर रही है यह सीधे साधे जनता के साथ धोखा है। जनता ने विश्वास कर कांग्रेस को प्रदेश की बागडोर सौंपी थी मगर सरकार बनते ही कांग्रेस पार्टी अपने वादों को भूल गई और भ्रस्टाचार में डूब गई है।

# पूजा शिक्षा सार्थी से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



गरियाबंद ब्लाक मुख्यालय से 4 किमी दूर ग्राम छिंदौला की कॉलेज छात्रा पूजा घृतलहरे पढ़ई तुंहर दुवार योजना अंतर्गत अपने घर में ही गाँव के शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों को मोहल्ला क्लास लगाकर प्रतिदिन तीन अलग-अलग बैच में पढ़ाती हैं। छग शिक्षा विभाग द्वारा अपने वेबसाइट में हमारे नायक मोहल्ला क्लास संचालित करने वाली शिक्षा सारथी के रूप में पूजा घृतलहरे को प्रमाण पत्र देकर शिक्षा विभाग ने गौरवान्वित किया। पूजा बताती हैं कि वे पंडित रविशंकर शुक्ला महाविधालय गरियाबन्द में द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक प्रतिभा सकरिया के सहयोग व मार्गदर्शन में गाँव के प्राथमिक शाला के 20 से 25 छात्र प्रतिदिन अध्ययन करते हैं। स्वयं के मोबाइल से ऑनलाइन क्लास से अध्ययन कराती है।

## जल संसाधन विभाग तेजी से परियोजनाओं को पूरा करने में जुटी

# पैरी परियोजना अंतर्गत निर्माणाधीन योजनाओं से सिंचाई प्रतिशत 34 से बढ़कर 47 प्रतिशत होगी

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले के जीवनदायिनी पैरी नदी के नाम पर पैरी परियोजना जिले के किसानों की रीढ़ है। इस नदी से सैकड़ों गांव की भूमि उर्वरा हो रही है और किसान समृद्धि की ओर अग्रसर है। इस नदी में सिकासार जलाशय के नाम से वृहद परियोजना है। साथ ही कुकदा पिकअप वियर भी निर्मित है। इसके अतिरिक्त 85 लघु सिंचाई योजनाएं और 31 निर्माणाधीन योजनाओं से जिले की सिंचाई प्रतिशत में 13 प्रतिशत वृद्धि होगी अर्थात वर्तमान सिंचाई क्षमता 34 प्रतिशत से बढ़कर 47 प्रतिशत हो जायेगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप अंचल में सिंचाई क्षमता को बढ़ाने के लिए वर्तमान में 31 निर्माणाधीन योजनाओं को पूरा करने और अन्य प्रस्तावित योजनाओं की स्वीकृति से भविष्य में 17 प्रतिशत सिंचाई में वृद्धि हो सकेगी।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता पीके आनंद ने बताया कि पैरी परियोजना, जिला गरियाबंद की एक वृहद परियोजना है, जिसके अंतर्गत एक वृहद सिकासार जलाशय निर्मित है। इस जलाशय का निर्माण वर्ष 1977 में पूर्ण हुआ है। तथा परियोजना 1999 में पूर्ण हुई है। सिकासार जलाशय की उपयोगी जल भराव क्षमता 198.88 मी. क्यूबिक मी. है। सिकासार जलाशय में जल विद्युत



ताप गृह भी निर्मित है, जिसकी कुल 02 यूनिट से 2×3.5 मेगावाट की विद्युत उत्पादन क्षमता है।

इस परियोजना अंतर्गत पैरी नदी पर कुकदा पिकअप वियर भी निर्मित है, जो कि गरियाबंद जिला मुख्यालय से 25 कि.मी. दूरी पर गरियाबंद-रायपुर मार्ग पर ग्राम पोंड के समीप स्थित है। सिकासार जलाशय से सिंचाई हेतु प्रवाहित जल पैरी नदी पर लगभग 60 कि.मी. की दूरी तय करते हुए कुकदा पिकअप वियर तक पहुॅचती है, जिससे सिंचाई हेतु दांयी मुख्य नहर से जिला गरियाबंद एवं बांयी मुख्य नहर से जिला धमतरी में सिंचाई हेतु जल प्रदाय किया जाता है। पैरी परियोजना की रूपांकित एवं निर्मित सिंचाई क्षमता जिला गरियाबंद अंतर्गत 27 हजार 495 हेक्टेयर खरीफ हेतु एवं 23 हजार 472 हेक्टेयर रबी हेतु अर्थात कुल 50 हजार 967 हेक्टेयर है, जिससे 101 ग्रामों के कृषक लाभान्वित होते है। इसके अलावा धमतरी जिला अंतर्गत 12 हजार 246 हेक्टेयर खरीफ एवं 10 हजार 523 हेक्टेयर रबी, कुल 22 हजार 669 हेक्टेयर है, जिससे 49 ग्रामों के कृषक लाभान्वित होते हे। इस प्रकार इस परियोजना से कुल खरीफ 39741 हेक्टेयर एवं रबी 33 हजार 995 हेक्टेयर, कुल 73 हजार 736 हेक्टेयर, कुल रूपांकित एवं निर्मित सिंचाई क्षमता है। इस प्रकार कुल 150 ग्राम के कृषक, पैरी परियोजना से लाभान्वित हो रहे है।

पीके आनंद ने बताया कि इसके अतिरिक्त 85 लघु सिंचाई योजनाएॅ निर्मित सिंचाई रूपांकित सिंचाई क्षमता 20 हजार 882 हेक्टेयर है। इस तरह वर्तमान में कुल 86 योजनाएॅ से जिले की सिंचाई क्षमता खरीफ 48 हजार 377 हेक्टेयर का प्रतिशत 34 प्रतिशत है। जिले में 31 निर्माणाधीन योजनाओं से खरीफ 18 हजार 565 हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता वृद्धि होगी जिससे की जिले की सिंचाई प्रतिशत 13 प्रतिशत की वृद्धि होगी एवं विभाग द्वारा अन्य प्रस्तावित योजनाओं से लगभग 5847 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी जिससे जिले की सिंचाई प्रतिशत में 4 प्रतिशत अतिरिक्त वृद्धि होगी। इस तरह निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित योजनाएॅ के निर्माण से जिले में सिंचाई प्रतिशत 34 प्रतिशत से बढ़कर 51 प्रतिशत प्रतिशत हो जायेगा।

# ग्राम पंचायत सिरर्वे में मितानिन दिवस मनाया गया




**तिल्दा नेवरा।** नगर के समीपस्त ग्राम पंचायत सिरर्वे में मितानिन दिवस का कार्यक्रम पंचायत में धुमधाम के साथ आयोजन किया गया जिसमें की सरपंच श्रि मति विद्या अनिल वर्मा ने मितानिनों को श्री फल व साड़ी भेंट किया गया जो की पंचायत के सचिव कुशुम वर्मा एवं पंच गण धिरहे श्रि मति लक्ष्मी बंजारे एवं गांव के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति थी।

# नगर पालिका चढ़ी राजनीति की भेंट, 2 करोड़ का टेंडर निरस्त करने की योजना

# 28 प्रतिशत बिलो में काम कराने के बावजूद 28 प्रतिशत को बताया रहें अधिक

## एमएस कंस्ट्रक्शन कंपनी हाईकोर्ट जाने की तैयारी में, नपा प्रबंधन सकते में

मो. तनवीर कुरैशी जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पायनियर खुलासा

नाली, सड़क और स्लैब निर्माण के लिए नगर पालिका परिषद् जशपुर की ओर से अप्रेल महीने में जारी किया गया 40 कार्यों के टेंडर को निरस्त करने की योजना बनाई जा रही है। और इसकी वजह यह बताने की कोशिश की जा रही है कि निविदा लेने वाले ठेकेदार ने बहुत बिलो यानि कम बोली लगाई है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बिलो राशि महज एक बहाना है दरअसल नगर पालिका परिषद् भी एक बार फिर से राजनीति की भेंट चढ़ता जा रहा है। टेंडर के संबंध में ठेका हासिल करने वाले एमएस कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार ने बताया कि बीते अप्रेल महीने में अधोसंरचना मद से नगर पालिका की ओर से लगभग 2 करोड़ रुपए स्टीमेट के 40 कार्यों की निविदा जारी की गई थी। निविदा के नियम और शर्तों के मुताबिक फार्म निकाला गया और दर भरकर निर्धारित समय पर जमा भी किया गया। निविदा खोलने के दौरान नियमानुसार सबसे कम दर वाले को काम दिया जाना था। इसी दौरान लॉक डाउन लग गया और कार्य के लिए नगर पालिका से अनुबंध में देरी हुई और कार्य आदेश जारी नहीं किया गया। लेकिन अब उसे राजनीतिक दबाव में निरस्त करने की योजना बनाई जा रही है। कंस्ट्रक्शन कंपनी का कहना है कि हम इसे उच्च न्यायालय में चुनौति देंगे।



### 24 प्रतिशत बिलो को बनाया आधार

सबसे कम दर की बोली लगाकर निविदा हासिल करने वाले एमएस कंस्ट्रक्शन के संचालक ने बताया कि उन्होंने 40 कार्यों के लिए अलग-अलग दर भरकर न्यूनतम 24 प्रतिशत में ठेका हासिल किया है। इस न्यूनतम दर को आधार बनाकर टेंडर निरस्त करने की योजना बनाई जा रही है और अनुबंध पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जिस नगर पालिका के द्वारा 24 प्रतिशत बिलो की दुहाई दी जा रही है उसी के द्वारा 28 प्रतिशत तक बिलो की दर से टेंडर दिया जा चुका है और काम भी कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि विधिवत टेंडर जारी होने और दर ओपन करने के बाद ठेकेदार को काम से वंचित करना नियम के विपरीत है और उसे न्यायालय में चुनौति दी जाएगी।

### 7 माह से लटकी कार्यवाई

2 करोड़ के 40 कार्यों के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक अप्रेल महीने में टेंडर जारी कर सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई थीं। लेकिन अब नवबंर महीना समाप्त होने को है और अनुबंध नहीं किा गया है। 7 महीने बीत जाने के बाद भी कार्यादेश के लिए घुमाया जा रहा है।

### किसी ने नहीं दिया जवाब

टेंडर के अनुबंध में हो रही देरी की वजह जानने के लिए नगर पालिका परिषद् के सीएमओ बसंत बुनकर, अध्यक्ष नरेंश साय, इंजीनियर वसुंधरा भगत को फोन किया गया पर किसी ने भी जवाब नहीं दिया।

## स्वच्छ बस्तर सुन्दर बस्तर'' परिकल्पना के तहत तहसील कार्यालय में की गई सफाई अभियान



**जगदलपुर।** ''स्वच्छ बस्तर सुन्दर बस्तर'' की परिकल्पना और कार्यालय परिसर के स्वच्छ वातावरण में कार्य करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है इसी भावना से सहायक कलेक्टर एवं तहसीलदार रेना जमील के नेतृत्व में जगदलपुर तहसील कार्यालय परिसर में बुधवार की सफाई अभियान चलाया गया इस सफाई अभियान में तहसील कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी द्वारा परिसर का साफ-सफाई किया गया। कलेक्टर रजत बंसल ने इस पहल की सराहना करते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को भी अनुविभागीय व तहसील कार्यालय परिसर की सफाई अभियान करवाने के निर्देश दिए है।

## जिला ग्रंथालय जशपुर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

### ग्रंथालय आने वालो से मास्क उपयोग एवं सोशल डिस्टेंस के नियमों का पालन करने का दिए निर्देश





पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे ने जशपुर के जिला ग्रंथालय का मुआयना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्यकार्यपालन अधिकारी के.एस. मण्डावी, जिला शिक्षा अधिकारी एन.कूजूर, ग्रंथालय कर्मचारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने ग्रंथालय में उपलब्ध पुस्तकों, समाचार पत्रों, मैगजीन पत्रिका सहित ग्रंथालय में पड़ने वाले बच्चों को दी जानी वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने ग्रंथालय में वर्गवार रखे पुस्तकों के सामने नाम प्रदर्शित करने, एवं वहां आने वालो का दैनिक पंजी संधारन करने की हिदायत दी। उन्होंने ग्रंथालय के कार्यालय कक्ष, भंडार कक्ष सहित पूरे का परिसर कामुआयना किया। कलेक्टर ने वहां अध्यनरत बच्चों को मास्क के उपयोग एवं सोशल डिस्टेंस के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रंथालय की नियमित साफ-सफाई एवं सिपेज की मरम्मत एवं रंग-रोगन करने के निर्देश दिए।

## महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक पहुंची सखी वन स्टाप सेंटर



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा किरणमयी नायक का पहला सूरजपुर दौरा था, कांग्रेस के पदाधिकारियों से मिलने के बाद नायक सूरजपुर के सखी वन स्टाप सेंटर में आकस्मिक निरीक्षण पर पहुँची, और सखी वन स्टाप सेंटर के प्रभारी विनिता सिंहा के द्वारा सखी सेंटर में दर्ज प्रकरण एवं आश्रित महिलाओं की जानकारी दी गई, अध्यक्षा के द्वारा महिलाओं की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहने हेतु निर्देश दिए गए। एवं सखी सेंटर के बेहतर कार्य के लिए शुभकामनाएं दी गई, निरीक्षण के दौरान श्रीमती इंद्रा चौबे, संरक्षण अधिकारी एंव साबरिन फातिमा, तुलसी झा, बरखा बैरागी, सविना मंसूरी, उषा राजवाड़े उपस्थित रहीं।

## अब तक कोरिया जिले के 3190 लोगों ने दी कोरोना को मात

पायनियर संवाददाता कोरिया
www.dailypioneer.com

कोविड-19 के संक्रमण से रोकथाम एवं बचाव हेतु जिला प्रशासन सतत रूप से प्रयासरत है। कलेक्टर एसएन राठौर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अथक मेहनत करते हुए मरीजों का उपचार किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि कोरिया जिले के 3190 लोगों ने कोरोना को मात दे दी है। वहीं कलेक्टर के निर्देश पर जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिदिन मेडिकल बुलेटिन जारी किया जा रहा है। जिसके अनुसार आज कुल 20 कोरोना मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज किये गये हैं। जिसमें से 2 मरीज कोविड हास्पिटल तथा 18 मरीज होम आईसोलेशन में थे। जिले में अब तक कुल 3642 कोरोना पाजीटिव मरीजों की पहचान की गई है। वहीं आज की स्थिति में कुल 1073 सैंपल कलेक्शन किया गया जिसमें कुल 23 एक्टिव केस की पहचान की गई है, तथा जिले में 201 एक्टिव केस का इलाज जारी है। साथ ही 188 मरीजों का होम आइसोलेशन में उपचार किया जा रहा है।

कोविड अस्पताल, बैकुण्ठपुर में 100 बेड एवं 07 आई.सी.यू., एच.डी.यू. 10 आईसी.यू., 06 वेंटीलेटर उपलब्ध हैं। आज की स्थिति में यहां भर्ती मरीजों की संख्या 13 तथा 87 बेड उपलब्ध हैं। इसी तरह एसईसीएल हास्पिटल, चरचा में बेड की संख्या 50 है। यहां भर्ती मरीजों की संख्या 0 तथा 50 बेड उपलब्ध हैं। होम आईसोलेट किये गये कोरोना संक्रमित मरीजों को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निःशुल्क होम केयर आइसोलेशन किट का वितरण किया जा रहा है। साथ ही मरीजों से वीडियो कॉल के जरिए बातचीत कर उनकी देख-रेख की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले में लगातार कोरोना सर्वे भी संचालित जारी रखा गया है। जिले में अब तक जिले में आरटीपीसीआर के द्वारा 11138, ट्रूनाट के द्वारा 6781 तथा रैपिड एंटिजन के द्वारा 39223 टेस्ट किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना मरीजो को लाने हेतु एंबुलेंस की सुविधा भी दी जा रही है।

## राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत जारी दिशा-निर्देश

**कवर्धा।** कृषि विभाग के उपसंचालक एमडी डडसेना ने बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत जारी दिशा-निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2020-21 में कृषकों द्वारा बोए गये फसल जैसे सोयाबीन, मूंगफली, तिल, अरहर, मूंग, उड़द, कुल्थी, रामतिल, कोदो-कुटकी एवं रागी फसल के लिए आदान सहायता कृषकों के खाते में प्रदान किया जाना है। अनुदान राशि की गणना संबंधित फसलों के गिरदावरी के अनुसार भुंईया पोर्टल में संधारित रकबा के आधार पर अनुपातिक रूप से की जाएगी। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा किसानों के आवेदन का सत्यापना भुंईया पोर्टल में प्रदर्शित संबंधित मौसम के गिरदावरी के आकड़ों के आधार पर किया जाएगा। सत्यापन उपरांत कृषकों को संबंधित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना होगा।

## कलेक्टर ने निर्माण कार्य में अनावश्यक रूप से लेट-लतिफ करने के कारण आरईएस के उपअभियंता को नोटिस जारी



### कार्य को गंभीरता से लेते हुए 30 नवम्बर तक पूर्ण करने के दिए सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे ने अंग्रेजी माध्यम स्कूल के तैयारी के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने स्कूल के निर्माण कार्य और शिक्षकों के भर्ती के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के.एस.मण्डावी, जिला शिक्षा अधिकारी एन.कुजूर एवं प्राचार्य विनोद गुप्ता उपस्थित थे।

कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान अंग्रेजी माध्यम स्कूल के धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए आरईएस निर्माण एजेंसी के उपअभियंता राजेश श्रीवास्तव को कारण बताओ नोटिश जारी करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आरईएस विभाग द्वारा अनावश्यक रूप से अंग्रेजी माध्यम स्कूल के कार्य को लेट-लतिफ किया जा रहा है। यह ठीक बात नहीं है, उन्होंने निर्माण कार्य को 30 नवम्बर तक गंभीरता से लेते हुए निर्माण कार्य को पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए है। साथ ही शिक्षकों की भर्ती में दावा आपत्ति का निराकरण करके भर्ती करने के लिए कहा गया है।

## गुरुद्वारा में चल रहा शब्द कीर्तन, गुरु नानक जयंती की तैयारियों में जुटा समाज

**नवागढ़।** सिख समाज के प्रथम गुरु नानक देव की जयंती 30 नवंबर को मनाने के लिए नवागढ़ के गुरुद्वारा में प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी निकालने के बजाएं गुरुद्वारा में ही शब्द कीर्तन कर चाय नाश्ते के प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। सुबह 5 बजे प्रकाश के बाद सुखमणि साहिब नितनेम साहिब शब्द कीर्तन के बाद अरदास कर चाय नाश्ते का प्रसाद का वितरण 17 नवंबर से किया जा रहा है।

शब्द कीर्तन नवागढ़ गुरुद्वारा के रागी जत्था ज्ञानी परमजीत सिंह खालसा, गुरविंदर कौर खालसा, ज्ञानी प्रभजोत सिंह खालसा के द्वारा किया जा रहा है। 17 नवंबर को प्रभात फेरी में चाय नाश्ते का प्रसाद दिलबाग सिंह टुटेजा, 18 नवंबर को जसवंत सिंह गुंबर, 19 नवंबर को नरेंद्र सिंह गांधी, 20 नवंबर को पंजाब के आए जाट परिवार द्वारा, 21 नवंबर को जगजीत सिंह जाट, 22 नवंबर को महेंद्र सिंह गांधी, 23 नवंबर को भूपेंद्र सिंह गुंबर के परिवार द्वारा चाय नाश्ते की सेवा दी गई।

सिख समाज के इस कार्यक्रम में सेवा के लिए इंदरजीत कौर खुराना, अमरजीत कौर गुंबर,अरविंदर कौर टुटेजा, रश्मीत कौर गांधी, नीलम खुराना, रानो गुंबर, तनवंत कौर खुराना, सुरेंद्र कौर खुराना के द्वारा सुबह से सेवा की जा रही है। गुरु नानक जयंती के अवसर पर नवागढ़ के गुरुद्वारा को लाइटिंग से विशेष रुप से सजावट की गई है।

## ग्राम कूंरा के विकास कार्यों के लिए पैसों की कमी नहीं होगी : गुरुदयाल बंजारे

पायनियर संवाददाता नवागढ़
www.dailypioneer.com

नवागढ़ विधानसभा में सबसे ज्यादा विकास कार्य मेरे कार्यकाल में कुंरा में होगा ये मेरा आप लोगो से वादा है। उक्त बातें आज ग्राम कुंरा के भूमिपूजन कार्यक्रम में गुरुदयाल सिंह बंजारे संसदीय सचिव छ ग शासन ने कही। उन्होंने कहा कि आज 16 लाख के विकास कार्यो का भूमिपूजन करने आया हूं। इसके अलावा आपके गांव में अभी लगभग 1 करोड़ 50 लाख के कार्य स्वीकृत हो चुका है ,जो विकास कार्य 15 साल में यहाँ के निष्क्रिय मंत्री ने नही कराया, वो कॉंग्रेस सरकार के कार्यकाल में सिर्फ 2 साल में हुआ है और आने वाले समय मे भी होते रहेगा। किसानों की समस्या को देखते हुए क्षेत्र में 17 नवीन सेवा सहकारी समितियों की स्वीकृति मुख्यमंत्री ने प्रदान किया है उसके लिए मुख्यमंत्री का बहुत- बहुत आभार प्रकट करता हूँ।

कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष अंजली मारकंडेय, संबलपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ईश्वर लोधी, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र साहू ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर नांदघाट ब्लाक अध्यक्ष सुशील साहू , विजय यादव , लाला कटारे, लखन कुर्रे, साधराय मधुकर, झम्मन बघेल, भागवत साहू, वीरेन्द्र जायसवाल, दददू मारकंडे, दिनेश शुक्ला, सरपंच संतोषी बघेल सहित पंचगण और ग्रामवासी उपस्थित थे।

## चार विपत्तिग्रस्त परिवार को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार विपत्तिग्रस्त परिवारों को 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। इसके तहत पंडरिया तहसील के ग्राम भुवालपुर निवासी अमर का तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त भागीरथी (मृतक के पिता), ग्राम मोहतराकला निवासी समीर का तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त जलेश्वर चंद्रवंशी (मृतक के पिता), ग्राम पाड़ी (पहाड़ी) निवासी रत्ना बाई की चूल्हे में खाना बनाते समय कपड़े में आग लगने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त मयाराम पटेल (मृतिका के पति) और बोड़ला तहसील के ग्राम खरहट्टा निवासी मंदाकनी को जहरीले सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त पुन्नी मरकाम (मृतिक के पिता) को को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

## संविदा शिक्षकों एवं गैर शिक्षकीय स्टॉफ भर्ती, 27 तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**कवर्धा।** कबीरधाम कलेक्टर एवं अध्यक्ष शासकीय नवीन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय संचालन प्रबंध समिति द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय संचालन के लिए प्रतिनियुक्ति , संविदा शिक्षकों एवं गैर शिक्षकीय स्टॉफ के पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों का पदवार विषयवार सूची तैयार कर 27 नंवबर तक दावा आपत्ति किया जा सकता है, उक्त समयावधि पश्चात कोई भी दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

## रामविचार नेताम के बेमेतरा आगमन पर भाजपाइयों ने किया स्वागत



**बेमेतरा।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम का कवर्धा प्रवास के दौरान बेमेतरा आगमन हुआ। जहाँ उन्होंने विश्राम गृह बेमेतरा में भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पुर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा एवं जिला महामंत्री विकास धर दीवान सहित जिले के वरिष्ठ नेताओं से संगठन के विषय मे जानकारी लेते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया।

इसी दैरान महामंत्री दीवान ने नेताम को नवागढ़ स्थित प्राचिन गणेश मन्दिर की ख्याति बताते हुए दर्शन का निमंत्रण दिया, जिसपर उन्होंने एकदिवसीय बेमेतरा प्रवास कर भर्मण करने का आश्वासन दिया।

इस दौरान मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू,चन्द्रपाल साहू,पूर्व जनपद उपाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी,संजीव तिवारी,जिला कन्या शक्ति संयोजिका निशा चौबे, पार्षद नीलू राजपूत, अनुराग चौबे,परमेश्वर वर्मा,दीपेश साहू,होरिलाल सिन्हा,महेश्वर साहू सहित भाजपा नेतागण उपस्थित रहे।

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी पूर्व भानुप्रतापपुर**
**वनमंडल भानुप्रतापपुर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर, छ.ग.**

**सूचना पत्र**

श्री देवेन्द्र सिंह ठाकुर से.नि. लेखापाल पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल के विरुद्ध संस्थापित विभागीय जांच में अपने बचाव में कोई साक्ष्य (अभिलेख/कथन या अन्य) प्रस्तुत करने अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में क्रमशः दि. 29.10.2020, 05.11.2020, 10.11.2020 एवं 19.11.2020 को नियत किया गया था। किन्तु नियत तिथि को उपस्थित नहीं होने की दशा में आगामी तिथि 05.12.20 समय 04 (दोप.) स्थान अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होवें, उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये आप स्वतः जवाबदार होंगे।

वनमंडलाधिकारी
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल
भानुप्रतापपुर

जी-85147/2

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोंडागांव के न्यायालय में मामला**
**क्रमांक : 202011201500027/202011201500027**

विषय :- अ-6 सन :- 2020-2021

**मामले की श्रेणी - राजस्व**

कोण्डागांव प.ह.नं. 00015[401/7 (वार्ड क्रं. 06 शीट-2) (4265हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-राकेश साहू
अनावेदक पक्षकार-छत्तीसगढ़

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राकेश साहू पिता स्व. मानीकचन्द साहू, जाति-तेली, निवासी-रोजगारीपारा कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर - कोण्डागांव के मोहल्ला-आड़काछेपड़ापारा में स्थित भूमि शीट नंबर 2 भूखण्ड क्रमांक 401/7, 402/6, 403/5, 403/6, 408/8 क्षेत्रफल 4265 वर्गफीट भूमि मय कच्चा मकान खाली जगह नजूल संधारण खसरा में आवेदक के दादा हिरालाल पिता बलकरन गुप्ता के नाम पर दर्ज होना बताते हुए उक्त भूमि के खातेदार आवेदक के दादा की मृत्यु दिनांक 08.07.1988 को होने के कारण भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत् फौती नामांतरण कर मृतकों के विधिक वैध जीवित वारिसों का नाम नजूल संधारण खसरा में दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, खसरा, मृत्यु प्रमाण एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति हो तो वे दिनांक 04.12.2020 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.11.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल अधिकारी
कोण्डागांव(छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोंडागांव के न्यायालय में मामला**
**क्रमांक: 202011201500024/202011201500024**
**मामले की श्रेणी- राजस्व**

विषय- अ-20 (1) सन- 2020-21
कोंडागांव प.ह.नं. 00015 (626/149(40.3800 हे.))
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- श्रीमती सुनीता साहू
अनावेदक पक्षकार- छत्तीसगढ़

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा आमजनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुनिता साहू पति स्व. संजय साहू जाति-तेली, निवासी- कनेरा रोड डी एन के कॉलोनी कोंडागांव, तहसील व जिला कोंडागांव (छ.ग.) के द्वारा ग्राम नगर कोंडागांव तहसील-कोंडागांव में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 626/149 रकबा 40.3800 हेक्टेयर भूमि में से क्षेत्रफल 1951 वर्गफीट शासकीय भूमि को लगभग 15 वर्षों से अतिक्रमण कर उक्त अतिक्रमित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ भूमि स्वामी हक (स्थायी पट्टा) प्रदाय किये जाने हेतु नक्शा, खसरा, बी- । एवं अन्य दस्तावेज के साथ इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त शासकीय भूमि खसरा नंबर 626/149 रकबा 40.3800 हेक्टेयर भूमि में से क्षेत्रफल 1951 वर्गफीट भूमि को आवेदिका को स्थायी पट्टे पर प्रदाय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो वे दिनांक 03.12. 2020 तक अपना दावा/आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.11.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल अधिकारी
कोंडागांव

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर (छ.ग.)**

**-: शपथ पत्र :-**

मैं श्रीमती उत्तरा भोयर पति श्री गजेन्द्र कुमार भोयर निवासी भरदा लोहारा जिला बालोद छ.ग. निम्न कथन करती हूं कि-

1. यह कि मेरा नाम पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरा नाम विवाह पूर्व कु. उत्तरा ठाकुर पिता श्री बरातू राम ठाकुर के नाम से जानी पहचानी जाती थी तथा मेरे विवाह के पूर्व के समस्त दस्तावेजों में एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा यही नाम दर्ज है।
3. यह कि मेरा विवाह दिनांक 22.04.2015 को श्री गजेन्द्र कुमार भोयर के साथ हुआ है तथा विवाह पश्चात् मेरा नाम श्रीमती उत्तरा भोयर पति श्री गजेन्द्र कुमार भोयर हो गया है तथा मेरे भविष्य के समस्त दस्तावेजों में मेरा यही नाम दर्ज किया जावे तथा मुझे इसी नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा जावे।
4. यह कि यह शपथपत्र मेरे द्वारा मेरे भविष्य के समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम श्रीमती **उत्तरा भोयर पति श्री गजेन्द्र कुमार भोयर** दर्ज करवाने हेतु माननीय महोदय के समक्ष सादर प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती हूं कि उपर दी गई जानकारी सत्य एवं सही है अतः आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

रायपुर छ.ग.
दिनांक - 26.09.2019
मुहर
शपथकर्ता

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02**
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि डुमरतराई, रायपुर में निर्मित सरदार वल्लभ भाई पटेल थोक बाजार अन्तर्गत **''ब'' सुविधा (KIOSK) दुकान क्र.-30, (भूतल), श्री सचिन किशवानी पिता श्री मेमनदास किशवानी,** के नाम पर ऑफर आधार के माध्यम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में **दिनांक 15.12.2016** को सेलडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में आबंटी **श्री सचिन किशवानी पिता श्री मेमनदास किशवानी,** निवासी- यू-17, सेक्टर-02, अवंति विहार, रायपुर, द्वारा उक्त दुकान को **श्रीमती तमन्ना तोलानी पति श्री कमल तोलानी,** निवासी- सी.एस.ई.बी. ऑफिस के सामने लाखेनगर, रायपुर को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

## संपादकीय

# अच्छी वैक्सीन 70 प्रतिशत प्रभावी

**एस्ट्राजेनेका** वैक्सीन चिकित्सकीय परीक्षण में 70 प्रतिशत प्रभावी पाई गई है। अब हमें कोरोनावायरस पर लगाम लगाने की रणनीति बनानी होगी। भारत स्पष्ट रूप से इस समय संक्रमण की तीसरी लहर का सामना कर रहा है और कुछ लोग इसे नए कोरोनावायरस मामलों की सुनामी कह सकते हैं। 1918-1919 के स्पैनिश फ्लू इन्फ्लूएंजा की वैश्विक महामारी से हमें सतर्क हो कर जाड़े के लिए तैयारी करनी चाहिए क्योंकि एक शताब्दी पहले भी जाड़े में इसकी भयानक वृद्धि हुई थी। जाड़े में फेफड़ों की क्षमता घट जाती है और कोई भी इन्फ्लूएंजा वायरस भयानक सिद्ध हो सकता है। दिल्ली और गुजरात में संकट गहराने के साथ स्पष्ट है कि पूरे देश में संक्रमण बढ़ेगा, चाहे अधिकारी इसे स्वीकार करें या नहीं। हालांकि, एस्ट्राजेनेका व आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा अच्छी वैक्सीन का विकास एक अच्छी खबर जरूर है। भारत का सीरम इंस्टीट्यूट-एसआईआई इस शोध में भी साझीदार है और उसने भारतीयों के लिए इस वैक्सीन की सैकड़ों खूराकें तैयार करने का वादा किया है। इसकी 70 प्रतिशत प्रभावशीलता एक महीने में दूसरी खूराक लेने के बाद 90 प्रतिशत हो जाती है। इस वैक्सीन को रखने के लिए फाइजर व माडर्ना की तरह सुपर कोल्डस्टोरेज की जरूरत नहीं होगी और यह सामान्य रेफ्रीजरेटर तापमान पर रखी जा सकेगी। इसके साथ ही 2021 के प्रारम्भ में पांच और वैक्सीनें बाजार में आने की आशा है।

हालांकि, वैक्सीन का विकास उसकी उपलब्धि के समान नहीं है। परीक्षणों से स्पष्ट है कि अधिकतम क्षमता के लिए कम से कम डेढ़ खूराक जरूरी हैं और भारत को दो बिलियन खूराकों की जरूरत पड़ेगी। यदि कीमतों पर नियंत्रण रखा जाए तो भी भारत में काफी लोगों को वैक्सीन दे कर सुरक्षित बनाने में तीन-चार साल का समय लग सकता है। इसके साथ ही क्षमता का अर्थ उसकी प्रभावशीलता नहीं है। 90 प्रतिशत क्षमता वाली वैक्सीन के साथ भी कोरोनावायरस का संक्रमण जारी रह सकता है और दसियों हजार नए लोग संक्रमित हो सकते हैं। वूहान महामारी पर पूरी तरह नियंत्रण के पहले बहुत से और लोग भी मर सकते हैं। उस समय तक तैयारी तथा संक्रमण से बचाव ही एकमात्र रास्ता है क्योंकि भारत के जनसंख्या घनत्व के कारण संक्रमण में अचानक वृद्धि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। देश का सर्वाधिक प्रभावित राज्य महाराष्ट्र सबसे लंबी लड़ाई लड़ रहा है और अब उसे एक नए मोर्चे पर मुकाबला करना पड़ सकता है। उसने जांच की नई एसओपी घोषित कर राज्य में हाटस्पाट से आने वालों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट रिपोर्ट अनिवार्य कर दी है। ऐसी रिपोर्ट न लाने वालों की जांच के लिए राज्य के सभी प्रवेश बिंदुओं पर टेस्टिंग व स्क्रीनिंग केन्द्र बनाने होंगे। पहली बार देश में अंतरराष्ट्रीय यात्रा के प्रोटोकाल लागू किए जा रहे हैं। दूसरे राज्य भी संक्रमितों की संख्या पर लगाम लगाने के लिए इनको लागू कर सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने लापरवाही के लिए राज्यों की खिंचाई की है तथा एक रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने हाटस्पाट में उचित इलाज के साथ ही मृतकों के गरिमापूर्ण अंतिम संस्कार पर जोर दिया है। असंदिग्ध रूप से कोरोनावायरस के बारे में एक सामाजिक, मनोवैज्ञानिक व भौतिक थकान वाली स्थिति पैदा हो गई है। कोरोनावायरस वैश्विक महामारी से डाक्टर सर्वाधिक प्रभावित है। इनमें से कुछ के स्थान पर युवा डाक्टरों को लाना होगा ताकि फ्रंटलाइन चिकित्सकों पर दबाव घटाया जा सके। वर्तमान समय में संक्रमण प्रसार का पूर्वानुमान लगाना बहुत जरूरी हो गया है। वैश्विक महामारी से निपटने के लिए सरकारों को सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में भारी निवेश करना जरूरी हो गया है। इतनी आवश्यकता इसके पहले कभी अनुभव नहीं की गई थी। हालांकि, अनेक मामलों में सकारात्मक विकास हो रहा है, पर हमें कभी भी वैक्सीन को सारी समस्याओं का समाधान नहीं मान लेना चाहिए। केवल वैक्सीन के आविष्कार से ही जादू की तरह सारी दुनिया से कोरानावायरस संक्रमण गायब नहीं हो जाएगा।

# विश्व नागरिक बनाने का प्रयास

## संस्कृति से जोड़े बिना चरित्र निर्माण को अलग से देखना संभव नहीं है। नई शिक्षा नीति ने युवा भारतीयों के समक्ष गांधीजी का दृष्टिकोण पेश किया है।



**जे एस राजपूत**
लेखक शिक्षा एवं सामाजिक एकजुटता हेतु कार्यरत हैं )




नीतियों का निर्माण अतीत के अनुभवों पर भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के साथ किया जाता है जिसमें उभरते मुद्दों, सरोकारों व महत्वाकांक्षाओं को संबोधित किया गया हो। गांधीजी ने लगातार भारत के बारे में अपने सपनों और उनकी पूर्ति में आने वाली बाधाओं को परिभाषित किया था। 22 अक्टूबर, 1925 को यंग इंडिया में उन्होंने सात सामाजिक बुराइयों का उल्लेख किया था। ये हैं-सिद्धान्त विहीन राजनीति, बिना काम के संपदा, चेतना विहीन आनन्द, चरित्र विहीन ज्ञान, नैतिकता विहीन व्यापार, मानवता विहीन विज्ञान तथा बलिदान विहीन पूजा। शिक्षा नीति समेत किसी भी नीति में इनको अनदेखा नहीं किया जा सकता है। 21वीं शताब्दी में शिक्षा पर यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय आयोग ने अपनी रिपोर्ट में इनको सात तनावों के रूप में परिभाषित किया है। ये वैश्विक व स्थानीय, सार्विक व व्यक्तिगत, परंपराओं व आधुनिकता, दीर्घकालीन व अल्पकालीन आवश्यकताओं, प्रतियोगिता की आवश्यकता व अवसर के सरोकार, ज्ञान का असाधारण विस्तार व उनको समाहित करने की मानवीय क्षमता तथा आध्यात्मिक व भौतिक के बीच तनाव हैं। वर्तमान समय में हम इनमें से किसी को अनदेखा नहीं कर सकते हैं।

नई शिक्षा नीति-एनईपी 2020 पर गहन विचार करने से स्पष्ट हो जाएगा कि इन बुराइयों व तनावों को किस सीमा तक संबोधित किया गया है। इसमें 'भारतीय ज्ञान व विचार की समृद्ध विरासत' को निर्देशक सिद्धान्त माना है। एनईपी के अनुसार, 'प्राचीन भारत में शिक्षा का उद्देश्य केवल इस दुनिया या स्कूली शिक्षा के बाहर वाली दुनिया में जीवन की तैयारी के लिए ज्ञान की प्राप्ति नहीं था, बल्कि इसका अर्थ संपूर्ण अभिव्यक्ति तथा आत्मा की स्वतंत्रता था। भारत में तक्षशिला, नालन्दा, विक्रमशिला व वल्लभी जैसे विश्व स्तरीय संस्थानों ने बहुआयामी शिक्षा और शोध के सर्वोच्च मानक स्थापित किए थे तथा सभी पृष्ठभूमियों व देशों के विद्वानों व छात्रों को आकर्षित किया था।' प्राचीन भारतीय शिक्षा व्यवस्था का महत्व मानवता के कल्याण हेतु ज्ञान की खोज करना था ताकि, 'सभी प्रसन्न और स्वस्थ हों, सभी अपने पास अच्छी चीजें देखें तथा किसी को किसी प्रकार का कष्ट न हो।' एनईपी ने इसे समाहित करने का प्रयास किया है। इसमें ज्ञान के सभी क्षेत्रों के उल्लेखनीय योगदान को स्वीकार किया गया है जिनमें गणित, खगोलविज्ञान, धातुविज्ञान, शल्यक्रिया, स्वास्थ्य, वास्तुशास्त्र, इंजीनियरिंग, पोत निर्माण, नौवहन, योग, कला, आदि शामिल हैं। प्रत्येक भारतीय को चरक, सुश्रुत, आर्यभट्ट, भास्कराचार्य, ब्रह्मगुप्त, नागार्जुन, गौतम, मैत्रैयी, गार्गी व थिरुवल्लुवर का योग्य वारिस होना चाहिए।

एनईपी 2020 का उपयुक्त क्रियान्वयन होने के बाद कोई भी भारतीय 'भारत से अलग नहीं रहेगा।' सभी सीखने वालों को आधुनिक ज्ञान प्राप्त होगा जिसमें आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता व खोज पर जोर दिया जाएगा। एनईपी 2020 ने स्वीकार किया है कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य अच्छे, विचारशील, समग्र व रचनात्मक व्यक्तियों का विकास है। स्कूली शिक्षा के शुरुआती वर्षों में भी इन पर जोर दिया जाएगा। बहुविषयी विश्वविद्यालयों, जीवन्त स्वायत्तता, पाठ्यक्रम व शिक्षाविधि में सुधार, उच्च शिक्षा संस्थानों-एचईआई में सुधार, राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन-एनआरएफ तथा राष्ट्रीय शिक्षा तकनीक फोरम-एनईटीएफ की स्थापना भारतीय शिक्षा के भावी माडलों में गुणवत्ता व समकालीन प्रासांगिकता पैदा करेगी।

भारत इन सुधारों से अंतरराष्ट्रीय शिक्षा का केन्द्र बन कर संबंधित अंतरराष्ट्रीय संस्थानों को आकर्षित कर सकता है। आधुनिक विषयों के साथ अंतरराष्ट्रीय रूप से प्रासांगिक भारत के इतिहास, विरासत व संस्कृति संबंधी पाठ्यक्रमों से विदेशी छात्र बड़ी संख्या में आकर्षित होंगे तथा 'देश में अंतरराष्ट्रीयकरण' की आवश्यकता पूरी होगी। सम्मानित अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ साझा पाठ्यक्रमों से नौजवानों का उत्साह बढ़ेगा तथा वे विदेशी छात्रों के साथ मिल कर उत्कृष्टता प्राप्त कर सकेंगे। हालांकि, वैश्विक विश्वसनीयता और पहचान के लिए ढांचे और सुविधाओं में कुछ ऐसे परिवर्तन करने होंगे जो दुखद रूप से अभी बड़ी संख्या में हमारे शिक्षण संस्थानों से गायब हैं। एनईपी 2020 के अनुसार, 'प्रत्येक कक्षा की पहुंच नवीनतम शैक्षिक तकनीक से होगी जो बेहतर शिक्षण अनुभव संभव करेगी।' पेशेवर रूप से स्वीकार्य शिक्षक-छात्र अनुपात स्वीकार करने में कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही अनेक अन्य आवश्यकतायें भी सामने आती हैं। हालांकि, केवल अतिथि शिक्षकों, लेक्चर आधारित भुगतान, पैरा टीचर्स व बड़ी संख्या में पदों पर भर्ती से ही गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं होगी। लेकिन यदि अकादमिक क्षेत्रों में 40-60 प्रतिशत पद खाली रहें तो उत्पादों, शोध एवं खोज की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं हो सकती है। एनईपी 2020 में इसे स्वीकार करते हुए कहा गया है, 'शिक्षा क्षेत्र में सुधारों के लिए शिक्षक को केन्द्र में रखना होगा। नई शिक्षा नीति को सभी स्तरों पर शिक्षकों की पुनः स्थापना करनी होगी ताकि वे हमारे समाज के सर्वाधिक सम्मानित व आवश्यक सदस्य बन सकें। शिक्षकों को सशक्त बनाने के सारे प्रयास किए जाएंगे ताकि वे प्रभावी रूप से अपना काम कर सकें।' शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर गंभीर चिन्ता प्रकट करते हुए 2030 तक वर्तमान सभी एक वर्षीय स्कूल शिक्षक तैयारी कार्यक्रमों को चार वर्षीय समन्वित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बदलने की संस्तुति की गई है। एनसीईआरटी के चार संस्थानों ने 1964 में चार वर्षीय समन्वित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए थे। इनसे तैयार शिक्षकों की स्कूलों और शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में अन्य की तुलना में बेहतर उपलब्धियां थीं। लेकिन दुर्भाग्य से इस मोड्यूल को आगे नहीं बढ़ाया गया।

उच्च शिक्षा में नीति में फैकल्टी की 'आलोचनात्मक, गुणात्मक व समर्पण' क्षमताओं पर ध्यान देने की संस्तुति की गई है। 'एचईआई में सर्वोत्तम, अभिप्रेरित व सक्षम फैकल्टी आकर्षित करने' के लिए भी अनेक सुझाव दिए गए हैं। सही शिक्षक-छात्र अनुपात के साथ ही शिक्षण तकनीक तक पहुंच तथा अपना पाठ्यक्रम व शिक्षाविधि विकसित करने की स्वतंत्रता जरूरी है। शिक्षा नीति में उपयुक्त इन्सेन्टिव, उपयुक्त पुरस्कार, पदोन्नति, स्वीकार्यता तथा संस्थागत नेतृत्व को शामिल किया गया है।

1932 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'रिमेकर्स आफ मैनकाइंड' में कार्ल वाशबर्न ने लिखा है कि जब गांधीजी से पूछा गया कि भारत में स्वराज प्राप्त करने के बाद शिक्षा का क्या उद्देश्य होगा तो गांधीजी का जवाब था, 'चरित्र निर्माण। मैं महान लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ने के लिए साहस, शक्ति, योग्यता तथा आत्मबलिदान के गुण विकसित करना चाहूंगा। यह साक्षरता से ज्यादा महत्वपूर्ण है और अकादमिक शिक्षा इस महान लक्ष्य की ओर पहुंचने का केवल एक साधन है।' चरित्र निर्माण परंपरागत भारतीय ज्ञान प्राप्ति व्यवस्था की शक्ति थी जिसमें सृजन, उत्पादन, प्रयोग तथा आने वाली पीढ़ियों को ज्ञान का हस्तांतरण शामिल है। अब वैश्विक रूप से स्वीकार किया गया है कि सभी देशों की शिखा की जड़ें उसकी संस्कृति में होनी चाहिए जो प्रगति के लिए प्रतिबद्ध हो। चरित्र निर्माण को संस्कृति से अलग कर नहीं देखा जा सकता है। कोई संस्कृति अलगाव में नहीं विकसित हो सकती है और हमारे नौजवान विश्व नागरिक तभी बन सकते हैं, जब वे अपनी संस्कृति से परिचित हों। भारत को आयातित व्यवस्था से नुकसान उठाना पड़ा है जिसने 'शिक्षित' नौजवानों को हमारी संस्कृति से जानबूझ कर दूर रखा।

उनको व्यवस्थित रूप से 'पश्चिमी संस्कृति की श्रेष्ठता' का पाठ पढ़ाया गया। गांधीजी ने 1 सितबंर, 1921 के यंग इंडिया में इसे परिभाषित करते हुए लिखा था, ' मेरा स्पष्ट दृष्टिकोण है कि कोई संस्कृति हमारे जितनी समृद्ध नहीं है। हम इसे नहीं जानते हैं और हमने इसका महत्व घटाने का प्रयास किया है। हमने इसका पालन करना लगभग बंद कर दिया है।' हमें उम्मीद करनी चाहिए कि प्रस्तावित शिक्षा सुधार नौजवान पीढ़ी में विशिष्ट पहचान पैदा करेंगे जिससे वे जनता की देखभाल करेंगे। शिक्षा का अर्थ हमें सभी मनुष्यों की गरिमा की ओर ले जाना है।

# आधी आबादी को ताकत देते योगी के फैसले



**अनिल कुमार**
(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं)

उत्तर प्रदेश में महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में बड़े बदलाव करने की जमीन तैयार हो चुकी है। उत्तर प्रदेश सरकार मिशन शक्ति के जरिये आधी आबादी को सुरक्षित माहौल देने के एजेंड पर तो काम कर ही रही है, परंतु इससे इतर महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार के एक बड़े फैसले का दूरगामी असर राज्य की आर्थिक एवं महिलाओं की सामाजिक हैसियत पर पड़ने जा रहा है। दो करोड़ महिलाओं को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से प्रभावित करने वाले इस फैसले से समृद्धि गांव-कस्बे में उनकी आंगन तक पहुंचेगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह फैसला मील का पत्थर साबित होगा। सियासत में महिला सशक्तिकरण की चिंता जाहिर करने की पुरानी रवायत रही हैए लेकिन पहली बार किसी सरकार ने इस पर ईमानदारी से अमल करने का प्रयास किया है। राज्य की कई सरकारों के हाथ वीमेन इंपावरमेंट का यह मौका आयाए लेकिन आधी आबादी की सामाजिक-आर्थिक सम्पन्नता से ज्यादा प्राइवेट कंपनियों के हितों की चिंता हर बार भारी पड़ी। पहली बार महिलाओं को केंद्र में रखकर राज्य सरकार की योजनाओं का संचालन एवं क्रियान्वयन हो रहा है। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग से जुड़े पंजीरी उत्पादन एवं वितरण में लिया गया फैसला भी ऐसा ही है। बीते तीन दशक से प्राइवेट कंपनियों के हाथों में केंद्रित पंजीरी उत्पादन एवं वितरण व्यवस्था को विकेंद्रित करके महिलाओं की स्वयं सहायता समूहों को सौंप दिया गया है। उत्तर प्रदेश में सालाना 15 हजार करोड़ के पंजीरी उत्पादन-वितरण का लाभ बीते तीन दशक से कुछ चुनिंदा कंपनियों, कुछ नेताओं एवं कुछ अधिकारियों की तिकड़ी से बाहर निकलकर आंगनबाड़ी केंद्रों पर महिलाओं और बच्चों तक पहुंचने में कुपोषण का शिकार हो जा रहा था। इन कंपनियों को ठेके दिये जाने का परिणाम नेशनल फैमली हेल्थ सर्वे चार के आंकडे बताते हैं, जिनके अनुसार यूपी में खराब पंजीरी आपूर्ति के चलते अरबों रुपये खर्च किये जाने के बावजूद 46 फीसदी बच्चे कुपोषण के शिकार पाये गये। पांच साल तक के 63 फीसदी बच्चे तथा 52 फीसदी महिलाओं में खून की कमी पाई गई। अरबों खर्च के बावजूद सरकारों को अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाये।

इस स्थिति में सुधार के लिये सुप्रीम कोर्ट ने दशकों पहले पंजीरी उत्पादन एवं वितरण का विकेंद्रीकरण कर महिला समूहों को सौंपने का आदेश दिया था। राज्य सरकारों ने इस दिशा में कदम नहीं उठायाए क्योंकि महिलाओं एवं बच्चों के कुपोषण खत्म करने के नाम पर कुछ चुनिंदा कंपनियों, अधिकारियों एवं नेताओं को इससे फायदा पहुंच रहा था। सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू करते ही इस तिकड़ी को आर्थिक चोट लगती। आर्थिक नुकसान से बचने के लिये बीते तीस सालों में किसी भी सरकार ने इस पंजीरी माफिया सिंडिकेट के भ्रष्टाचार तंत्र को तोड़ने का साहस नहीं किया। यह कठोर फैसला लेने का सौभाग्य भी योगी आदित्यनाथ के हिस्से आया। क्या योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने से पहले सोचा जा सकता था कि पंद्रह हजार करोड़ रुपये के केंद्रित एकाधिकार को तोड़कर महिलाओं की आर्थिक समृद्धि की खातिर विकेंद्रित कर दिया जायेगाघ् सुप्रीम कोर्ट के फैसले को एक झटके में करोड़ों महिलाओं के पक्ष में लागू कर दिया जायेगा।

पर, ऐसा हो चुका है। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों की मंशा के विपरीत जाकर यह कठोर फैसला लिया। निजी कंपनियों का मजबूत कॉकस ध्वस्त हो चुका हैए जो पिछले तीन दशक से निर्बाध रूप से कुछ नेताओं और अधिकारियों के बल पर कुपोषित महिलाओं.बच्चों के हक पर डाका डाल रहा था। 2002 में किये गये एक फैसले ने तो प्राइवेट कंपनियों का पंजीरी उत्पादन एवं वितरण पर एकाधिकार स्थापित कर दिया थाए जिसे बाद की सरकारों ने पर्याप्त खाद-पानी दिया। सरकारें बदलती गईं, चेहरे बदलते गये, परंतु इस कॉकस को तोड़ने की नीयत नहीं दिखी। वह लोग भी नहीं दिखा पायेए जिनके आंखों से आज महिलाओं के उत्पीड़न के नाम पर मगरमच्छी आंसू निकल रहे हैं। 25 नवंबर उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक तारीख साबित होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अब आंगनबाड़ी केंद्रों पर बंटने वाली पंजीरी का उत्पादन एवं आपूर्ति अब निजी कंपनियां नहीं करेंगीए अब इसे तैयार और वितरण करने का अधिकार महिलाओं का स्वयं सहायता समूहों को सौंप दिया गया है। सभी 75 जिलों में यह काम राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा संचालित महिला स्वयं सहायता समूह करेंगे, जिसकी शुरुआत 25 नवंबर से हो रही है।

इस फैसले से पंजीरी की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। इसका लाभ कुपोषित महिलाओं एवं बच्चों को मिलेगा। उत्तर प्रदेश में 1 लाख 89 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैंए जिनसे 1०64 करोड़ लाभार्थी महिलायें जुड़ी हुई हैं। चुनिंदा कंपनियों के लाभ का आधार बनने वाली धनराशि अब स्वयं सहायता समूह की लाखों महिलाओं के आर्थिक समृद्धि का कारण बनेगा। अनुमान है कि योगी सरकार के इस फैसले से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी कम से कम से कम पांच लाख महिलाओं को स्थानीय स्तर रोजगार उपलब्ध होगा, जो उनकी पारिवारिक स्थिति को मजबूती प्रदान करेगा। यह जानना बेहद जरूरी है कि योगी आदित्यनाथ ने कुछ भी अलग फैसला नहीं लियाए ना ही नये नियम बनाये बल्कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को ईमानदारी और साहस के साथ लागू करने की नीयत दिखाईए जिसकी दरकार बीते तीन दशक से बराबर बनी रही। महिलाओं के स्वरोजगार एवं आर्थिक विकास के लिये पंजीरी उत्पादन एवं वितरण का विकेंद्रीकरण करके रोजगार देने के अलावा स्वयं सहायता समूहों के काम का दायरा भी बढ़ाया जा रहा है। सरकारी तंत्र के निर्देशन में 592 विकास खंडों में 371777 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया हैए जिनको 15945 ग्राम संगठनों एवं 775 संकुल स्तरीय संघ से जोड़ा गया है। 241732 स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड, 141709 समूहों को सामुदायिक निवेश निधि तथा 116113 समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया है। कोरोना काल में दूसरे राज्यों से वापस लौटे 11 लाख से ज्यादा प्रवासी कामगारों के परिवार की 29552 महिला सदस्यों को सभी 75 जिलों के 31938 स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर स्वावलंबी बनने के लिए 219 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं। स्वयं सहायता समूह का गठन कर गांव-कस्बों की महिलाओं को जोड़कर उनके हाथ में क्रय शक्ति देने की कोशिश की जा रही है। गरीब एवं उपेक्षित वर्ग के हाथों में आमदनी पहुंचने से उनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, जो वस्तुओं के उतपादन एवं मांग पर असर डालेगी। राज्य के आर्थिक सेहत को भी इससे लाभ होगा। कोरोना काल में कई महिला समूहों ने 793 कम्युनिटी किचेन स्थापित कर गांव स्तर पर 31363 भोजन के पैकेट उपलब्ध कराये।

## फरमाया



**मुझे** उम्मीद है कि हम इतिहास में वैश्विक स्वास्थ्य संकट एवं आर्थिक संकट का सामना भाईचारे के बल पर करने का उदाहरण छोड़ेंगे।

**– एंडर्स ओब्राडोर**
मैक्सिको के राष्ट्रपति



**पुलिस** अधिनियम में संशोधन के द्वारा केरल सरकार उनकी आवाज दबाने की कोशिश कर रही है जो उसकी आलोचना करते हैं।

**– रमेश चेन्नीथला**
सदन में विपक्ष के नेता



**अधिनियम** में संशोधन को लेकर आशंकाओं की बहुत सी आवाजें उठी हैं। इन परिस्थितियों में सरकार उसे लागू नहीं करना चाहती है।

**– पिनराई विजयन**
केरल के मुख्यमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## सतर्कता में बचाव

**दिल्ली** समेत देश के अनेक हिस्सों में कोरोना के बढ़ते असर पर चिंता जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और सभी राज्य सरकारों से रोकथाम के उपायों के बारे में रिपोर्ट तलब किया है। फिलहाल दिल्ली के अलावा महाराष्ट्र और गुजरात में भी महामारी की दूसरी भयावह लहर का कहर है। मध्यप्रदेश के भी कुछ शहरों में हालात चिंताजनक हैं। विशेषज्ञों द्वारा पहले से जताये जा रहे अंदेशों का रेखांकित करते हुए न्यायालय ने दिसंबर में हालात बिगड़ने को लेकर भी राज्य सरकारों को चेताया है। उम्मीद है कि दिल्ली गुजरात सरकारों को लगाई गयी खंडपीठ की फटकार इनके अलावा देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक सबक होगा तथा संक्रमण रोकने के लिए भी प्रयास किये जायेंगे। दिल्ली के लिए तो यह महीना बहुत चुनौती पूर्ण साबित हो रहा है। बीते 11 दिनों में 5 बार मृतकों की संख्या सौ के पार गई है। रविवार को संक्रमण से 121 लोगों की जान गई है। राजधानी में प्रसार की गति का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि रविवार को हुई जांच में 12.29 प्रतिशत लोगों को संक्रमित पाया गया है। बढ़ती ठंड और वायु प्रदूषण को देखते हुए आंशका व्यक्त की जा रही है कि रोजाना संक्रमण की संख्या आगामी दिनों में 15 हजार तक जा सकती है।

**– भूपिंदर सिंह रंगा,** हरियाणा

## बाइडेन की जीत और भारत

**अमेरिकी** चुनाव में भले ही वहां के मतदाताओं ने मतदान किया हो मगर उसमें अप्रत्यक्ष रूप से भारत का योगदान रहा है तभी बाईडेन की टीम जीत हासिल कर सकी है। नए अमेरिकी प्रशासन को चाहिए कि वह दोनों देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ता प्रदान करें ताकि आने वाले समय में आपसी सहयोग को बढ़ावा मिले और मुश्किल परिस्थितियों में एक दूसरे को सहयोग हो सके। हाल ही में संपन्न हुए अमेरिकी चुनाव में बाइडेन की टीम ने जीत हासिल कर ट्रंप की विदाई तय कर दी है। चुनावों में ट्रंप ने वहां बसे भारतीयों को बहुतेरे लुभाया मगर भारतीय मूल की कमला हैरिस के बाईडेन की टीम में होने से पांसा ही पलट गया। भारतवंशियों की अमेरिका में बड़ी तादाद में बसाहट है।कई शहरों में इनकी संख्या चुनाव के समय निर्णायक साबित होती है। कमला हैरिस की वजह से भारतीयों के वोट बाईडेन को मिले हैं जिससे उनकी जीत तय हुई है। यह एक तरह से भारतीयों का अप्रत्यक्ष योगदान है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। अब बाईडेन को चाहिए कि वह सत्ता में आकर भारत अमेरिकी संबंधों को और प्रगाढ़ता प्रदान करें वही विश्व शांति के लिए भारत के प्रयासों को सहयोग दें।

**– अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

## बढ़ता कार्बन उत्सर्जन

**अभी** हम देख रहे है कि कोरोनावायरस ने पूरी दुनिया में हड़कंप मचा रखा है। जहा मामले पहले काम हुए थे वह अब दूसरी लहर आ गई है। हमने लॉक डाउन में देखा था कि प्रदूषण के मामलों में काफी गिरावट दर्ज की गई थी,परन्तु अभी विश्व मौसम विभाग संगठन ने आशंका जताई है कि उद्योगों में लॉक डाउन के बावजूद 2020 में कार्बन उत्सर्जन में पिछले साल से काफी वृद्धि हो सकती है,जबकि पहले कई अध्ययनों में अनुमान लगाया गया था कि इस साल वैश्विक उत्सर्जन पिछले साल की तुलना में 17 फ़ीसदी तक कम रह सकता है लेकिन विश्व मौसम विभाग संगठन की रिपोर्ट के अनुसार लॉकडाउन से प्रदूषण में तात्कालिक कमी तो पूरी है परंतु उससे उत्सर्जन की मात्रा में कमी नहीं हुई है। कार्बन उत्सर्जन अत्यधिक स्तर पर जारी रहने के बावजूद मौसमी घटनाएं, बर्फ का पिघलना और समुद्र के जलस्तर में बढ़ोतरी तथा महासागरों का अमलीकरण जारी है। लॉकडाउन ने कारण कार्बन सांद्रता पर उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

**– सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल

# गोधन न्याय योजना से मिली महिलाओं को एक नई राह

## विरेन्द्र नगर गौठान की महिला समूह ने दो लाख रूपए से अधिक का खाद्य बेचकर कीर्तिमान स्थापित किया

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की गोधन न्याय योजना को लेकर ग्रामीणों और किसानों में उत्साह है। इस योजना के तहत कबीरधाम जिले के गौठानों में नियमित रूप से गोबर की खरीदी हो रही है। गौठानों से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूहों गोबर से वर्मी कम्पोस्ट खाद के उत्पादन में जुटी है। जिले के सभी गौठानों में गोबर की खरीदी और वर्मी खाद तैयार करने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। कबीरधाम जिले के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा के ग्राम विरेन्द्र नगर की 10 सदस्यी महिला समूह ने जैविक खाद बेचकर अब तक 2 लाख 19 हजार 800 रूपए की आय अर्जित की है। गोधन न्याय योजना से विरेन्द्र नगर की संस्कार आत्मा महिला स्व. सहायता समूह ने यह सिद्ध किया है कि यदि किसी भी काम को लगन से किया जाए तो उसका परिणाम सुखद ही होता है।

समूह की अध्यक्ष हेमलता कौशल, सचिव बिसन देवी कौशल ने बताया कि विरेन्द्र नगर गौठान से कुल 129 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद्य का उत्पादन किया गया है। जिसे बेचकर एक लाख 15 हजार रूपए की आमदनी अर्जित की गई है साथ ही चार क्विंटल केचुआ बेचकर एक लाख 4 हजार 800 रूपए आय अर्जित हुई है। समूह की





महिलाओं ने बताया कि कृषि विभाग के द्वारा वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार करने का नियमित प्रशिक्षण दिया जाता रहा है और आवश्यकता अनुसार सभी तकनिकी सहयोग दिया गया। यहीं कारण है कि वर्मी खाद्य का उत्पादन बेहतर हो सका है। जैविक खाद्य बनाने का कार्य विरेन्द्रनगर गौठान में निरंतर जारी है तथा हम 10 सदस्यी समूह कि महिलाओं को लाभ हुआ हैं। उन्होंने बताया कि समूह की महिलाएं गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाली गृहणी है, जो कभी अपने दैनिक जरूरतों के लिए परेशान हुआ करती थी। जब से शासन द्वारा गौठान विकास का कार्य करते हुए गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर खरीदी और खाद उत्पादन को बढ़ावा दिया गया है तब से हमारे आजीविका के नए रास्ते खुले है।

### कबीरधाम जिले में अब तक 2 हजार 680 ग्रामीणों ने पंजीयन कराया

जिला पंचायत के सीईओ विजय दयाराम के. ने बताया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीणों की आमदनी बढ़ाने के लिए राज्य शासन के महत्वकांक्षी गोधन न्याय योजना सफल होता दिख रहा है। जिले के सभी 224 गौठानों में व्यापक पैमाने पर ग्रामीणों से गोबर की खरीदी गौठान प्रबंधन समिति द्वारा की जा रही है। योजना प्रारंभ से अब-तक ऐसे बहुत से उदाहरण सामने आए है जिसमें गोधन न्याय योजना के लाभार्थियों ने इस योजना से मिले लाभ के कारण अपनी इच्छाओं की पूर्ति की है। उन्होंने बताया कि गोधन न्याय योजना के लिए 2 हजार 680 ग्रामीणों ने पंजीयन कराया है। योजना के प्रारंभ से अब-तक 9948.224 टन गोबर की खरीदी की जा चुकी है। जिसके एवज् में ग्रामीणों को 1 करोड़ 99 लाख 50 हजार रूपये का भुगतान उनके बैंक खाते में जारी किया जा चूका है तथा शेष राशि जारी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गोबर से अनेक प्रकार के उपयोगी सामग्रीयों का निर्माण आजीविका संवर्धन के तहत महिला समूह द्वारा किया जा रहा है। एक ओर जहां ग्रामीण गोबर बेचकर सीधे लाभ कमा रहे है तो दूसरी ओर गौठान में उपलब्ध गोबर से महिला समूह द्वारा जैविक खाद्य बनाकर इसका विक्रय से लाभ अर्जित कर रहीं है।

### गौधन योजना से खुला रोजगार का द्वार

कलेक्टररमेश कुमार शर्मा ने बताया कि गोधन न्याय योजना बहुत कारगर साबित हो रही है। वैश्विक महामारी कोरोना काल के दौरान ग्रामीणों के लिए आमदनी का बेहतर स्त्रोत बन कर उभरा है। जिसके कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था बनी हुई है। गौठान में गोबर खरीदी से अनेक प्रकार के रोजगार सृजन हुए है। प्रत्यक्ष रूप से गोबर बेचकर ग्रामीण लाभ कमा रहें है और गोबर से जैविक खाद और अन्य उपयोगी वस्तुओं का निर्माण कर महिला स्व. सहायता समूह भी लाभ कमा रहीं है। सहीं मायने में यह परम्पराओं के साथ विकास की ओर अग्रसर करने वाली योजना सिद्ध हो रहीं है।

## मध्यप्रदेश से धान का अवैध परिवहन कबीरधाम जिले में जब्त की कार्रवाई




पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के निर्देशन पर अंतर्राज्यीय अवैध धान परिवहन रोकने के लिए 23 नवंबर को चिल्फी चेक पोस्ट का अनुविभगीय अधिकारी (रा.) बोडला, खाद्य विभाग एवं चिल्फी थाना पुलिस स्टॉफ के संयुक्त टीम द्वारा ट्रक क्रमांक एम.पी. 20 एच 4252 (12 चक्का) को रोक कर जांच किया गया।

जांच में उक्त ट्रक में ड्राइवर प्रकाश यादव पिता रघुवीर सिंह, 50 वर्ष से पूछताछ की गई। पूछताछ में ड्राइवर द्वारा उक्त ट्रक के कागजात और ट्रक में लदे धान के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। लदे धान के परिवहन के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, सहायक खाद्य अधिकारी श्री कीर्ति कौशिक, खाद्य निरीक्षक अमित द्विवेदी, आकाश भूतड़ा एवं प्रधान आरक्षक महेश पांडेय एवं थाना चिल्फी के टीम द्वारा मौके पर उपस्थित होकर जांच किया गया। प्रस्तुत दस्तावेज की जांच में 620 बोरा धान वजन 252.50 क्विंटल विक्रेता-श्रद्धा सबुटी ट्रेडर्स, धरगवां, तहसील सिहोरा, जिला-जबलपुर (म.प्र.) से पूर्वी राईस मिल, दुर्ग (छ.ग.) को विक्रय उपरांत परिवहन संबंधी बिल्टी, कृषि उपज समिति-सिहोरा, जबलपुर का अनुज्ञा पत्र प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त पूर्वी राईस मिल दुर्ग द्वारा राज्य के बाहर से धान खरीदी हेतु, धान छत्तीसगढ़ में परिवहन हेतु संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग नवा रायपुर से अनुमति नहीं ली गई है। अनुमति संबंधी कोई दस्तावेज नहीं है। उक्त परिस्थिति में आगामी कार्यवाही और जांच के लिए उक्त धान मात्रा और उक्त वाहन को थाना प्रभारी चिल्फी के अभिरक्षा में दिया गया है।

## रानी दुर्गावती चौक से कलेक्ट्रेट परिसर प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित

# जुलूस, धरना, प्रदर्शन हड़ताल, भीड़ एकत्र,और ध्वनि यंत्रों के उपयोग पर 18 जनवरी तक प्रतिबन्ध

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रमेश कुमार शर्मा ने कवर्धा शहर के रानी दुर्गावती चौक कवर्धा से पुलिस अधीक्षक कार्यालय कवर्धा तक तथा कलेक्ट्रेट परिसर में रैली, जुलुस, धरना, प्रदर्शन हडताल आदि के उद्देश्य से बिना अनुमति के एकत्रित होने पर रोक लगाई है। साथ ही इन स्थलों पर ध्वनि यत्रों का उपयोग नही किया जाएगा।

कलेक्टर शर्मा ने इस आशय के आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश पुलिस, सीआरपीएफ, एसएएफ तथा कानून व्यवस्था में

**आदेश का उलंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय होगा**

लगे कर्मियों पर लागू नहीं होगा। इस आदेश का उलंघ्घन भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। यह आदेश 19 नवंबर 2020 से 11 जनवरी 2020 तक प्रभावशील रहेगा।

जारी आदेश में कहा गया है कि विभिन्न राजनैतिक दलों एवं संगठनों द्वारा अपनी मांगों को लेकर आंदोलन, धरना प्रदर्शन, नारेबाजी, आमसभा कर आम लोगों के सुगम आवाजाही के लिए उपयोग में लाए जा रहे लोक मार्ग को बाधित कर लोक न्युसेंस पैदा किया जा रहा है। जिसे कानून व्यवस्था के संबंध में सभी पहलुओं एवं तथ्यों पर विचारोपरान्त पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आदेश से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों की सूचना की तामिली एवं सुने जाने के लिए पर्याप्त समय न होने के कारण एकपक्षीय रूप से दण्ड प्रक्रिया सहिता 1973 की धारा 144 की उपधारा (1) (2) में प्रदरत शक्तियों का प्रयोग करते हुये प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा जारी किया है।

## योगेश तिवारी ने कोरोना को दी मात, पूर्ण स्वस्थ हो कर पहुँचे घर



**बेमेतरा।** किसान नेता योगेश तिवारी कोरोना को मत देकर पूर्ण स्वस्थ होकर घर पहुँचे हैं , कुछ दिन अभी होम आइसोलेशन में रहेंगे यह जानकारी देते हुए लेखमणि पान्डेय ने बताया कि पिछले 12 नवंबर से कोरोना पॉजिटिव होने के बाद से रायपुर के एम एम आई नरायणा में भर्ती थे, जहां पूरे दीपावली पर्व के दौरान पूरे 12 दिनों तक आई सी यू में गहन निगरानी में रहे। लेखमनी पाण्डेय ने बताया कि कल रात हास्पिटल से योगेश तिवारी को छुट्टी दी गई है और अभी 15 दिन होम आईशोलेशन में रहेंगे।

### अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद

योगेश तिवारी ने कहां कि मुझे अपने पिता को कोरोना से खोए तीन महीने भी पूरे नही हो पाए और मैं कोरोना से संक्रमित हो गया।उन्होंने कहा कि बेमेतरा विधानसभा की जनता की जो सेवा की है। वहाँ के गरीब मज़दूर किसान भाइयों के आशीर्वाद का ही परिणाम कि उन्हें उनके सेवा करने भगवान ने दुबारा जीवन दिया हैं। योगेश तिवारी ने कहा कि बहुत जल्द ही ठीक होकर फिर से बेमेतरा विधानसभा और छतीसगढ के सेवा में अपने आप को समर्पित कर देंगे। आप सभी का आशीर्वाद सदा मेरे साथ है। लेखमनी पान्डेय ने बताया कि योगेश तिवारी पुरे करोना कांल जिस मेहनत और लगन से तन और धन लगाकर पुरे विधानसभा में सेनोटाईज करने का काम किया।

## मंत्री अनिला भेंडिया ने विभिन्न ग्रामों में नवीन धान खरीदी केन्द्रों का किया लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंडिया ने डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम संबलपुर(लो), अछोली, संजारी, रानाखुज्जी, कोबा एवं मालीघोरी पहुॅचकर नवीन धान खरीदी केंद्रो का लोकार्पण कर अपनी बधाई एवं शुभकामनाए दी। उन्होंने नवीन धान खरीदी केंद्रो के लोकार्पण के अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों की सुविधा के लिए नवीन धान खरीदी केंद्रो की सौगात दी है। इससे किसानों को धान विक्रय में सुविधा होगी। नवीन सहकारी समितियों के





माध्यम से किसानों को समय पर खाद, बीज व ऋण मिलेगा। मंत्री श्रीमती भेंडिया ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी और उसका अधिक से अधिक लाभ उठाने उन्हें प्रेरित किया। उन्होने कृषि विभाग की हितग्राहीमूलक योजना के तहत ग्राम मालीघोरी और ग्राम कोबा में हितग्राहियों को चना और सरसो बीज का मिनीकिट प्रदान कर लाभान्वित किया। मंत्री भेंडिया ने ग्राम दुधली में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु पांच लाख रुपए की घोषणा की। इस अवसर पर डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डोमेंद्र भेंडिया सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और ग्रामीण उपस्थित थे।

## मितानिन दिवस पर हुआ मितानिन बहनों का सम्मान




**कुम्हारी।** निकटवर्ती ग्राम खपरी में मितानिन दिवस मनाया गया। जिसमें उपस्थित सरपंच विमला साहू, सचिव हुकुमचंद बंजारे एवं पंचगण संतोष जांगड़े, खिलेश्वरी टंडन, विमला सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि कृष्णा साहू सहित बड़ी तादाद में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। सरपंच विमला साहू ने मितानिन बहनों को साड़ी श्रीफल एवं फूल हार देकर सम्मानित किया एवं उन्हें कोविड 19 कोरोना काल मे किए गए उनके कार्यो की सराहना की।

## पैरा ले जाते वाहन के विद्युत तार टकराने से लगी भीषण आग

पायनियर संवाददाता ◂ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



वार्ड क्रमांक 1 सत्यम चौक के समीप पैरा से भरा टाटा एस वाहन बिजली तार से टकरा गया जिससे वाहन में पैरे में आग लग जाने के कारण वाहन भी आग के लपटों में घिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उक्त वाहन में क्षमता से अधिक पैरा भरा हुआ था। इस कारण ऊंचाई अधिक होने से तारों से टकरा गया जिससे चिंगारी निकल कर पैरों में आग लग गई।

बेकाबू होते आग को देख वाहन चालक और उसका सहयोगी वाहन छोड़ जान बचाकर भागे। आसपास के लोगों ने बेकाबू आग को बुझाने के लिए समीप के हैंड पंप से पानी निकाल कर प्रयास किया। नगरपालिका परिषद कुम्हारी के वार्ड क्रमांक 1 के सत्यम चौक के पास सोमवार की शाम करीब 7 बजे हड़कंप मच गया जब एक पैरा से भरी टाटा एस धू धू कर जलने लगी। घटना के मुताबिक एक टाटा एस गाड़ी जो पैरा से भरी हुई थी जो ऊपर तार से टकराई और उसमें आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गाड़ी में बहुत ऊपर तक पैरा भरा हुआ था जिसकी वजह से ही वह तार से टकरा गई तार के टकराते ही चिन्गारी निकली जिससे आग लगी देखते ही देखते पूरी गाड़ी में आग फैल गई जिससे ड्राइवर सहित वाहन में सवार तीन लोग जान बचा कर भागे। धू धू कर जलती गाड़ी को देखकर आसपास के लोगों ने वहीं के बोरिंग से पानी लेकर आग को बुझाने का प्रयास किया। इसके पश्चात तत्काल नगरपालिका के टैंकर से आग पर काबू पा लिया गया।

## संसदीय सचिव ने किया नवीन धान खरीदी केंद्र का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◂ नवागढ़
www.dailypioneer.com

संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरतरा, नेवसा एवं प्रतापपुर के दौरे पर रहे। जहाँ उन्होंने सेवा सहकारी समिति एवं धान खरीदी केंद्र का उद्घाटन किया। ग्राम बोरतारा और प्रतापपुर संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने मितानिनों को साड़ी भेट कर सम्मानित किया।



वहीं कृषि विभाग के द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत ग्राम बोरतरा और ग्राम प्रतापपुर के किसानों को चना बीज का वितरण किया। जिसमे बोरतरा से 100 किसान लाभान्वित हुए,वही प्रतापपुर में 150 से ज्यादा किसान को चना का बीज वितरण किया गया। गुरदयाल सिंह बंजारे ने कहा के पहले विधानसभा में केवल 22 सेवा सरकारी समितियां ही थी। जिससे किसानों को अपने धान की फसल बेचने और धान बीज खरीदने व खाद्य खरीदने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। किसानों को लंबी दूरी तय कर अपनी फसल बेचने और खेती के लिए खाद खरीदने जाना पड़ता था। जिससे उनके समय की बर्बादी के साथ साथ आर्थिक बोझ भी उन पर पड़ता था।

संसदीय सचिव ने आगे कहा जिस समय चुनाव प्रचार में थे उस समय से ही किसानों की समस्या से अवगत है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जब किसानों की समस्याओं से अवगत कराया तो उन्होंने किसानों की समस्या को दूर करने क्षेत्र में 17 नवीन सोसाइटी के गठन किया, जिसका लाभ आप सभी किसान को मिलेगा। इसके साथ अब विधानसभा में 29 सेवा सहकारी सोसायटी हो गए है। क्षेत्र के किसान अब गांव में ही अपनी फसल बेच पाएंगे और सेवा सहकारी के माध्यम से मिलने वाला खाद बीज भी खरीद पाएंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ सुरेंद्र तिवारी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ,अरविंद कुर्रे सरपंच संघ अध्यक्ष, देवेन्द्र साहू ,विधायक प्रतिनिधि , मोंटू तिवारी विधायक प्रतिनिधि, रज्जु साहू सरपंच बोरतरा, तुलसी साहू नेवसा सरपंच, मनीष साहू प्रतापपुर सरपंच ,सुख सागर साहू, भागवत साहू, संन्तोष साहू, संतोष बंजारे ,रामचरण चंद्राकर ,किशोर चंद्राकर, राजेन्द्र कुमार वारे नोडल अधिकारी जिला सेवा सहकारी समिति , सोमेंद्र साहू प्राधिकृत अधिकारी, नेवशा समिति प्रबंधक नरेन्द्र सिंह ठाकुर, बोरतरा समिति प्रबंधक रामप्रकाश साहू,जनार्दन जायसवाल ,प्रिंस देहरे, पिन्टू अनंत, मनीष परिहार ,आदर्श सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## संगठित एवं असंगठित कर्मकारो का अधिक से अधिक पंजीयन कराकर लाभान्वित करने के दिए निर्देश

# मोबाइल मेडिकल यूनिट का आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने लिया जायजा

### 2637 लोगों ने अब तक कराया स्वास्थ्य परीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्लम क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से शिविर लगाकर लोगों का निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें वहीं दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है! आज निगम आयुक्त ऋुतुराज रघुवंशी ने संतोषी पारा क्षेत्र के मिलन चौक तथा बालाजी नगर के यादव पारा स्लम बस्ती में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया!

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अशोक द्विवेदी उपस्थित रहे! आयुक्त रघुवंशी ने शिविर में चिकित्सकों से चर्चा कर उपलब्ध



दवाइयों की जानकारी ली, स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज के लिए किस प्रकार के बीमारी के लोग शिविर में अधिक उपस्थित हो रहे हैं इसके बारे में जानकारी प्राप्त किए!

स्वास्थ्य लाभ लेने आए हुए मरीजों से मिलकर उन्हें परीक्षण उपरांत उपलब्ध कराई गई दवाई एवं दवाई की पर्ची का अवलोकन किया! उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय पर मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर स्थल में पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने दवाइयों की उपलब्धता, स्वास्थ्य परीक्षण हेतु पर्याप्त इक्विपमेंट्स को लेकर उपस्थित चिकित्सकों से चर्चा की। संगठित, असंगठित, भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकारो का शिविर स्थल के माध्यम से अधिक से अधिक पंजीयन कराने के लिए फार्म वितरण एवं फार्म को जमा कराने के निर्देश दिए!

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने दाई-दीदी क्लीनिक का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दे चुके हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविर में अब तक 2637 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया है।

जिसमें से 624 मरीजों का लैब टेस्ट शिविर में किया गया, 2330 मरीजों को दवाई का निःशुल्क वितरण किया गया! संतोषी पारा क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र पास लगे हुए शिविर में मितानिन ने भोजन बनाने के लिए कक्ष निर्माण का आयुक्त महोदय से अनुरोध किया, इस पर आयुक्त महोदय ने स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए! निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त जोन क्रमांक 3 प्रीति सिंह एवं जोन क्रमांक 4 के आयुक्त अमिताभ शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी परमेश्वर चंद्राकर एवं बालकृष्ण नायडू, जोन के स्वच्छता अधिकारी आरपी तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

## चिल्फी पुलिस की सवेदनशील कार्यवाही

### मानसिक रूप से अर्ध विक्षिप्त महिला को पहुँचाया परिजनों तक

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक ालभ सिन्हा जिला कबीरधाम के मार्ग निर्देशन एवं अनिल कुमार सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम, अजीत कुमार ओगरे पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला के दिशा निर्देशन में थाना चिल्फी द्वारा लगातार अपराध पर अंकुश लगाते हुए मानवीय पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है। चिल्फी पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण के साथ साथ अपनी सामाजिक एवं मानवीय दायित्व को पूरा करते हुए



अर्ध विक्षिप्त रूप से हाईवे चिल्फी ग्राम में घूम रही एक 27 वर्षिय महिला की सूचना मिलने पर तत्काल चिल्फी थाना स्टाप द्वारा महिला के पास पहुंच कर महिला आरक्षक द्वारा विधि सम्मत सवेदनशीलता से पुक्षताल किया गया। महिला के द्वारा टूटे फूटे भाषा में मोतीनाला मध्यप्रदेश की ओर से आना बताया। जिस पर उसकी फोटो लेकर मोतिनाला, बिक्षिया (मध्यप्रदेश) थाना से संपर्क कर पतासाजी किया गया। जिसमे महिला मोटीनाला थाना क्षेत्र की रहना पता चला। जिसे पुलिस अधीक्षक महोदय कबीरधाम से दिशानिर्देश प्राप्त कर टीम गठित करके मोतिनाला गृह ग्राम वाहन से रवाना कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

उक्त कार्य मे चिल्फी थाना स्टाप व डायल 112 का महत्वपूर्ण योगदान था।

## क्विक न्यूज

### जिले में लागू धारा 144 हुआ निरस्त

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आदेश जारी किया है जिसमें उगेख है कि रायगढ़ जिले के समस्त नगरीय सीमा क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र के साथ-साथ संपूर्ण जिले में 20 दिसम्बर तक या आगामी आदेश पर्यन्त तक लागू दण्ड प्रक्रिया सहिता 1973 की धारा 144 को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि शासन स्तर पर होने वाले निर्णय के आधार पर ही आगे कार्रवाई की जाएगी।

### मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप में हेतल ने स्वर्ण विशाल ने रजत पदक जीता

**सक्ती।** मार्शल आर्ट्स फेडरेशन एमटी हैंड्स कोम्बेट चिताह जीत कुनि दो फेडरेशन के तत्वावधान 21 नवंबर अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन चैंपियनशिप अमेरिका नाम्पा इडाहो में आयोजित हुआ जिसमें मूवमेंट्स केटेगिरी में छत्तीसगढ़ से 8 वर्ष की हेतल भारती ने स्वर्ण पदक और विशाल पाटले ने सिल्वर पदक प्राप्त किया जिसके लिए ग्रांड मास्टर चिताह यजनेश शेट्ठी, अमेरिका ग्रांड मास्टर कोशमो जिमिक, सहित सभी जजो को छत्तीसगढ़ के प्रतिभा हेतल भारती, विशाल पाटले को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिफू श्याम कुमार गुप्ता सेंसेई टार्जन भारती सहित सभी पदाधिकारियों, खिलाड़ी गण ने शुभकामनाएं दी।

### मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने 16 नवंबर से

**सक्ती।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 16 नवंबर 2020 से 15 दिसंबर 2020 तक प्रत्येक मतदान केंद्रों में चलाया जाएगा, तथा इस दौरान मतदान केंद्रों में अभिहित अधिकारी कार्यालयिन समय में उपस्थित रहेंगे तथा ऐसे नागरिक जिनकी आयु 1 जनवरी 2021 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण होने वाली है, एवं जिनका नाम पूर्व में किसी मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वह अपने संबंधित मतदान केंद्रों में जाकर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं।

# जंगल सफारी की तर्ज पर चल रहा गोमर्डा अभ्यारण्य

- **15 तरह के बाज, तो तीन सौ प्रजातियों की तितलियां देखे जा सकते हैं, गौर बना मुख्य आकर्षण का केन्द्र**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




जंगल सफारी की तर्ज पर गोमर्डा अभ्यारण्य चल रहा है और यहां मौजूद वन्यप्राणी पर्यटकों को लुभा रहे हैं। रायगढ़ जिला सहित अन्य जिलों से भी पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। पूर्व में आए एक्सपर्ट ने यहां जब कार्य किए तो उन्हें इस बात का भी पता चला कि गोमर्डा अभ्यारण्य में 15 तरह के बाज तो लगभग तीन सौ प्रजातियों की तितलियां भी यहां मौजूद हैं और जंगल सफारी की तर्ज पर यहां जिप्सी में घूम कर वन्यप्राणी देखने का आनंद पर्यटक उठा रहे हैं।

277.20 स्क्वायर किलो मीटर में फैला गोमर्डा अभ्यारण्य जुलाई से 31 अक्टूबर व लॉकडाउन में बंद कर दिया गया था, लेकिन अब गोमर्डा अभ्यारण्य पूर्व की तरह फिर से संचालित है, पर कोविड नियमों का पालन सोशल डिस्टेसिंग व मास्क की अनिवार्यता के साथ अब अभ्यारण्य को चलाया जा रहा है और पर्यटक भी अभ्यारण्य का आंनद लेने पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि जंगल सफारी की तर्ज पर यहां पर्यटक जिप्सी में बैठकर अभ्यारण्य में घूम रहे हैं और स्व%छंद रूप से विचरण कर रहे वन्यप्राणियों को देखकर आनंद उठा रहे हैं। गोमर्डा अभ्यारण्य में चार जिप्सी है, जिसमें पर्यटकों के द्वारा बुकिंग कर प्रवेश दिया जाता है और जिप्सी में एक ड्रायवर के साथ एक गाइड भी होता है, तो अभ्यारण्य की खुबियों व यहां के वन्यप्राणियों के बारे में जानकारी देते हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि गोमर्डा अभ्यारण्य का मुख्य आकर्षण गौर है, जो काफी संख्या में यहां पाया जाता है। कई झुंड गौर के देखे जा सकते हैं। इसके अलावा मोर, खरगोश, तेंदुआ, जंगली सुअर, हिरण, नीलगाय, चौसिंघा, कोटरी, भालू सहित अन्य वन्यप्राणी मौजूद हैं। यहीं नहीं विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में कुछ एक्सपर्ट यहां आए थे और उन्होंने जब यहां काम किया, तो उन्होंने पाया कि यहां लगभग 15 तरह के बाज व तकरीबन तीन सौ प्रजातियों की तितलियां यहां मौजूद हैं। यहां मल्दा से कोर्रापानी, गोमर्डा से माडुसिगी, टमटोरा से तेंदुढार, गोमर्डा से दैय्यान सहिम पांच रूट हैं। बारिश के दिनों माडूसिगी में जलप्रपात होने की वजह से पर्यटकों की काफी भीड़ होती है, तो शेष समय भी पिकनिक मनाने वाले लोग पहुंचते रहते हैं। यहां अग्रिम बुकिंग के लिए 9893724740, 9340845598, 9399935736 में भी संपर्क किया जा सकता है।

**लगातार कर रहे निगरानी-** अभ्यारण्य की सुरक्षा के लिए भी दिन रात वनकर्मी यहां कार्य कर रहे हैं। विभाग के अधिकारियों के द्वारा लगातार गोमर्डा अभ्यारण्य को सुरक्षित रखने की दिशा पर कार्य किया जा रहा है। जिसका नतीजा है कि यहां लगातार वन्यप्राणियों की संख्या बढ़ते जा रही है। यही कारण है कि पूर्व में यहां शिकार का मामला सामने आया था, तो तत्काल विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की सक्रियता के कारण शिकारियों को धरदबोचा गया था। अभ्यारण्य की निगरानी लगातार यहां की जा रही है।

**ट्रेप कैमरे में कैद होते हैं वन्यप्राणी-** बताया जा रहा है कि वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए लगातार यहां निगरानी की जा रही है। वहीं दूसरी ओर जगह जगह ट्रेप कैमरे लगाए गए हैं। ऐसे में ट्रेप कैमरों में वन्यप्राणी कैद हो जाते हैं।

> 277.20 स्क्वायर किलो मीटर में गोमर्डा अभ्यारण्य फैला हुआ है। यहां कई प्रकार के वन्यप्राणियों को देखा जा सकता है। 15 प्रकार के बाज व तीन सौ प्रजातियों की तितली भी यहां हैं। पर्यटकों की सुविधा के लिए जिप्सी बुकिंग में दी जाती है और साथ ही गाइड होता है जो यहां की कई जानकारी देते हैं। लगातार यहां की सुरक्षा के लिए वनकर्मी कार्य कर रहे हैं।
>
> **आरके सिसोदिया**
> अधीक्षक, गोमर्डा अभ्यारण्य

## वाहन चेकिंग, बिना मास्क लगाए घूमते पकड़ा गया गांजा तस्कर

- **ओडिसा से मोटर सायकल पर ला रहा था गांजा, आरोपी से 10 किलो गांजा व बाइक जप्त**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पड़ोसी प्रांत ओड़िसा से मादक पदार्थों की तस्करी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी के तहत वाहन चेकिंग व बिना मास्क कार्रवाई के दौरान बरमकेला पुलिस ने एक युवक के पास 10 किलो गांजा बरामद कर मोटर सायकल को जब्त किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर पूरे जिले में बिना मास्क पर कार्रवाई की जा रही है। एसपी की ओर से प्रतिदिन प्रमुख चौक, मुख्य मार्गों, भीड़-भाड़ के इलाकों में कार्रवाई के निर्देश हैं।

इसी तारतम्य में बीते दिन थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक नेल्सन कुजूर के हमराह स्टाफ द्वारा वाहन चेकिंग, मास्क अभियान की कार्रवाई की जा रही थी। इसी दरम्यान शाम करीब सवा 5 बजे सहायक उप निरीक्षक विजय गोपाल एवं स्टाफ आरक्षक दिनेश कुमार, विजय यादव, मिकेतन पटेल, कन्हैया चौहान द्वारा मुखबिर के बताये हुलिया मुताबिक बाईक चालक को उड़ीसा की ओर से आते समय सुभाष चौक बरमकेला के पास रोके। बाइक चालक एक बैग को मोटरसायकल में बैग को सामने रखा हुआ था, पूछताछ में अपना नाम गौरव व्यास उम्र उम्र 27 वर्ष निवासी सदर बाजार बजरंगगढ़ थाना बजरंगगढ़ जिला गुना (मध्य प्रदेश) का रहने वाला बताया तथा अपने पास रखे बैग के संबंध में पूछताछ करने पर उड़ीसा तरफ से गांजा लेकर आना बताया है जिसके बैग को चेक करने पर बैग के अंदर 10 पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा वजन करीबन 10 किलो कीमती 50,000 रुपए मिला। आरोपी गौरव व्यास से अवैध गांजा परिवहन में प्रयुक्त टीवीएस स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 08 एमपी 5061 को गांजा के साथ जप्त कर कब्जे में लिया गया।

## लायनेस क्लब सक्ती ने मनाया दिवाली मिलन



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

लायनेस क्लब सक्ती के सदस्यो ने अध्यक्ष लायनेस अनीता सिहं के निवास में कोविड19कारोना महामारी के नियमों का पालन करते हुये दिवाली मिलन मनाया एवं क्लब के आगे की गतिविधियों के बारे में चर्चा की गई एवं पी एम केयर फंड में सक्ती क्लब की ओर से 1000 की सहयोग राशि डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट अनीता अग्रवाल के एकाउंट में भेजा गया, इस अवसर पर लायनेस अध्यक्ष अनीता सिहं, माइक्रो चेयरपर्सन डॉ शालु पाहवा, चेयरपर्सन मंजु जायसवाल, चेयरपर्सन लता नायक एवं रामकुअंर साहु, लक्ष्मी रेड्डी, भगवती देंवागन एवं अन्य सदस्य उपास्थित रहे।

## साप्ताहिक बंद के दिन दुकानें खुली रखकर गुमाश्ता एक्ट का किया विरोध

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



साप्ताहिक बंद के दिन बड़ी व्यवसायिक प्रतिष्ठानें अपनी दुकानें खुली रखकर गुमाश्ता एक्ट का किया विरोध । शिवरीनारायण जांजगीर-चाम्पा जिले का प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र है। यहां लगभग 5 महीनों से विधिवत गुमाश्ता एक्ट लागू हुआ है । जिसके तहत सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार के दिन दुकानें बंद रहती है । लेकिन पिछले कुछ सप्ताह से नगर में साप्ताहिक बंद का विरोध होना प्रारंभ हो गया है। बीते मंगलवार को नगर के कुछ बड़े कपड़ा, इलेक्ट्रानिक्स , सायकल, बर्तन, छड़ सिमेंट, हॉटल आदि दुकानों के संचालकों द्वारा अपनी प्रतिष्ठानें खुली रखकर नगर में लागू गुमाश्ता एक्ट का विरोध किया गया। इन व्यापारियों का कहना कि सप्ताह में एक दिन दुकानें बंद रखने से महीने में चार दिन हमारी दुकानें बंद हो जाती है।ऐसे में हम अपने प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों के वेतन और दुकानों की किराये राशि की व्यवस्था करने में काफी परेशानी आ रही है, वे इसी बात से चिंतित होकर साप्ताहिक बंद का विरोध कर रहे हैं। नगर में ऐसे कई व्यवसायिक संस्थानें हैं जहां 10 से 15 कर्मचारी कार्य करते हैं और कुछ व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में 40 से 50 कर्मचारी कार्यरत हैं वही इस नगर में दुकान किराये की ऊंची दर होने के कारण कर्मचारियों के वेतन और दुकानों के किराये भुगतान को लेकर व्यापारियों का चिंतित रहना स्वाभाविक है ।

### साप्ताहिक बंद का पहला विरोध थोक सब्जी व्यवसायियों ने किया

लगभग दो माह पूर्व सप्ताहिक बंद का पहला विरोध नगर पंचायत के दुकानों में संचालित थोक सब्जी मंडी के व्यापारियों ने किया। हालांकि नगर पंचायत शिवरीनारायण के मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने इनके विरूध्द कार्यवाही की मगर इन थोक सब्जी व्यापारियों द्वारा जिले के उच्चाधिकारी से अनुमति लेकर साप्ताहिक बंद के दिनों में भी अपनी दुकानें खोली जा रही है ।

**विरोध का जिम्मेदार प्रशासन है** -उल्लेखनीय है कि शिवरीनारायण में जब गुमाश्ता एक्ट लागू हुआ तो इसका स्वागत नगर के सभी व्यापारियों ने किया था यहां तक कि नगर के फूटपाथ एवं दैनिक सब्जी हटरी में पसरा एवं ठेलों पर दुकान लगाने वाले छोटे - छोटे दुकानदारों ने भी अपनी -अपनी दुकाने बंद रख कर साप्ताहिक बंद को पूर्ण समर्थन दिया लेकिन जब थोक सब्जी मंडी के व्यवसायियों ने इस नियम का उल्लंघन किया।

## विकलांगता विषयक राष्ट्रीय कवि गोष्ठी के परिणाम घोषित

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद बिलासपुर( छत्तीसगढ़) द्वारा 9 अगस्त 2020 को ऑनलाइन राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया था,यह पहला अवसर था जब गविकलांगताग पर काव्य गोष्ठी का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया जिसमें पचास प्रतिभागियो ने भाग लिया था, अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के विकलांग- विमर्श शोध पीठ के निदेशक डॉ. विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय महामंत्री मदन मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ,दीपिका दुबे (सहायक अधीक्षक भू अभिलेख)के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्नहुआ था । जिसमें प्रथम पुरस्कार डॉ .नीलिमा मिश्रा( प्रयागराज )प्रतीश कुमार शर्मा (रायपुर), द्वितीय पुरस्कार बुधराम यादव (बिलासपुर) ,डॉ. वीर अभिमन्यु सिंह (बीना मध्य प्रदेश ),तृतीय पुरस्कार उदय पटेल (मुंबई ),आकाश कुमार (बैंगलोर) तथा सांत्वना पुरस्कार विकास सिंह (सिंगरौली मध्य प्रदेश), पिंटू राम साहू (रायपुर) ,स्वर्णिम शुक्ला (बिलासपुर ),शशिदीप (मुंबई ),शैली कौशिक (बिलासपुर) को दिया गया।

## 12 -13 दिसंबर को देश की नई शिक्षा नीति के संदर्भ में दो दिवसीय नेशनल एजुकेशन सेमिनार

- **इनोवेटिव टीचर्स मीट-2020 कार्यक्रम**

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रगतिशील एवं नवाचारी शिक्षक महासंघ प्रदेश इकाई के तत्वावधान में कोरबा जिले के वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र पाली विकासखंड मुख्यालय स्थित- मंगल भवन पाली में दिनाँक 12-13 दिसम्बर 2020 को गदेश की नई शिक्षा नीति के संदर्भ में तथा विभिन्न शैक्षिक विषयों पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक सेमिनार एवं इनोवेटिव टीचर्स मीट-2020ग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं,गनेशनल एजुकेशन सेमिनार एवं इनोवेटिव टीचर्स मीट-2020 कार्यक्रम में देश की नई शिक्षा नीति के संदर्भ में तथा विभिन्न शैक्षणिक विषयों - गदेश की नई शिक्षा नीति का वर्तमान परिदृश्य में आवश्यकता एवं महत्व , गशिक्षा में नवाचार एवं वर्तमान शिक्षा प्रणाली के साथ समन्वयग , ग21 वीं सदी में शिक्षा की चुनौतियाँ एवं उनका समाधानग , गस्कूल शिक्षा में विद्यार्थियों के लिये परामर्श (काउंसलिंग) का महत्व, औचित्य एवं चुनौतियाँ ग , गस्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा में समन्वय, चुनौतियाँ एवं समाधानग , गविद्यार्थियों के भविष्य संवर्धन की राह में उच्च शिक्षा की चुनौतियाँ एवं उनका समाधानग , गसामाजिक समरसता के लिये शिक्षकों की भूमिका एवं महत्वग , गवर्तमान परिप्रेक्ष्य में वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौर में शिक्षा की स्थिति एवं चुनौतियाँ ग विषय पर तथा नये शैक्षिक नवाचारी आइडियाज पर आधारित दो दिवसीय ग राष्ट्रीय शैक्षिक सेमिनार ग एवं नवाचारी शिक्षक सम्मेलन ( इनोवेटिव टीचर्स मीट-2020) के अभिनव कार्यक्रम का आयोजन वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य विकासखंड - पाली , जिला- कोरबा में कोविड-19 से बचाव हेतु सभी सुरक्षा उपायों का समुचित रूप से पालन करते हुए आयोजित किया जा रहा हैं,छत्तीसग? प्रगतिशील एवं नवाचारी शिक्षक महासंघ के कार्यक्रम आयोजन प्रभारी डॉ. गजेंद्र तिवारी जिला संयोजक कोरबा ने बताया कि प्रदेश में प्रथम बार कोरबा जिले के वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र - पाली विकासखंड मुख्यालय स्थित- मंगल भवन पाली में आयोजित किये जा रहे।

## केंद्र सरकार द्वारा पारित किसान एवं श्रम विरोधी काला कानून बिल के विरोध में इंटक का आज धरना प्रदर्शन: दीपक दुबे

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार द्वारा पारित किसान एवं श्रम विरोधी काला कानून बिल के विरोध में इंटक द्वारा जिला मुख्यालय में धरना आंदोलन दिनाँक 26 नवम्बर समय 11 बजे से प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन की जाएगी भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक दुबे ने बताया कि केंद्र सरकार के लोकसभा में पास किये काला कानून किसान बिल एवं श्रम कानून, ट्रेड यूनियन कानून जो श्रमिक किसान एवं मजदूर यूनियन के अहित में है उसका विरोध, धरना प्रदर्शन कर इन काला कानून को वापस लेने की मांग की जाएगी लोकसभा में किसान एवं श्रम कानून संबंधी तीन विधेयक पास किया गया है।

ये तीनों बिल प्रवासी और असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों की परिभाषा को बदल सकते हैं, जिसका हम श्रमिक नेता विरोध करते है। लोक सभा मे विपक्ष के नेताओ के विरोध बावजूद सरकार ने देश में श्रम कानून से जुड़े तीन महत्वपूर्ण बिल पास कराए भारत में कर्मचारियों और मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए कानून पंडित जवाहरलाल नेहरू , इंदिरा गांधी के द्वारा बनाया गया डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के बनाये गये संविधान में किसानों और मजदूरों की हितरक्षा का प्रावधान किया गया है। जिसे मोदी सरकार ध्वस्त करने में लगी है। मोदी सरकार के द्वारा लाए गए चार श्रमिक कोड पूरी तरह से मजदूर विरोधी , कर्मचारी विरोधी है।

## पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक तथा दलाल पर उचित कार्यवाही करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



शिवसेना जिलाध्यक्ष ठा. ओंकार सिंह गहलोत के निर्देशानुसार दिलीप साहू जिला उपाध्यक्ष के अध्यक्षता में नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भादा आश्रित ग्राम गाड़ापाली के जय बुढा देव स्व सहायता महिला समूह को शासन के द्वारा व्यवसाय चलाने के लिए 10/सिंतबर को फार्म भरा गया था। जिसमें 3,00,000 तीन लाख रुपए शासन के द्वारा स्वीकृत किया जा रहा है। जिसमें यहां दो समूह हैं। अर्थात दोनों समूह एक ही दिन 3-3 लाख रुपए का फॉर्म भरे हैं। जिसमें की जय बुढा देव स्व सहायता महिला समूह का रकम पास हो गया है। एवं निकाला जा रहा है। जिसमे जय बूढ़ादेव स्व सहायता महिला समूह ने दलाल को रकम देने से इनकार कर दिये। इसलिए बैंक प्रबंधक कैसियर व ग्राम सेवक पोर्ते जी व दलाल जो कह रहे हैं। उसी के आधार पर कार्य कर रहे हैं। इनके मुख्य दलाल श्रीमती कंचना बाई कश्यप व जलेश कश्यप यह दोनों पैसे की मांग कर रहे हैं। और कहते हैं कि जब तक हम लोगों को तीन तीन हजार नहीं देंगे तो बैंक से लोन मिलेगा। जबकि 7/11/2020 को ग्राम गाड़ापाली में पंजाब नेशनल बैंक का शिविर लगा था। जिसमें बैंक प्रबंधक खुद आकर बोला था। इस विषय पर ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की गई। जिसमें मुख्य रूप से दिलीप साहू जिला उपाध्यक्ष, ईश्वर साहू जिला सचिव, रमेश साहू जिला कार्यकारणी सहित अन्य शिवसैनिक उपस्थित थे।

## पेज 1 के शेष...

### नये मामले फिर 44 हजार ...

हो गयी है। तेलंगाना में कोरोना के सक्रिय मामले घटकर 10,886 रह गए हैं और 1441 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 2.53 लाख से अधिक लोग इस महामारी से ठीक हुए हैं। पश्चिम बंगाल में कोरोना के सक्रिय मामलों में 150 की कमी आने के बाद संख्या घटकर 24,880 हो गयी है और 8121 लोगों की मौत हुई है। राज्य में अब तक साढ़े चार लाख से अधिक लोग स्वस्थ हुए हैं। पंजाब में सक्रिय मामले 6834 है तथा संक्रमण से निजात पाने वालों की संख्या 1.36 लाख से अधिक हो गई है जबकि अब तक 4653 लोगों की मौत हो चुकी हैं। मध्य प्रदेश में सक्रिय मामलों की संख्या 643 बढ़कर 12,979 हो गयी है तथा अब तक 1.80 लाख से ज्यादा लोग स्वस्थ हो चुके हैं जबकि 3183 लोगों की इस बीमारी से मौत हो चुकी है। गुजरात में सक्रिय मामले 14,044 हो गए हैं तथा 3892 लोगों की मौत हुई है और 1.82 लाख लोग इस बीमारी से स्वस्थ भी हुए हैं। बिहार में सक्रिय मामले 4897 हो गये हैं। राज्य में कोरोना से 1233 लोगों की मौत हुई है जबकि 2.24 लाख से अधिक लोग संक्रमणमुक्त हुए हैं। कोरोना महामारी से अब तक छत्तीसगढ़ में 2767, हरियाणा में 2249, राजस्थान में 2200, जम्मू-कश्मीर में 1651, उत्तराखंड में 1173, असम में 976, झारखंड में 955, गोवा में 679, पुडुचेरी में 609, त्रिपुरा में 370, हिमाचल प्रदेश में 572, चंडीगढ़ में 265, मणिपुर में 240, मेघालय में 110, लद्दाख में 105, सिक्किम में 102, अंडमान निकोबार द्वीप समूह में 61, नागालैंड में 61 , अरुणाचल प्रदेश में 49 तथा दादर-नागर हवेली एवं दमन-दीव में दो लोगों की मौत हुई है।

## जिले में स्थापित सभी राईस मिलों को समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग हेतु पंजीयन कराना अनिवार्य

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी.एस एल्मा ने आज यहां बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 हेतु जिले में स्थापित सभी राईस मिलों को समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। विभाग के वेबसाईट उपलब्ध लींक धान एवं चावल उपार्जन ऑनलाईन 2020-21 मिल पंजीयन 2020-21 के माध्यम से राईस मिलर द्वारा मिल पंजीयन संबंधित आवेदन तैयार किया जाना है। खरीफ विपरण वर्ष 2020-21 में जिले में स्थापित सभी राइस मिलो को समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग हेतु पंजीयन कराना अनिवार्य है।

मिलर द्वारा मिल पंजीयन हेतु आवेदन जिला खाद्य कार्यालय में आवेदन जमा किये जा सकते है। मिल पंजीयन हेतु संचालक का बैंक खाता, मिल का विद्युत मीटर नंबर एव रीडिंग की जानकारी, जीएसटी नम्बर, जिला व्यापार उद्योग केंद्र के द्वारा जारी उत्पादन प्रमाण पत्र, विद्युत बिल, मण्डी प्रसंस्करणकर्ता लाइसेंस नम्बर, मण्डी व्यापार लाइसेंस नम्बर की छायाप्रति संलग्न करना होगा। एक ही विद्युत कनेक्शन पर एक से अधिक मिल संचालित होने पर प्रत्येक मिल को पृथक से सब मीटर स्थापित करना अनिवार्य होगा। यदि मिल लीज पर है तो लीज अनुबंध की प्रति जिसमें मिल के स्वामी एवं लीज पर लेने वाले व्यक्ति का हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।

कलेक्टर एल्मा ने बताया कि गत वर्ष खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में पंजीकृत मिलों द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में मिल पंजीयन नवीनीकरण हेतु विगत वर्ष की भांति मिल संचालक द्वारा ऑनलाईन आवेदन भरकर एवं आवेदन का प्रिंट निकालकर हस्ताक्षर कर अन्य निर्धारित दस्तावेज यथा बिजली बिल, मण्डी प्रसंस्करणकर्ता, लाइसेंस नंबर, मण्डी व्यापार लाइसेंस नंबर की छायाप्रति जमा करना होगा। इसी तरह नये मिल पंजीयन हेतु मिल संचालक द्वारा आवेदन में जिला उद्योग व्यापार केंद्र में पंजीयन संबंधी जानकारी यथा उद्यम आकांक्षा नम्बर, जिला उद्योग केंद्र का प्रोडक्शन सर्टिफिक्रेट नंबर, जिला उद्योग केंद्र में पंजीकृत मिल का नाम, पेन नम्बर और चावल उत्पादन की वार्षिक क्षमता, अरवा एवं उसना मिल की धान मिलिंग की प्रति घंटा क्षमता दर्ज करना होगा। उन्होने बताया कि मिल पंजीयन के लिए भौतिक सत्यापन का कार्य गत वर्ष की भांति एनआईसी के द्वारा तैयार किये गये मोबाइल एप्प के माध्यम से किया जाएगा। आवेदन में दी गई जानकारियों का भौतिक सत्यापन एवं मिल पंजीयन का कार्य 15 दिसम्बर तक पूर्ण किया जाएगा।

## पुलिस ने 8 नग मोटर पंप, 2 मोटर साइकल एवं केबल वायर बरामद किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

थाना सिटी कोतवाली मुंगेली के अंतर्गत लगातार चोरी की रिपोर्ट प्राप्त हो रही थी, जिस पर पुलिस अधीक्षक मुंगेली अरविंद कुमार कुजूर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुंगेली केपी चंदेल एवं सी.डी. तिर्की के मार्गदर्शन में एस.डी.ओ.पी. मुंगेली के नेतृत्व में टीम बनाकर माल मशरूका की पतासाजी हेतु लगातार सूचना संकलन करने के दौरान मुखबीर की सूचना पर मुंगेली के आसपास के क्षेत्रों में कुछ लोग मोटर पंप बेचने की फिराक में घूम रहे हैं सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह अपनी टीम के साथ पंडरिया रोड में वैष्णव फार्म हाऊस के पास एक व्यक्ति कुछ संदिग्ध व्यक्ति के बताये हुलिये से मिलते जुलते थे खड़े मिले उनको घेराबंदी कर पूछताछ करने पर पहले तो नानुकुर करते रहे पर कड़ाई से पूछताछ करने पर मुंगेली क्षेत्र के कुछ गांव के खेतों में लगे पंप को गैंग बनाकर रात में चोरी करना कबल किये. जिससे उनकी निशानदेही पर 08 नग मोटर पंप, 02 मोटर साइकल एवं केबल वायर बरामद किया गया जिसकी कल कीमत लगभग 1,80,000 रू0 (एक लाख अस्सी हजार रूपये) है तथा ईश्तागाशा क्रमांक 05/2020 धारा 41/1-4) जा.फौ. 379 भा.द.वि. में आरोपी आकाश सिंह एवं पुष्पेंद्र साहू से 01 मोटर साइकल, 02 नग मोटर पंप और 02 नग कंप्यूटर सिस्टम कुल कीमती 70,000 रू0 जप्त कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

# भगवान विष्णु का चर्तुमास समाप्त, एकादशी पूजन के साथ मांगलिक कार्यों का शुभारंभ





**पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली**
www.dailypioneer.com

मुंगेली में देवउठनी एकादशी के साथ ही देवताओं का चातुर्मास समाप्त होगा इसके साथ ही चार माह से बंद मांगलिक कार्यों की शुरूआत होगी। 25 एवं 26 नवंबर को घरों के आंगन में गन्ने का मंडप बनाकर तुलसी एवं शालिग्राम का विवाह रचाया जायेगा। एकादशी की पूजा के लिये लगने वाली सामाग्री बजारों में बिकने पहुच गये है। महगाई की मार इस त्यौहार पर भी नजर आ रही है, सभी पूजा के समानों में 10 से 20 प्रतिशत की वृद्धि पिछ्ले वर्ष से हुयी है। देवउठनी एकादशी पर लोग अपने घरों के कुड़े करकट एवं पूराने टोकरी जलाकर आग तापने की मान्यता है देवउठनी एकादशी के पश्चात् ठंड में अचानक वृद्धि हो जाती है।

कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी यानी 24 एवं 25 नवंबर को देवउठनी एकादशी मनाई जायेगी। शास्त्रों के अनुसार इस दिन से मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं, लेकिन इस बार शादी के मुहूर्त कम है, मांगलिक कार्यो की शुरुआत 12 नवंबर से शुरू होंगे। देवउठनी के दिन भगवान विष्णु और तुलसी मैया का विवाह का विधान है इसके लिए गन्ने का मंडप बना कर विधि विधान से पूजा पाठ किया गया।

प्रबोधिनी एकादशी पर तुलसी चौंरा के पास सालिग राम की मूर्ति रखकर गन्ने का मंडप बनाया गया और तुलसी विवाह संपन्न किया जावेगा। पूजा पाठ के पश्चात् घरों में दीपक जलाया जायेगा। दीपावली के ग्यारहवें दिन मनाये जाने वाले इस पर्व को छोटी दीपावली के नाम से भी जाना जाता है। एकादशी के लिये लगने वाले सामाग्री में गन्ना, बीही, कच्चा सिंघाड़ा, चना भाजी, बेर, केला, मूली, बैगन, सेव फ्ल आदि भगवान को समर्पित किया जाता है। इन सामाग्रियों की पूछ-परख अधिक होने के कारण अधिक मूल्य पर बिकते है।

एकादशी के पश्चात् शादी-ब्याह, गृह प्रवेश, उपनयन संस्कार, नामकरण जैसे मांगलिक कार्य जो रुके हुए थे, वे चातुर्मास समाप्त होने पर फिर से शुरू हो जाएंगे। वैसे हर बार देवउठनी एकादशी के दिन से ही शादी का मुहूर्त शुरू हो जाता है लेकिन इस बार व्यतिपात योग के कारण ऐसा नहीं होगा। देवशयनी एकादशी के बाद से मांगलिक कार्यों पर विराम लगा था। घरों में पूजापाठ के पश्चात् घर के पुराने टोकरी व अन्य सामानों को घर के बाहर जलाकर तापा जाता है। मान्यता है कि तुलसी विवाह के पश्चात् ठंड में अचानक वृद्धि हो जाती है।

# पराली को जलाने से बचाए, पैरा को गौठानों में करें दान : कलेक्टर

**पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा**
www.dailypioneer.com

कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने राजस्व विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा किए है। उन्होंने जिला पंचायत सभागार में पहले सत्र में जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों के साथ एवं दूसरे सत्र में पंचायत एवं कृषि, खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किये है। उन्होंने बैठक में कहा की किसानों का अधिकांश धान कट गया है। जो बचें हुए पैरा है उन्हे जलाएं नही, बल्कि किसान भाई उन्हें अपने नजदीकी गौठानों में दान कर सकतें है। पैरा को संग्रहण करनें की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को दी गयी है। उन्होंने आगें कहा कोविड संक्रमण का खतरा बना हुआ है एवं ठंड के मौसम में पराली को जलाने से संक्रमित एवं बुजुर्ग व्यक्ति को सांस लेने में तकलीफ होती है। साथ ही प्रदूषण बढ़ता है। हम सभी को सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन भी करना है। जिसके तहत पराली को जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले के सभी किसानों से अपील है की आप सभी पराली जलाएं नहीं। उन्हें निश्चित रूप से नजदीकी गोठानों में दान करें। साथ ही उन्हें खाद में बदलने के लिए डी-कंपोजर का भी उपयोग किया जा सकता है।

### अधिक संग्रहण पर मिलेगा पुरस्कार

कलेक्टर ने कहा जिस गाँव के किसान गौठान में अधिक पैरा दान करेंगे उन्हें गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किए जाएंगे। इसके साथ ही ना केवल किसान बल्कि ग्राम पंचायत, गौठान प्रबंधन समिति एवं जनपद पंचायत सीईओ एवं कृषि विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को भी सम्मानित करनें की योजना बनाई गयी है। इस बैठक के दौरान अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ हरिशंकर चौहान,उपसंचालक कृषि मोनेश साहू सहित समस्त जनपद सीईओ एवं कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# जिले के शासकीय कार्यालयों में भारतीय संविधान के प्रस्तावना का किया जाएगा वाचन

**मुंगेली।** भारत सरकार द्वारा डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर संविधान दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था। इसी के परिपालन में 26 नवम्बर को जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में भारतीय संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया जायेगा। वर्तमान में कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सुझाये गये विभिन्न दिशा-निर्देशों (सोषल डिस्टेसिंग, मास्क पहनना इत्यादि सुरक्षात्मक उपाय) पालन विभिन्न स्तरों पर किया जा रहा है।

# सरिता ठाकुर मातर मड़ाई मेला में शामिल हुई

**पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा**
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर के द्वारा विभिन्न गांव का दौरा कर मातर मड़ाई मेला के कार्यक्रम में भाग लिया और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेंद्र बघेल की योजनाओं का विस्तार से बताया गया नरवा गरवा घुरवा बारी गौठान् से संबंधित एवं 25 रुपए में धान खरीदी छत्तीसगढ में हो रहा है कोरोन महामारी के चलते छत्तीसगढ़ में विकास में कमी नहीं हो रहे हैं और ना ही कमी आएगी छत्तीसगढ़ सरकार किसान गरीब के हितैषी सरकार है जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सतनारायण ठाकुर के साथ संबंधित ग्राम के सरपंच पंच एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे। ग्राम सुमा में गौठान निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नरुआ, गरूआ, घुरूवा, बारी के तर्ज पर गांव के विकास किसान के उत्थान के साथ ही ग्राम सुमा में जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर द्वारा गौठान निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। जिससे ग्रामवासी में हर्ष का लहर है। इस अवसर पर मुख्य रूप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण ठाकुर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि दीपक वर्मा सुमा ग्राम पंचायत के सरपंच अहिल्या मनोहर वर्मा, उपसरपंच चित्ररेखा पंचराम फेकर, पंच दिनेश खूंटे, रवि वर्मा, जितेंद्र खूंटे, संतोष वर्मा, छबि वर्मा, किरण वर्मा, संतोषी जायसवाल, जग्गु तिवारी, संतोष तिवारी, तुका वर्मा जिला महामंत्री विक्की ठाकुर, पार्षद दीपक निर्मलकर, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष किशन निर्मलकर, उपाध्यक्ष नरेंद्र ब्राम्हणकर एनएसयूआई जिला संयोजक दिनेश यदु, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष मुनीन्द्र साहू, ग्राम पंचायत सुमा के समस्त पंचगण व् ग्रामवासी उपस्थित थे।

# समस्त कर्मचारी आज विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर रहेंगे

**पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा**
www.dailypioneer.com




अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ नई दिल्ली के आह्वान पर छत्तीसगढ़ के समस्त कर्मचारी 26 नवंबर को अपने विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर रहेंगे। यह जानकारी अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव अभिमन्यु वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों व राष्ट्रीय फेडरेशनों जिनमें इंटक, एचएमएस, एटक, सीटू, एक्टू, एआईबीईए, बेफी, सीजेडआईईए, केन्द्रीय कर्मचारी संगठन, बीएसएनएलईयू, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ और उनके 36 कैडरों के साथियों एवं अन्य मजदूर संगठन शामिल है।

प्रमुख मांगें - नई पेंशन योजना की जगह पुरानी पेंशन योजना लागू करो। अनियमित, संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, रोके हुए आर्थिक लाभ जारी कराने, निःशर्त अनुकंपा नियुक्ति देने, 44 श्रम कानूनों को खत्म करके बनाई गई मजदूर विरोधी 4 श्रम कानूनों को वापस लेने, न्यूनतम वेतन 21 हजार रूपये घोषित करने, आंगनवाड़ी, मध्याह्न भोजन कर्मचारी, मितानिनों एवं अन्य योजनाओं में लगे कर्मचारियों को नियमित करने, सार्वजनिक उपक्रमों का विनिवेश व निजीकरण बंद करने, सभी मजदूरों को ईपीएफ, ईएसआई,नियमित रोजगार, पेंशन व दुर्घटना लाभ आदि सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने, सेवारत कर्मचारियों को 50 वर्ष की आयु व 33 वर्ष की सेवा के बाद जबरन सेवानिवृत्त करने, महंगाई पर रोक लगाने, समान काम समान वेतन लागू करने बैंक, बीमा, रक्षा, कोयला, इस्पात, ऊर्जा तथा नगरनार संयंत्र का निजीकरण बंद करने संबंधी अनेक मांगों को लेकर आन्दोलन करेंगे। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने कर्मचारी भवन सप्रे शाला रायपुर में पिछले साल जनवरी में कर्मचारियों से वादा किया था कि अगला वर्ष कर्मचारियों का वर्ष होगा परन्तु शासन द्वारा कर्मचारियों के प्रासंगिक लाभों जैसे डीए, वेतनवृद्धि, सातवें वेतनमान का एरियर आदि को रोक दिया है जिससे कर्मचारियों में रोष है। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष राकेश साहू, महामंत्री सुखीराम धृतलहरे (रायपुर जिलाध्यक्ष) प्रकाश शुक्ला ने समस्त कर्मचारी साथियों से अपील की है कि वे 25 नवम्बर को शाम 6 बजे कर्मचारी भवन सप्रे शाला रायपुर में मशाल जुलूस में शामिल हों। मशाल जुलूस कर्मचारी भवन सप्रे शाला रायपुर से निकाली जायेगी।

यह मशाल जुलूस 26 नवम्बर की हड़ताल को सफल बनाने के लिए निकाली जा रही है। सभी कर्मचारी 26 नवम्बर को जिला मुख्यालय में 11 बजे से 3 बजे तक एकत्रित होकर नारेबाजी और प्रदर्शन करेंगे।

# पटेल चौक के पास पाइपलाइन संधारण कार्य का आयुक्त ने लिया जायजा

**भिलाई नगर।** निगम आयुक्त ॠतुराज रघुवंशी ने दुर्ग के पटेल चौक के पास किए जा रहे पाइपलाइन संधारण कार्य का जायजा लिया! उन्होंने जल कार्य विभाग के अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि पाइपलाइन लीकेज संधारण का कार्य अति महत्वपूर्ण है, कार्य समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण हो इसका ध्यान रखें! उन्होंने पूर्व में हुए पाइपलाइन लीकेज की जानकारी ली! अधिकारियों से पूछा कि पाइप कितनी पुरानी है, शिवनाथ नदी से आने वाली पाइप लाइन की लंबाई एवं पुराने पाइपलाइन अधिक जर्जर होने की अवस्था में नई पाइप लाइन परिवर्तन करने को लेकर चर्चा की ताकि आगामी भविष्य में समस्या न हो। मरम्मत कार्य के लिए वाहन एवं अन्य संसाधन की जानकारी ली इस पर अधिकारियों ने बताया कि सभी संसाधन का उपयोग कर मरम्मत कार्य किया जा रहा है।रघुवंशी ने जल प्रदाय व्यवस्था सुचारू रूप से चालू हो सके इसके लिए अधिकारियों से काफी देर तक फील्ड में ही चर्चा की। बता दें कि पटेल चौक दुर्ग के पास ही शिवनाथ नदी से आने वाले मुख्य पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण सोमवार को शटडाउन लिया गया है।

# चार नए आरोपियों के नाम आए सामने फर्जी आरोपी बनाकर समर्पण का मामला




**मनोरा।** मवेशी तस्करी के मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। मनोरा चौकी क्षेत्र में 17 नवंबर को दर्ज अपराध क्रमांक-240 और 241 में चार नए और आरोपियों का नाम सामने आया है। जशपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बालाजी राव सोमावार के निर्देशन पर बनी जांच टीम जिसमें कुनकुरी से थाना प्रभारी एसआर भगत, प्रधान आरक्षक मोहन बंजारे व मनोरा चौकी से प्रभारी दुखा राम भगत व आरक्षक मनोज जांगड़े ने यह बताया कि 23 नवंबर को न्यायालय में रशीद उर्फ गेंदा और वसीम उर्फ कलर जोकि मजदूर हैं उन्हें मवेशी मालिक बताकर आत्मसमर्पण कराया गया था और लेकिन उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ करने के पश्चात बताया कि उन्हें शब्बू कुरैशी, जेयारूल अंसारी, लाल खान और पप्पू खान के द्वारा पैसा देकर आत्मसमर्पण कराया गया था। जांच के पश्चात उन्हें जेल भेज दिया गया।

# प्लाटून कमांडर शहीद स्व. राजकमल कश्यप प्रतिमा शहीद स्मारक का लोकार्पण

**पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली (जरहागांव)**
www.dailypioneer.com



थाना जरहागांव क्षेत्र के ग्राम कोना में निवासरत प्लाटून कमांडर शहीद स्व. राजकमल कश्यप दिनांक 3रू11 2001 से पुलिस विभाग में 15वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सेना बल में प्लाटून कमांडर के पद पर लगातार 13 वर्षो तक देश की सेवा में करते हुए धुर नक्सल क्षेत्र में फुढरी, जिला बीजापुर में नक्सलियों से लोहा लेते हुए अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए दिनांक03. 11.2013 को देश की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिए। जिनकी शहादत के सम्मान स्वरूप शहीद स्वर्गीय राजकुमार कश्यप का प्रतिमा शहीद स्मारक का लोकार्पण दिनांक 24 11 2020 को कलेक्टर महोदय पी.एस. एल्मा तथा पुलिस अधीक्षक अरविंद कुजुर जिला मुंगेली के द्वारा किया गया।तथा स्मृति स्वरूप जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक मुंगेली तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश्वर चंदेल, अनुविभागीय अधिकारी चित्रकांत चार्ली सिंह ठाकुर के द्वारा शहीद वाटिका में वृक्षारोपण किया। लोकार्पण समारोह में मुंगेली कलेक्टर पी.एस. एल्मा ,पुलिस अधीक्षक अरविंद कुजुर,नायब तहसीलदार देश कुमार कुर्रे, पुलिस रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह, थाना प्रभारी जरहागांव राजकुमार साहू तथा थाना जरहागांव के पूरे स्टाफ शहीद के परिजन शहीद के पिता राधेश्याम कश्यप, भाई हेमंत कश्यप, शहीद की पत्नी सुनीता, पुत्र रजनीश ,कुमारी प्रीति ,करुणा, सहित उपस्थित रहे, ग्राम सरपंच ॠषि दीवान, पंचायत प्रतनिधियों, ग्रामीणों की उपस्थिति में शहीद को श्रद्धांजलि स्वरुप पुष्प अर्पित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार मुंगेली पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि यहां आने वाले युवकों के लिए जनवरी माह से कैंप लगाया जाएगा। जिस पर मुंगेली जिला के आसपास क्षेत्र के युवाओं को पुलिस बल, सैनिक ,अर्ध सैनिक बल का ट्रेनिंग प्रशिक्षण के लिए कैंप लगाया जाएगा।

# भाजपा के लाए गए तीन कृषि बिल किसानों के लिए घातक

**पायनियर संवाददाता ◄ बलोदा बाजार**
www.dailypioneer.com

लोक सभा रायपुर के प्रत्याशी रहे पूर्व महापौर एवं नगर निगम रायपुर के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद दुबे ने केंद्र सरकार द्वारा संशोधित 3 नए कृषि बिल को किसानों के लिए स्लो पाइजन बताया बलौदा बाजार आए कांग्रेस भवन कार्यालय में प्रेस वार्ता में उक्त बातें कहीं वही भूपेश बघेल जी लगातार छत्तीसगढ़ के जो किसान कर्ज में आत्महत्या करते रहे थे उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कर्ज माफी बोनस की बड़ी रकम किसानों को किसानों के खाते में देना गोवर्धन न्याय योजना अंतर्गत गांव में गोबर खरीदी कर उसे वर्मी कंपोस्ट बनाकर महिलाएं स्वयं सहायता समूह की आर्थिक स्थिति संपन्न बनाए जाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं प्रमोद दुबे ने बताया कि नोटबंदी के क्या हास्य हुए भाजपा नेता मोहन हैं जीएसटी से व्यापारी की दुर्गति को दुनिया देख रही है अब नई कृषि नीति में जिनमें 3 संशोधन हुए हैं पहला आवश्यक वस्तु अधिनियम भंडारण दूसरा कांटेक्ट फार्मिंग मूल्य आश्वासन पर बंदोबस्त और सुरक्षा समझौता तीसरा कृषि उत्पादन व्यापार और वाणिज्य तीनों संशोधन से किसान की आत्महत्या करने की स्थिति बनेगी पहली संशोधन में कालाबाजारी बढ़ेगी तथा दूसरे में किसान की संख्या जिनकी 5 एकड़ से कम जमीन हैं हम जमीन हैं 80 परसेंट हैं।

इसलिए उसे लिए भंडारण संभव नहीं है तथा उद्योगपति उचित दाम पर वस्तु बेचेगाइसी प्रकार कांटेक्ट फार्मिंग में मंडी अधिकारी को अधिकार दिया गया है कि वह उसके और किसान के बीच सेटलमेंट करेगा अगर कंपनी बंद हो गई तो किसान भी मर जाएगा इसी प्रकार तीसरे संशोधन में सभी 7000 मंडिया बंद हो जाएगीहै तथा शासन दुकान में अनाज कौन भेजेगा इसका कोई उल्लेख नहीं है प्रमोद दुबे ने कहा उन गरीब परिवारों का क्या हुआ जिन्होंने 1 किलो चावल नमक गेहूं मिलता है इसका भी पता नहीं है प्रमोद दुबे ने कहा कि एक तरफ भूपेश बघेल सरकार किसानों के लिए आर्थिक रूप से मजबूती के लिए योजनाएं ला रही है वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार नई कृषि नीति किसानों के लिए पेट में पत्थर बांधकर नदी में डूबा ने जैसे नीति बना रही है।

### जिले के 66 सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से 92 उपार्जन केंद्रों में खरीदी की व्यवस्था पूरी

# धान उपार्जन केंद्रों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली**
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी.एस एल्मा ने खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में जिले के 66 सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से 92 उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत कृषकों से धान खरीदी की पूरी व्यवस्था पर निगरानी रखने एवं धान उपार्जन केंद्रों के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। उल्लेखनीय है कि समितियों के माध्यम से धान खरीदी का कार्य 01 दिसम्बर से प्रारंभ हो रहा है

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील लोरमी के दाऊकापा समिति के उपार्जन केंद्र दाऊकापा के लिए नोडल अधिकारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी लोरमी एन आर नवरंग को नियुक्त किया गया है। इसी तरह उपार्जन केंद्र खाम्ही के लिए श्रमपदाधिकारी श्रद्धा केशरवानी, खपरीकला उपार्जन केंद्र के लिए सहायक विकास खण्ड षिक्षाधिकारी लोरमी राजेन्द्र निर्मलकर, लगरा उपार्जन केंद्र के लिए नायब तहसीलदार लोरमी महेष्वर उईके, उपार्जन केंद्र अखरार के लिए अनुविभागीय अधिकारी ग्रा.या.उप. संभाग लोरमी बी.एस.गुप्ता, उपार्जन केंद्र डिंडौरी के लिए नायब तहसीलदार लोरमी लीलाधर ध्रुव, गुरूवाईनडबरी के लिए सहायक पंजीयक मुंगेली उत्तर कुमार कौषिक, बोड़तरा के लिए अनु.अधि.जल संसाधन उपसंभाग लोरमीए.एस कुरैषी, चंदली के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकरी जनपद पंचायत लोरमी प्रिति पवार, झाफ्ल के लिए सहकारिता निरीक्षक मिथलेष साहू, फूलझर के लिए सहायक विकास खण्ड षिक्षा अधिकारी लोरमी सूर्यकांत जायसवाल, डोंगरिया के लिए सहायक विस्तार अधिकारी लोरमी कैलाष कष्यप, खुडिया के लिए विकास खण्ड षिक्षा अधिकारी लोरमी डी. एस राजपूत, नवाडीह के लिए जिला कार्य म अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजेन्द्र कष्यप, वेंकट नवागांव के लिए सहकारिता निरीक्षक दुर्गा सोनी, विचारपुर के लिए अनु. अधि. लो. नि. उप. लोरमी सी.एस. करवार, मनोहरपुर के लिए प्रबंधक सी.जी.एस.डब्लू सी. सुधाकर सिंह, तेलीमोहतरा के लिए तहसीलदार लोरमी श्रीमति रिचा सिंह, सुरेठा के लिए सहकारिता निरीक्षक सुश्री मोनिका साहू, पैजनिया के लिए खाद्य निरीक्षक लोरमी हरिषरण सिंह क्षत्रिय, लोरमी के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी लोरमी श्रीमति सवीना अनंत, समिति एवं उपार्जन केंद्र रैतराकला के लिए उप अभि. पीडब्लू उप. सं. लोरमी गौकरण सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह विकासखण्ड मुंगेली के धान उपार्जन केंद्र तेलियापुरान के लिए जिला पंजीयक मुंगेली विभूति क्षेत्रज्ञ, मसनी के लिए सहायक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड मुंगेली के.के.सोनी, सिंघनपुरी के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री रजनी भगत, भालूखोंदरा के लिए सहायक अभियंता क्रेडा सिद्धार्थ कमाविसदार, मुंगेली के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी पी.एस सोम, पंढ्रवानी के लिए जिला परिवहन अधिकारी अमित प्रकाष कष्यप , झगरहटा के लिए डिप्टी कलेक्टर मुंगेली कु. निकीता मरकाम, टेढ़ाधौरा के लिए कार्य.अभि.लो.स्वास्थ्य यां. मुंगेली संजीव बृजपुरिया, पौनी के लिए कार्य.अभि.लोक निर्माण ए.के.चौरसिया, दुल्लापुर के लिए नायब तहसीलदार जरहागांव देषकुमार कुर्रे, नवागांव के लिए अनु.अधि. जल संसाधन आर.के.मिश्रा, निरजाम के लिए प्र.कार्य.अभि.मनियारी जल सं वि.मुंगेली ए.के.तिवारी, चकरभठा के लिए तहसीलदार मुंगेली पूनम तिवारी, छटन के लिए नायब तहसीलदार राहूल कौषिक, सेमरकोना के लिए अनु.अ.लोक निर्मा.वि. एस.के.भगत, बुंदेली के लिए कार्यपालन अभियंता ग्रा.यां.सेवा. पी.के.शर्मा, टेमरी के लिए सहायक वि.ख.षिक्षा अधिकारी गोपाल दुबे, तरवरपुर के लिए नायब तहसीलदार उमाकांत जायसवाल, मदनपुर के लिए जिला रोजगार अधिकारी व्ही.के.केड़िया लालाकापा के लिए उप संचालक समाज कल्याण सुश्री शारदा जायसवाल, कोदवा के लिए डिस्ट्रिक को-आर्डिनेटर प्रा. आ. यो. सुनील जायसवाल, धरमपुरा के लिए प्रभारी प्रा या केंद्र बीज निगम श्रीमति प्रिति अवस्थी, गीधा के लिए मुख्य कार्य पालन अधिकारी मुंगेली एम.एल महादेवा. पंडरभठा के लिए तहसीलदार मुंगेली अमित सिन्हा, सिंगारपुर के लिए नजूर तहसीलदार मुंगेली मायानंद चंद्रा, केसलीकला के लिए उपअभियंता पीडब्लूडी उपसंभाग मुंगेली डीसी बैसवाडे, कंतेली के लिए सहायक संचालक कृषि सुश्री ललीता मरावी, देवरी के लिए सहायक संचालक कृषि श्रीमति वीणा ठाकुर, नवागांव घु. के लिए सहायक मत्स्य अधिकारी वीके भेलवा, बरेला के लिए उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाये ए.के. मरकाम, ठकुरीकापा के लिए सहायक संचालक कृषि योग्यता सिंह, पदमपुर के लिए खाद्य अधिकारी विमल कुमार दुबे, खम्हरिया के लिए वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ए. के. सिंह, फरहदा के लिए जिला प्रबंधक नॉन मुकेष दुबे, बिरगांव के लिए सहकारिता विस्तार अधिकारी एन. के. कश्यप, भठलीकला के लिए जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ प्रषांत ठाकुर, धनगांव के लिए सहायक विकास खण्ड षिक्षा अधिकारी प्रदीप दीवाकर जरहागांव के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कुमारी षिल्पा सांय, दशरंगपुर के लिए जिला कोषालय अधिकारी डॉ. रूपेष पाठक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# नेटसर्फ नेटवर्क के नेचरामोर को सैफ़ करीना ने फिट होने का राज बताया

**पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर**
www.dailypioneer.com



नेटसर्फ नेटवर्क भारत में डायरेक्ट सेलिंग के क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में से एक है, जिसने बॉलीवुड के बेहद मशहूर कपल, यानी करीना कपूर ख़ान और सैफ़ अली ख़ान को अपने हेल्थ एंड वेलनेस ब्रांड, नेचरामोर का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। कंपनी नेचरामोर ब्रांड के पहले मार्केटिंग कैंपेन की रिलीज़ के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें बॉलीवुड के ये दोनों एक्टर्स नजर आएंगे। इस इंटीग्रेटेड कैंपेन को डिजिटल और पारंपरिक चैनलों पर रिलीज़ किया जाएगा। 'अंदर से फिट' इस कैंपेन की थीम है, जिसके जरिए कंपनी नेचरामोर ब्रांड को लोगों के सामने कुदरत और विज्ञान के बेहतरीन मिश्रण के रूप में प्रस्तुत करना चाहती है, जो हमारे शरीर में न्यूट्रीशन से जुड़ी सभी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ हमें अंदर से फिट बनाने में मददगार है। नेचरामोर के हर्बल न्यूट्रास्यूटिकल्स, यानी पौष्टिक-तत्व हमारे शरीर को सरल तरीके से न्यूट्रीशन प्रदान करते हैं। इस ब्रांड के प्रोडक्ट आज के ज़माने की लाइफ़स्टाइल के पूरक हैं, और हमें अंदर से ताकत देने के साथ-साथ इम्युनिटी बढ़ाने में भी मदद करते हैं। निश्चित तौर पर इस कैंपेन से लोगों के बीच हमारे ब्रांड के बारे में जागरूकता बढ़ेगी, जिससे हमारे डायरेक्ट सेलर्स को ग्राहकों से संपर्क करने के लिए भरपूर प्रोत्साहन मिलेगा।

# पखवाड़े भर में हो सकती है कांग्रेस कार्यकारिणी की घोषणा, जातिय समीकरण साधने की कोशिश

## पंकज बांधव, तरुण सिन्हा, गोवर्धन देशमुख महासचिव के दावेदार

- विधायकों की अनुशंसा वाले ही बनेंगे ब्लॉक अध्यक्ष, मौजूदा अध्यक्षों को कार्यकारिणी में लेकर संतुष्ट करने की कोशिश

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लगभग छह माह से अटकी जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की घोषणा आने वाले 10-12 दिनों में हो सकती है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से आए निर्देशन पत्र के अनुसार जिले में 31 लोगों की कार्यकारिणी की जानी है। पूर्व अध्यक्ष के कार्यकाल में 11 महासचिव बनाए गए थे। संभावना है कि मौजूदा अध्यक्ष पदम कोठारी भी इतने ही महासचिवों के साथ अपनी टीम तैयार करेंगे। इसके अलावा पूर्व अध्यक्ष की टीम का हिस्सा रहे कांग्रेस पदाधिकारियों को भी इस कार्यकारिणी में मौका मिल सकता है। 31 पदों के अतिरिक्त असंतुष्टों की शिकायतों से बचने के लिए संयुक्त सचिव व अन्य पदों पर नियुक्तियां भी हो सकती है।

अध्यक्ष पदम कोठारी ने पायनियर से बातचीत में बताया कि यहां से सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी को काफी पहले भेजी जा चुकी है। कार्यकारिणी की घोषणा राजीव भवन से ही होनी है। संभव है कि 10-12 दिनों के भीतर ही कार्यकारिणी की घोषणा हो जाए। घोषणा से पहले ग्रामीण क्षेत्र से महासचिव के दावेदारों के नाम सामने आए हैं। इन नामों को देखकर यह समझ आता है कि 6 महिने के दौरान अध्यक्ष पदम कोठारी ने कार्यकारिणी में जिले के हर वर्ग और कद्दावर नामों का संतुष्ट करने की कोशिश की है। जातिय सामंजस्य के हिसाब से भी महासचिव पदों पर नियुक्ति की संभावना है।

### ब्लॉक अध्यक्षों को भी मिलेगी जिम्मेदारी

खबर है कि मौजूदा ब्लॉक अध्यक्षों को दोबारा शायद ही यह जिम्मेदारी मिल सके। लगभग सभी ब्लॉकों में अध्यक्षों की नियुक्ति स्थानीय विधायकों की अनुशंसा पर ही किए जाने की खबर है। गौरतलब है कि पूर्व अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर कुछ विधायकों को शिकायत थी। मौजूदा अध्यक्ष पदम कोठारी इस विवाद से बचने की कोशिशों में लगे हैं। लेकिन दूसरी ओर ऐसे अध्यक्षों को संभालने की कोशिशें भी जारी हैं। बताया जा रहा है कि मौजूदा ब्लॉक अध्यक्षों को कार्यकारिणी में संयुक्त सचिव या अन्य पदों पर नियुक्त किया जा सकता है। इस तरह उन्हें जिला कार्यकारिणी का हिस्सा बनाकर गिलेशिकवे कम करने की पहल किए जाने की खबर है।

### वाईस चेयरमेन होंगे कमलेश्वर

वरिष्ठ नेताओं को भी कार्यकारिणी का हिस्सा बनाया जाना जरुरी है। संगठन के भीतर उठापटक से बचने के चलते ही अध्यक्ष को सूची तैयार करने में काफी लंबा वक्त लग गया। बताया जा रहा है कि वाईस चेयरमेन के तौर पर कमलेश्वर वर्मा और गंडई के महेश दास रात्रे को कार्यकारिणी का हिस्सा बनाया जा सकता है। इसके अलावा संभावना है कि प्रवक्ता वहीं होंगे जो पहले से इस जिम्मेदारी का निर्वहन करते आ रहे हैं।

### महासचिव के लिए गोवर्धन देशमुख का नाम शामिल

महासचिव पद के दावेदारों में टेड़ेसरा के गोवर्धन देशमुख का नाम शामिल है। इससे पहले भी यह महासचिव रह चुके हैं और इन्हें दोबारा महासिचव बनाए जाने की संभावना है। वहीं जिला पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोती साहू का नाम भी इस सूची में तय माना जा रहा है। वे डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम शिवपुरी से आते हैं। डोंगरगढ़ ब्लॉक के ग्राम सिरसारी निवासी रजभान लोधी का नाम भी इसमें शामिल बताया जा रहा है। वहीं ग्राम पनेका से आने वाले पंकज बांधव का नाम भी महासचिव के तौर पर तय माना जा रहा है। छुरिया क्षेत्र से कांग्रेस नेता तरुण सिन्हा को भी महासचिव की जिम्मेदारी दिया जाना संभावित है। वे पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान खुज्जी से विधानसभा चुनाव लड़ने के भी दावेदार थे। देखा जाए तो इन नामों में जातिय समीकरण को देखते हुए सामंजस्य बनाने की कोशिश साफ नज़र आती है। ओबीसी, अनुसूचित जाति व अन्य वर्ग के भी कुछ नाम हैं जो महासचिव नियुक्त किए जा सकते हैं। मौजूदा अंबागढ़ चौकी ब्लॉक अध्यक्ष रसीद खान का भी नाम सामने आता है जिन्हें संयुक्त महामंत्री के रुप में जिला कार्यकारिणी में लाए जाने की संभावना है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुमका का जनरेटर हो रहा कबाड़

## सालों से बंद है अतिआधुनिक जनरेटर, मेंटेनेंस और डीजल खपत की जांच जरूरी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के वार्ड में भर्ती मरीजों की सुविधाओं और ऑपरेशन थियेटर में लगातार बिजली सप्लाई के उद्देश्य से शासन की ओर से विगत 5 वर्ष पूर्व करीब 10 लाख रुपये की महंगी और अत्याधुनिक ऑटोमेटिक जनरेटर प्रदान की गई थी ताकि बिजली कटौती और बार-बार बिजली आंखमिचौली से स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी तरह की परेशानी न हो। सीएचसी में स्थापित उक्त अतिआधुनिक ऑटोमेटिक जनरेटर पर्याप्त डीजल उपलब्ध रहने की स्थिति में बिजली गुल होते ही स्वतः चालू होकर पूरे अस्पताल में तत्काल बिजली सप्लाई शुरू हो जाता है। जैसे ही बिजली बोर्ड से विद्युत आपूर्ति शुरू हो जाती है ऑटोमेटिक जनरेटर भी बंद हो जाता है।



इस अतिआधुनिक जनरेटर इन दिनों बदहाल स्थिति में धीरे - धीरे कबाड़ होते जा रहा है। लगातार दो तीन साल से उक्त जनरेटर का उपयोग बन्द कर दिया गया है। डीजल टंकी भी पूरी तरह खाली बताया जा रहा है। जबकि उक्त जनरेटर के उपयोग को यहां बेहद जरूरी बताया जा रहा है। लापरवाही के चलते शासन का लाखों रुपये कबा? में बदल रहा है। इस मामले की बारीकियों से पड़ताल करने पर कई चौंकाने वाले मामलों का खुलासा हो सकता है।

मसलन जनरेटर के मेंटेनेंस और डीजल खपत की फर्जी बिलिंग को लेकर भी कई सवाल खड़े किये जा रहे हैं। कोरोना महामारी नियंत्रण के मामले में शासन के प्रदत्त बजट अनुसार सेनेटाइजेशन, और अन्य विविध व्यय जीवनदीप समिति की राशियों के खर्च से लेकर तमाम आर्थिक मामलों के अलावा हाल फिलहाल के स्टाफ क्वार्टर निर्माण को लेकर लगातार विवादों से घिरे प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी की बड़ी लापरवाही से कबाड़ हो रहे जनरेटर के संधारण से लेकर डीजल खपत की जांच जरूरी बताया जा रहा है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन सूत्रों के अनुसार फिलहाल आपातकाल में बिजली आपूर्ति के लिए सोलर इनर्जी का सहारा लिये की खबर है। लेकिन सोलर पावर की सप्लाई को पर्याप्त नहीं माना जा रहा है।

# धान खरीदी के लिए राज्य शासन के निर्देश का इंतजार

- डोंगरगांव सोसायटी में 2900 किसानों का पंजीयन

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में स्थित सहकरी सेवा समिति मर्यादित डोंगरगांव में धानखरीदी की तैयारी अंतिम चरण में है। फड़ की साफ- सफाई, डनेज, विद्युत कनेक्शन आदि कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सोसायटी समिति को राज्य शासन से धानखरीदी हेतु निर्देश का इंतजार है। कार्यालय से जानकारी मुताबिक राज्य शासन से निर्देश प्राप्त होने पर धान खरीदी के लिए किसानों को टोकन जारी किया जायेगा।

सोसायटी अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने विज्ञप्ति में बताया कि धानखरीदी के लिए राज्य शासन से अब तक किसी भी प्रकार का दिशा निर्देश प्राप्त नही हुआ है। इस वर्ष धान खरीदी प्रतिदिन 2500 क्विटल यानि 6250 कट्टा प्रतिदिन करने एवं दूसरे दिन ही धान का परिवहन करने की मांग की गई है। बफर लिमिट स्टाक पिछले वर्ष की अपेक्षा कम कर लिमिट 2500 क्विटन करने व समय पूर्व बारदाना की व्यवस्था शासन द्वारा कराया जावे। गुप्ता ने कहा कि शासन द्वारा घोषित अंतर की राशि का अंतिम किश्त धान खरीदी के पूर्व ही किसानो के खाते में जमा की जावे। 2500 रूपये में धान खरीदी करने की घोषणा की गई थी। अतः इस वर्ष भी 2500 रू0 प्रति क्विटल भुगतान किया जावे।

गुप्ता ने कहा है कि इस वर्ष मोदी सरकार द्वारा केन्द्रीय पुल में छग से 60 लाख मैट्रिक टन चांवल खरीदा जा रहा हैं जिसके लिये 90 लाख मैट्रिक टन धान की आवश्यकता पड़ेगी। अतः इसका सीधा-सीधा लाभ किसानों को दिया जाये। भूपेश बघेल सरकार के द्वारा प्रति एकड़ 20 क्विटन धान खरीदी किए जाने मांग की है।

### 115,000 क्विंटल का लक्ष्य

डोंगरगांव समिति में 2900 किसानों का पंजीयन हुआ है। जिसमें कुल रकबा 28.220 हेक्टेयर रकबे का पंजीयन हुआ हैं। इस वर्ष समिति द्वारा लगभग 112365 क्विटल ( एक लाख बारह हजार तीन सौ पैसठ ) धान की खरीदी की जायेगी। डोंगरगांव समिति में किसानों की संख्या अधिक हैं। पूर्व वर्ष 99510 क्विटल की खरीदी की गई थी। अतः इस वर्ष लगभग 1,15,000 लाख क्विटन धान की खरीदी करने का लक्ष्य है।

# पाटेश्वरधाम के समर्थन में सिर्फ चुनिंदा भाजपाई

- बालकदास ने दिया मोबाईल से संबोधन
- भाजपा ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में पाटेश्वर धाम बालोद के धार्मिक मुद्दे पर भाजपा ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। मंडल भाजपा के आव्हान पर पदाधिकारियों व कुछ हिन्दूवादी युवाओं ने राज्य सरकार द्वारा बालोद जिले स्थित पाटेश्वर धाम में अतिक्रमण विरोधी मुहीम को धार्मिक भावना के खिलाफ बताते हुए राज्य सरकार के खिलाफ आवाज मुखर की। धार्मिक मुद्दे पर भी नगर से कुछएक लोगों के ही सामने आने से कई नकारात्मक चर्चा भी होने लगी है।

नगर में मंडल भाजपा के आव्हान पर आयोजित ज्ञापन रैली किलापारा जमात मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर से निकलकर जयश्रीराम के गगनभेदी नारे के साथ मेनरोड होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची। उक्त अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिनेश गांधी, मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, डॉ नीरेंद्र साहू, बालकृष्ण सिन्हा, संतोष यादव, टीकाराम सोनकर, राजेन्द्र ठाकुर, राकेश रिंकू दुबे, महेश्वर साहू, मनीष साहू, कोमल साहू, प्रवेश ठाकुर, गिरिजाशंकर, विजय जैन सहित कुछ सक्रिय भाजपाई कार्यकर्त्ता ही शामिल हुए थे। इस दरम्यान कुछ एक हिन्दूवादी युवा ही नजर आये।

### नगर के हिंदूवादी नागरिक रहे दूर

नगर में यूँ तो हिंदुत्व के नाम पर सोशल मीडिया में शोर मचाने वालों की भारी तादात है। हिंदुत्व के नाम पर वैसे लोगों को अनेक मर्तबा भारी उन्माद में देखा जाता रहा है। हिंदुत्व की आड़ में सोशल मीडिया में गर्मजोशी दिखाने वाले ऐसे मौकापरस्त लोग फिलहाल पाटेश्वर धाम के मुद्दे पर मंडल भाजपा के आव्हान होते ही धर्मसंकट में प्रतीत हुए। यूँ कहें कि अपने प्रतिष्ठानों में ही दुबक गए।

### दाऊजी कहीं बुरा ना मान जाए

नगर में कभी भगवा कुर्ते में तलवार लहराकर धर्मप्रेम का रौब दिखाने अथवा सोशल मीडिया में हीरोगिरी करने वाले कुछ कथित ठेकेदार सरीके युवाओं को राज्य सरकार को सामने देख अपनी ठेकेदारी और राजनीति की चिंता सताने लगी है, कि कहीं दाऊजी बुरा ना मान जाये। यानि अब मौकापरस्त युवाओं के अच्छे दिन चले गए हैं।

# वार्ड 17 वृंदा नगर में होगा करोड़ों की लागत से विकास कार्य

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के वार्ड 17 वृन्दानगर में करोड़ों की लागत से विभिन्न विकास कार्यों के लिए आज महापौर एवं विधायक देवेन्द्र यादव ने भूमिपूजन किया। वृहद स्तर पर वार्ड में विकास कार्यों की सौगात मिलने पर नागरिकों ने महापौर के पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। केम्प -1 क्षेत्र में अब शीघ्र उद्यान निर्माण, सामाजिक आयोजनों के लिए भवन मिलने के साथ ही गली में सीमेंटीकरण किया जाएगा। जिससे क्षेत्र की जनता को कॉफी सहूलियत मिलेगी। स्थानीय वार्ड पार्षद एवं महापौर परिषद के सदस्य डॉ दिवाकर भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड 17 वृंदानगर में लगभग 1 करो? 1 लाख की लागत से 10 स्थानों पर अलग-अलग विकास कार्य किया जाएगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्र. 94 ब/121 वर्ष 2020-21

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामनाथ बडोले पिता बिसवाराम बडोले जाति महार निवासी ग्राम खम्पुरा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पिता बिसवाराम बडोले का मृत्यु दिनांक 09.11.2011 को स्थान खम्पुरा में हुआ है जो कि भूलवश ग्राम पंचायत पीपरखारकला में मृत्यु पंजी रजिस्ट्रार में दर्ज नहीं हो पाया है। आवेदक अपने पिता बिसवाराम बडोले का मृत्यु तिथि ग्राम पंचायत पीपरखारकला में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत पीपरखारकला में मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 16.12.2020 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.11.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

# ग्राम पटेल संघ का 27 को दीपावली मिलन

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के मेनरोड स्थित कांग्रेस भवन में ग्राम पटेल तहसील संघ का दीपावली मिलन समारोह आगामी 27 नवंबर शुक्रवार को होगा। उक्त समारोह में डोंगरगांव क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। अध्यक्षता तहसील क्षेत्र के वयोवृद्ध ग्राम पटेल ढालसिंह, गनेरी तथा विशेष अतिथि केवलसिंह चंदेल, गुरुर होंगे।

**विधायक व प्राधिकरण अध्यक्ष होंगे शामिल**

इस संदर्भ में ग्राम पटेल संघ के तहसील अध्यक्ष डालमनी गंजीर एवं संयोजक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि संघ के दीपावली मिलन समारोह का आयोजन शुक्रवार 27 नवंबर को नगर के कांग्रेस भवन में दोपहर 12 बजे से आयोजित है। उक्त समारोह में अथितिगणो सहित जिले व क्षेत्र के समस्त ग्राम पटेल गण उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर संघ के गतिविधियों सहित आगामी रुपरेखा संबंधी चर्चा की जावेगी।

# जनप्रतिनिधियों ने किया स्वास्थ्य सेवकों का सम्मान

- जन स्वास्थ्य सेवा की मिसाल हैं मितानिन- हीराभाई
- नगर व अंचल की 23 मितानिन हुईं सम्मानित

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




नगर में मितानिन दिवस पर अंचल में स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाली लगभग 23 स्वास्थ्य सेवक मितानिनों का सम्माान किया गया। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद के मुख्यआतिथ्य में आयोजित समारोह में समन्वयकों, मितानिनों, स्वस्थ्य सेवकों, हेल्प डेस्क कर्मियों का सम्मान किया गया। समारोह में पार्षदगण श्रीमति वैशाली बोरकर, दीपक देवांगन, डिकेश साहू व गिरिजाशंकर उयके सहित बीएमओ डॉ रागिनी चंद्रे मौजूद थे। सम्मान समारोह में नपंअध्यक्ष हीरा निषाद ने मितानिनों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि वार्ड व ग्राम स्तर पर मितानिनों के सहयोग से नागरिकों व ग्रामीणों को स्वास्थ्यगत सुविधा मुहैया कराने में आसानी होती है। मितानिन बहनें जन स्वास्थ्य सेवा की अनुपम मिसाल हैं। उक्त अवसर पर नीलिमा सिन्हा, गीता वैष्णव, तेजकुमारी साहू, महेश्वरी राजपूत, पोमिन देवांगन, जानककी निषाद, अनुमृति नायक, शांति साहू, सीमा साहू, देवकी साहू, पुष्पा देवांगन, सरस्वती यादव, लक्ष्मी मानिकपुरी, रूपलता डहरे, लक्ष्मी कुंभकार, अनिता चक्रधारी, गरिमा मानिकपुरी, सावित्री राजपूत, अमृता सलामे व रानी ठाकुर को सम्मानित किया गया।

## ग्राम पंचायत झिथराटोला का मामला- 15 दिवस के भीतर गबन की राशि कार्यालय में जमा करने की हिदायत

# फर्जी हस्ताक्षर और बिल आहरण के दोषी सचिव पर कार्रवाई के बजाए सिर्फ चेतावनी

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत छुरिया के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत झिथराटोला में फर्जी बिल लगा कर भुगतान कर राशि गबन करने का एक और मामला सामने आया है। आरसीसी पाइप क्रय की राशि को रेत, सीमेंट, गिट्टी, के नाम से फर्जी बिल लगाकर सामग्री क्रय की राशि को गबन किया गया है। पूर्व सरपंच जानकी साहू ने इस मामले को लेकर शिकायत सौंपी थी।

ग्राम पंचायत झिथराटोला के आश्रित ग्राम बरछाटोला से हालेकोसा सरहद तक मिट्टी मुरुम सड़क पुलिया निर्माण कार्य वर्ष 2014-15 में किया गया था। जिसकी प्रशासकीय स्वीकृति राशि 6.07 लाख रूपए था। इस निर्माण कार्य में पुलिया निर्माण के लिए आरसीसी पाइप, सीमेंट, रेत - गिट्टी सामग्री क्रय किया गया था जिसकी कुल मूल्यांकन राशि लगभग 56 हजार थी। इसका भुगतान सरपंच जानकी साहू के कार्यकाल में मनरेगा योजना में राशि नहीं होने के कारण भुगतान नहीं हो पाया था।

इस निर्माण कार्य में सचिव ललित कुमार जांगड़े द्वारा पाइप क्रय की राशि मेसर्स भिलाई सीमेंट पाइप कंपनी को ना कर पाइप क्रय की राशि को सीमेंट, रेत - गिट्टी क्रय के नाम से व सरपंच का फर्जी हस्ताक्षर कर पाइप क्रय सामग्री क्रय में फर्जी बिल लगा कर गलत भुगतान कर राशि गबन किया गया था। जिसके कारण मैसर्स भिलाई सीमेंट पाइप खरीदी का भुगतान बाकी है।

उप अभियंता द्वारा माप पुस्तिका में दर्ज मूल्यांकन राशि 55 हजार 537 रुपए में 3 पाइप का राशि 20 हजार 798 रुपए अंकित है कार्य एजेंसी 14/01/2015 को प्रस्तुत बिल 55 हजार 520 रुपए में पाइप का बिल प्रस्तुत नहीं किया गया है। जबकि मूल्यांकन के विरुद्ध 55 हजार 520 रुपए का सामग्री बिल प्रस्तुत किया गया है। इसका भुगतान हो गया है। इस पर जांच प्रतिवेदन में उप अभियंता द्वारा माप पुस्तिका में दर्ज मूल्यांकन राशि 55537 रुपए के विरुद्ध में कार एजेंसी द्वारा 55520 रुपए का बिल प्रस्तुत किया गया है। किंतु इस बिल में आरसीसी पाइप राशि 20 हजार 798 का जिक्र नहीं है। मूल्यांकन विरुद्ध बिल का भुगतान हो चुका है। 3 पाइप का राशि 20798 तत्कालीन पंचायत सचिव ललित कुमार जांगड़े से वसूली योग्य है।

इस पर सचिव ने अपने कथन में उक्त राशि को 15 दिन के अंदर



कार्यालय में जमा करने कहा गया है। सचिव से पाइप की राशि वसूली कर मेसर्स भिलाई सीमेंट पाइप मैन्युफैक्चरिंग कंपनी भिलाई के द्वारा बिल प्रस्तुत करने पर बिल प्रदाय करना प्रतिवेदित किया गया है। इस कृत्य के लिए ललित जांगड़े पंचायत सचिव को सख्त चेतावनी देते हुए भविष्य में इस प्रकार कार्य नहीं करने का नोटिस जारी करने प्रतिवेदित किया गया है।

### पंचायत सचिव का दूसरा मामला

पंचायत सचिव ललित कुमार जांगड़े का यह दूसरा मामला है। इससे पहले वार्ड पंचों की मानदेय राशि को गबन करने का आरोप पंचों द्वारा लगाया था। इसकी जिला कार्यालय में शिकायत की गई थी। शिकायत जांच में सही पाई गई जिसमें 3 दिनों के भीतर पंचों की मानदेय राशि भुगतान कर स्पष्टीकरण की नोटिस जारी कर सचिव को छोड़ दिया गया। ऐसे पंचायत सचिव के ऊपर कड़ी कार्यवाही किया जाना चाहिए। यह मामला ग्राम पंचायत बोईरडीह का है। जहां - जहां के आश्रित ग्राम तेंदूटोला के पुरवा पंचों ने मानदेय राशि में गबन का आरोप लगाकर कलेक्टर के पास शिकायत किया है।

### ब्लॉक के अधिकारी दे रहे पनाह

बताया जाता है कि 15 अगस्त 2020 में पूर्व पंच/सरपंच की मानदेय राशि को बैंक से आहरण कर लेने के बाद भी समय पर भुगतान नहीं किया गया था। शिकायत की जांच दिनांक तक 12 हजार 600 रुपए का भुगतान किया गया था लेकिन तेंदुटोला के पंचों को 3 हजार का भुगतान नहीं किया गया था जो जांच में सही पाया गया। दो माह से अधिक समय तक बैंक से राशि आहरण के बाद भुगतान नहीं करना और शासकीय राशि को अपने पास रखना यह कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के नियम 3(1) के सीधे-सीधे विपरीत है। ओडीएफ के बाद से जनपद पंचायत छुरिया में लगातार पंचायतों में सरपंच /सचिव की मनमानी फर्जी बिल लगाकर शासन की राशि गबन के मामले में सुर्खियों में है। वही सवाल यह भी है कि शिकायत कलेक्टर के पास जिला कार्यालय में जांच के लिए शिकायत हो रहा है। जनपद पंचायत में शिकायत का निराकरण नहीं होने के कारण शिकायत कर्ताओं को जिला मुख्यालय की ओर रुख करना पड़ता है। यह सवाल उत्पन्न करता है कि ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी पंचायत के दोषियों को पनाह देता है।

### समझाइश देते रहे

इसका उदाहरण ग्राम पंचायत रानीतलाब का मामला है जहां ग्रामीणों ने जनपद पंचायत छुरिया में सरपंच पति और सचिव की मनमानी को लेकर शिकायत की थी। लेकिन कुछ नहीं होने के बाद कलेक्टर के पास शिकायत किया गया। जिसमें अभी जांच हुआ है पर ग्रामीणों ने बताया कि जांच अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया के थे जो सरपंच पति और सचिव के पक्ष को लेकर उन्हें हर बिंदुओं वार समझाइश दिया जा रहा था कि ऐसा दोबारा नहीं करना जबकि उन्हें संबंधित मामलों की जांच कर आगे प्रेषित करना चाहिए। ऐसे में जनपद पंचायत छुरिया के अधिकारियों के भी कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में है। तभी तो पंचायत कर्मियों को बचाने का प्रयास किया जाता है।

### सीधे कार्रवाई हो

इस में सुधार किया जाना चाहिए जनपद पंचायत छुरिया में कोई भी शिकायतकर्ता शिकायत करता है तो जल्द ही शिकायत की जांच कर उचित कार्यवाही किया जाना चाहिए। जिससे छोटे मामले को लेकर जिलाधिकारी के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं पंचायत सचिव ललित कुमार जांगड़े की दो पंचायतो से शिकायत हुआ और जांच में सही पाया गया। अब पंचायत राशि की वसूली कर बिना कार्यवाही किए छोड़ दिया जाता है तो अगली बार फिर ऐसे कार्य को सावधानी पूर्वक करता रहेगा। ऐसे में पंचायत सचिव के पर उचित कठोर कार्रवाई किया जाना चाहिए जिससे अन्य पंचायतो में शासन की राशि का दुरोपयोग नहीं कर पाये एवं शिकायतकर्ता जो ऐसे मामलों की शिकायत कर शासन को चुना लगाने वालों को उजागर करने में मदद करता है और आगे भी करता रहे।

## क्विक न्यूज

### आकस्मिक मृत्यु के 3 प्रकरणों में 12 लाख रुपए स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आकस्मिक आपदा में मृत्यु के 03 प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। जिले की तहसील मालखरौदा के ग्राम मालखरौदा निवासी रोहित कुमार की अकाशीय बिजली (गाज) गिरने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस पत्नि राधिका बाई, तहसील जांजगीर के ग्राम करमंदी की कुमारी बेबी नैंसी की आग मे जलने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस पिता रामप्रताप बिंझवार और ग्राम गौद के जोतु उर्फ सूरज कुमार की बिच्छु के काटने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस पिता राम कुमार को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य नया कार्य विभाजन

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने प्रशासनिक दृष्टि से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य नया कार्य विभाजन का आदेश जारी किया है। नये कार्य विभाजन के अनुसार देवेन्द्र पटेल, संयुक्त कलेक्टर, बिलासपुर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/अनुविभागीय दण्डाधिकारी बिलासपुर, अपने प्रभार क्षेत्र के लिये सक्षम अधिकारी लोक परिसर बेदखली अधिनियम, अपने प्रभार क्षेत्र में सत्कार अधिकारी, अपने प्रभार क्षेत्र हेतु निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपने प्रभारी क्षेत्र के तहत छत्तीसग? भू राजस्व संहिता एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र (वित्तीय स्वीकृति की सीमा के तहत) के प्रकरणों का निराकरण, प्रोटोकाल अधिकारी एवं सत्कार अधिकारी बिलासपुर, अपने प्रभार क्षेत्र हेतु भू अर्जन अधिकारी, अपने प्रभार क्षेत्र में नजूल अधिकारी के कर्तव्यों का निर्वहन, अपने प्रभार क्षेत्र में लोक न्यास अधिनियम के तहत कर्तव्यों का निर्वहन, अपने प्रभार क्षेत्र में प्रेस रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत कर्तव्यों का निर्वहन, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी/अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य करेंगे। दिव्या अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर, बिलासपुर को 20 सूत्रीय शाखा, पासपोर्ट, जनसूचना अधिकारी, सूचना का अधिकार एवं नियमित तौर सुनिश्चित अंतराल पर प्रकाशित की जाने वाली सूचनाओं हेतु प्रभारी अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन, मुद्रा योजना, जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सहित समस्त बीमा योजनाएं, सिटीजन चार्टर, शिकायत, लोक आयोग एवं अन्य समस्त आयोग, तृतीय लिंग व्यक्तियों की संबंधित कार्य, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी/अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय समय पर सौंपे गये अन्य कार्य करेंगे। अंशिका पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर, बिलासुपर को सिटी मजिस्ट्रेट-थाना जीआरपी,आ.जा.क. तोरवा, महिला थाना, सिटी कोतवाली, जनसंपर्क (स्वेच्छानुदान), वित्त एवं स्थापना, प्रपत्र एवं लेखन समाग्री, नाजरात, हिन्दी अभिलेख कोष्ठ, आवक जावक शाखा, निवेशकों के हित संरक्षण अधिनियम पर कार्यवाही, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी/अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय समय पर सौंपे गये अन्य कार्य करेंगे। मोनिका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर, बिलासपुर को प्रभारी अधिकारी सिटी मजिस्ट्रेट-थाना सिरगिट्टी, कोनी, अल्प बचत, चिप्स, लोक सेवा केन्द्र, वरिष्ठ लिपिक, अतिरिक्त वरिष्ठ लिपिक, सहायक वरिष्ठ लिपिक, फाईल मानिटरिंग/फाईल ट्रेकिंग सिस्टम, लोक सेवा गांरटी, जन शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, विशेष प्रकोष्ठ से संबंधित कार्य, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी/अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य करेंगे। मनोज केशरिया, डिप्टी कलेक्टर, बिलासपुर को भू अभिलेख शाखा, भू अर्जन, भू बंटन, राहत शाखा, एन.जी.जी.बी, कृषि आदान शाखा, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी/अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य करेंगे। अवधराम टण्डन, डिप्टी कलेक्टर, बिलासपुर को जनसमस्या निवारण शिविर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, राजस्व प्रशासन का सुदृ?ीकरण, डीजीपीएस सर्वे डिजिटाईजेशन, परीक्षा शाखा, मुख्य प्रतिलिपिकार, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी/अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य करेंगे। अमित गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर, बिलासपुर को उप निर्वाचन अधिकारी सामान्य/स्थानीय निर्वाचन, सामान्य/स्थानीय निर्वाचन शाखा हेतु जनसूचना अधिकारी, नजूल अधिकारी, जनगणना शाखा, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी/अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य करेंगे। पंकज डाहिरे, डिप्टी कलेक्टर, बिलासपुर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/अनुविभागीय दण्डाधिकारी मस्तुरी, अपने प्रभार क्षेत्र के लिये सक्षम अधिकारी लोक परिसर बेदखली अधिनियम, अपने प्रभार क्षेत्र में सत्कार अधिकारी, अपने प्रभार क्षेत्र हेतु निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपने प्रभारी क्षेत्र के तहत छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र (परिपत्र स्वीकृति की सीमा के तहत) के प्रकरणों का निराकरण, अपने प्रभार क्षेत्र हेतु भू अर्जन अधिकारी, अपने प्रभार क्षेत्र में नजूल अधिकारी के कर्तव्यों का निर्वहन, अपने प्रभार क्षेत्र में लोक न्यास अधिनियम के तहत कर्तव्यों का निर्वहन, अपने प्रभार क्षेत्र में प्रेस रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत कर्तव्यों का निर्वहन, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी/अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गये अन्य कार्य करेंगे।

# नाबालिग को बिन ब्याही मां बनाने वाला आरोपी पकड़ाया



पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

नाबालिग को डरा धमकाकर बार बार दुष्कर्म करने वाले युवक को नाबालिग की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए कोतरारोड पुलिस ने सलाखों के पीछे पहुंचाया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोतरारोड थाना क्षेत्र के निवासी नाबालिग ने दुष्कर्म की रिपोर्ट लिखते हुए बताया कि वो बीते तीन जुलाई की शाम बाजार में सामान (फाइल) खरीदने गई थी। जहां उसकी मुलाकात उच्चभिट्ठी रोड ग्राम किरोड़ीमल नगर निवासी रोहन भारती पिता छोटेलाल भारती उम्र 19 वर्ष से हुई। जहां आरोपी ने उसे अपने साथ चलने को कहा, चुंकि वो आरोपी से पूर्व परिचित थी इसलिए उसके साथ चली गई। आरोपी युवक नाबालिग को अपने घर ले गया जहां घर पर कोई नहीं था और इसी सूनेपन का फायदा उठाते हुए आरोपी युवक नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और उसे उसके घर पहुंचा आया। जिसके बाद युवक को जब भी मौका मिलता बीती घटना को याद दिला नाबालिग से संबंध बनाने लगा। जिससे पीड़िता का गर्भ ठहर गया। जिसकी जानकारी पीड़िता ने अपनी मां को दी। जिसे सुन परिजनों ने आरोपी को बुलाकर बात करनी चाही तो आरोपी ने इन्हें ही मारने की धमकी देने लगा। जिसके बाद परिजन पीड़िता को लेकर थाना पहुचे और दुष्कर्म की रिपोर्ट लिखा दी। रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कोतरारोड पुलिस ने आरोपी को अपने हत्थे चढ़ाया और अब आगे की कार्रवाई जारी है।

# रायगढ़ के रवि का चयन रणजी क्रिकेट कैंप में

- **छत्तीसगढ़ की टी-20 टीम का भी होगा गठन**

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के द्वारा बीसीसीआई की तरफ से घोषित टी-20 राष्ट्रीय टुर्नामेंट के लिए 33 खिलाड़ियों की टी-20 टीम घोषित कर दी गई है। जिनका अभ्यास कैम्प 24 नवंबर से राजधानी रायपुर में आरंभ हो रहा है। इसमें जिले से पहली बार किसी खिलाड़ी का चयन रणजी कैम्प के लिए रवि सिंह के रूप में किया गया है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचंद्र शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों छत्तीसगढ़ की रणजी टीम के चयन के लिए संभावित खिलाड़ियों की चार टीम बनाई गई थी। जिनके बीच आपस में अभ्यास मैच करवाए गए। इन मैचों में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया गया। इन्हीं खिलाड़ियों का रणजी अभ्यास कैम्प 24 नवंबर से राजधानी में आरंभ हो रहा है। अध्यक्ष संतोष पांडे ने इसे बेहतर शुरूआत बताया है। रवि सिंह के रणजी कैम्प में चयन पर अध्यक्ष संतोष पांडे, सचिव रामचन्द्र शर्मा, आशीष शर्मा, मनोज विश्वाल, महेन्द्र साव, किशोर पटनायक, वरिष्ठ खिलाड़ी पंकज बोहिदार, संतोष मिश्रा, महेश्वर मिश्रा, जफर उगाहा सिद्धकि, अम्पायर विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, प्रवीण सराफ, सदस्य प्रभात साहु, अमित कुंवर, अभिषेक गुप्ता, संतोष गुप्ता, अजय दुबे, राजा गोरख, सानु भयानी, चन्द्रेश यादव, संतोष गुप्ता, महेश दधिची आदि ने शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

**बांए हाथ के तेज गेंदबाज हैं रवि-** रवि सिंह सत्येन्द्र सिंह एवं निर्मला देवी जुटमिल निवासी के पुत्र हैं जो बहुत ही विकट परिस्थिति से जुझते हुए क्रिकेट में सफलता के शिखर पर आगे बढ़ रहे हैं। रवि सिंह पूर्व में छत्तीसगढ़ की अंडर-23 टीम के ओपनर गेंदबाज रह चुके हैं।

### यह है टीम टी-20 की

23 नवंबर सोमवार को टी-20 टीम की घोषणा की गई। जिसमें 33 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जो रणजी कैम्प में रायपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन मैदान में लगने वाले अभ्यास शिविर में शामिल होंगे। रवि सिंह के साथ-साथ चयनित खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है। अजय मंडल, अमन दीप खरे, आनंद राव, आशीष पांडे, सत्यविकास शर्मा, हरप्रित सिंह भाटिया, गगनदीप सिंह, जीवन %योत सिंह, एमबिह्नी सेमवल, एम रवि खान, मो.शहनवाज हुसैन, पंकज राव, परिवेशधर, प्रतिक यादव, रवि सिंह, सुमित रूईकर, वी नीतिश राव, वीर प्रताप सिंह, विशाल सिंह कुशवाहा एवं विवेक बोरकर शामिल हैं।

# समाज के दुश्मन बने बैठे थे शारदा होंडा के कर्मचारी-मिली समझाइश

पायनियर संवाददाता ‹ रायगढ़
www.dailypioneer.com




नगर निगम द्वारा लगातार मास्क एवं स्वच्छता को लेकर जुर्माना किया जा रहे हैं। उसी क्रम में जिला कलेक्टर के निर्देशन में निगम आयुक्त द्वारा सफाई दरोगा को अलग-अलग क्षेत्र में जुर्माना के लिए भेजा गया। जिसमें शारदा होंडा के कर्मचारियों को कड़ी की समझाइश दी गई।

ज्ञात हो कि जिला कलेक्टर के निर्देशन में निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय द्वारा स्वच्छता सफाई एवं कोरोना बचाव के निर्देश पर लगातार जुर्माना कार्य किया जा रहा है। जिसमें कल सफाई दरोगाओ द्वारा कुल 31500 राशि जिसमे राजेश मिश्रा 4000, घनश्याम ठाकुर 7800, अरविंद द्विवेदी 7750, कविता बेहरा 5100, रामनारायण तिवारी 2250 रुपये जुर्माना किया गया।

वहीं घनश्याम सिंह ठाकुर सफाई दरोगा द्वारा शारदा होंडा में मास्क के लिए दबिश दी गई। जिसमें उनके कर्मचारियों द्वारा लापरवाही पूर्वक बगैर मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग के कार्य किया जा रहा था। जुर्माना देने से भी इनकार किया गया। जिन्हें कड़ी समझाइश दी गई। अब उनके फोटो प्रकाशित कर शहर के लापरवाह व्यक्तियों को समझाया जाएगा कि इस तरह की हरकत करने वालों का लगातार फोटो वायरल नगर निगम द्वारा किया जाएगा।

# आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी को हाईकोर्ट का निर्देश

- **60 दिन में लौटाए रूपये, जमा पर ब्याज ज्यादा होने के कारण सारी कमाई बैंक में लगाई**

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

हाईकोर्ट ने आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी बैंक मामले में निवेशकों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने केंद्र सरकार के रजिस्ट्रार और परिसमापक को मामले के निराकरण के निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि इसकी कॉपी मिलने के लिए 60 दिन में निवेशकों के रुपए लौटाए जाएं। मामले की सुनवाई जस्टिस गौतम भादुड़ी की बेंच में हुई। निलिमा ताम्रकार व अन्य ने अधिवक्ता विवेक कुमार अग्रवाल के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इसमें बताया कि वे दुर्ग और भिलाई स्थित आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी बैंक की शाखा में साल 2015 से इंवेस्ट कर रहे थे। बैंक की शाखाएं राज्य के सभी जिलों में चल रही थी। इसके साथ ही बैंक की ओर से जमा पर ज्यादा ब्याज दिया जा रहा था।ऐसे में याचिकाकर्ताओं ने अपनी जिंदगी भर की कमाई फिक्स डिपॉजिट, आरडी और सेविंग सहित अन्य रूपों में बैंक में जमा कर दी। साल 2019 में अचानक से बैंक बंद हो गया। जितने भी इंवेस्टर थे उनका पैसा बैंक में फंस गया। शिकायत पर केंद्रीय रजिस्ट्रार ने बैंक की संपत्ति को सीज कर दिया और मई 2020 इन्वेस्टर के क्लेम को देने के लिए परिसमापक नियुक्त किया। याचिकाकर्ताओं ने अपना पैसा जल्द से जल्द वापस दिलाने की मांग की।

# फेसबुक से दोस्ती, शादी का झांसा देकर किया शोषण

- **पुलिस ने किया गिरफ्तार**

पायनियर संवाददाता ‹ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण करने वाला फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आकाश साहू चिंगराजपारा निवासी से पीड़िता की दोस्ती फेसबुक के माध्यम से वर्ष 2015 में हुई थी।

एक दिन आरोपी उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखते हुए पीड़िता से प्रेम करने बात कही, इस दौरान आरोपी ने शारीरिक सम्बंध बनाये और लगातार आरोपी शारीरिक शोषण करता रहा।

पीड़िता द्वारा जब शादी का दबाव बनाया तो आरोपी अपने घर से फरार हो गया , प्रेमी द्वारा धोखा देने के बाद युवती ने सरकंडा थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 के तहत अपराध कायम कर आरोपी को तलाश कर रही थी।

इस दौरान पुलिस को सूचना मिली की आरोपी आकाश साहू भिलाई क्षेत्र के गांव में छुपा हुआ है पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देश पर सरकंडा थाना प्रभारी ने एसआई हेमंत सिंह , प्रधान आरक्षक नरेंद्र डीक्सेना, बलवीर सिंह, प्रमोद सिंह, देवेंद्र दुबे, राकेश यादव, लगन खांडेकर की टीम बनाकर रवाना किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लाया गया। जिसके खिलाफ कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया।

# धान खरीदी केन्द्रों के पर्यवेक्षण और निगरानी के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर यशवंत कुमार ने खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में समर्थन मूल्य पर सुगमता पूर्वक धान उर्पाजन (खरीदी) एवं पर्यवेक्षण हेतु जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रों हेतु 23 जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। नियुक्त जिला स्तरीय नोडल अधिकारी धान खरीदी केन्द्र के समिति मुख्यालय में किए जा रहे धान खरीदी की निगरानी करेंगे तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही साथ अपने प्रभार के धान खरीदी केन्द्रों में जाकर धान खरीदी से संबंधित आवश्यक तैयारियों का निरीक्षण निर्धारित प्रपत्र में कर पालन प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा को प्रस्तुत करेंगे। जिला स्तरीय नोडल अधिकारी धान खरीदी की अवधि में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी की सतत् निगरानी कर साप्ताहिक भौतिक सत्यापन विभागीय एप के माध्यम से कर प्रतिवेदन प्रत्येक मंगलवार को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक भिजवाना सुनिश्चित करेंगे। साप्ताहिक प्रतिवेदन का प्रारूप एवं निरीक्षण संबंधी दिशा-निर्देश पृथक से संलग्न कर जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को प्रेषित किए गए हैं। कलेक्टर द्वारा जिन अधिकारियों को धान खरीदी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उनमें महेन्द्रपाल सिंह तंवर, अनुविभागीय अधिकारी विद्युत यांत्रिकी उप संभाग-2, नवागढ़-मुक्ता, अरसिया, सेन्दरी, जमगहन, उमाशंकर अनंत, परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास -भैसो, लगरा, सिल्ली, एल.के. जांगडे, सहायक अभियंता ग्रामीण . यांत्रिकी सेवा उप संभाग चाम्पा- हसौद, चिस्दा, झरप, जमडी, दीपक देवांगन, उप अभियंता अ.वि.अ.आर.ई.एस.- पामगढ- मुलमुला, कोसा, जेवरा, कोनारगढ। के.एस.तोमर, जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर- मुनुंद, कुटरा, घुठिया, भडेसर, तरूण कुमार साहू, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, नवागढ- सिउड, धाराशिव , कर्रा, रोगदा। नारद कुमार भारद्वाज, अनुविभागीय कृषि अधिकारी, जांजगीर- नवागढ़, बरगांव, एम.एस. चंद्रा, वरिष्ट कृषि.विस्तार अधिकारी (स्थ्रष्ठह्व), डोंगिया, श्री दीपक कुमार गुप्ता, सहा.विकास खंड शिक्षा अधिकारी जैजैपुर-तुपार, भोथीडीह, हरदीडीह और यू.के. बंजारे, अनुविभागीय अधिकारी बांगो नहर संभाग 6 सक्ती- भोथिया, सलनी धान खरीदी केन्द्र के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# आम जनता को ऑनलाइन ठगी से बचाने साइबर संगवारी सेवा शुरू

पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा आम जनता को ऑनलाईन ठगी से बचाने के लिए जन जागरूकता के तहत साइबर संगवारी सेवा शुरू की गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर साइबर संगवारी वाहनों को रवाना किया। इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू भी उपस्थित थे। गृह (पुलिस) विभाग द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच, पंच, शिक्षाकर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, मितानीन, बीट आरक्षक के माध्यम से ग्रामीणों को ऑनलाईन फर्जीवाड़ा से बचने के लिए जागरूक किया जाएगा। साइबर संगवारी के माध्यम से आम जनता को बताया जाएगा कि अपने एटीएम कार्ड का नम्बर-सीवीवी नम्बर किसी को न बताए। मोबाईल पर आने वाले वन टाईम पासवर्ड (ओटीपी) किसी को न बताए। मोबाईल-कम्प्यूटर पर आने वाले किसी अनचाहे लिंक को क्लिक न करें। एटीएम मशीन का प्रयोग करते समय किसी अजनबी की सहायता न ले। ऑनलाईन खरीदी-बिक्री के समय बिना जान पहचान के रकम का लेन-देन न करें। साइबर संगवारी के जरिए लोगों को जागरूक किया जाएगा कि किसी अजनबी से सोशल साईट फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर पर दोस्ती न करें। ओएलएक्स पर खरीदी बिक्री के समय एडवांस पेमेंट न करें। गूगल में ऑनलाईन दिखाई देने वाले सम्पर्क नम्बर पर कॉल करके मदद न लें। कभी भी लाटरी-ईनाम ईमेल का रिप्लाई न करें। किसी अनजान के कहने पर कोई ऑनलाईन ट्रांजेक्शन न करें। वाहन बेचते समय किसी अनजान व्यक्ति को अकेले टेस्ट ड्राईव न करने दें। एडवांस बुकिंग के नाम पर ऑनलाईन पेमेंट स्वीकार न करें। पेटीएम, फोनपे, गूगलपे आदि ऑनलाईन गेटवे पर रिक्वेस्ट मनी पेमेंट को कदापि स्वीकार न करें। फोन के माध्यम से किसी के कहने पर कोई भी एप्प-एप्लीकेशन डॉउनलोड न करें। अपने किसी भी सोशल साईट एकाउण्ट जैसे (फेसबुक, ईमेल आई.डी.) का पासवर्ड किसी को न दे। सायबर कैफे में इंटरनेट बैंकिंग का प्रयोग न करें। पेटीएम में केवाईसी के नाम पर मैसेज आ रहे है, यह भी धोखाधडी का नया तरीका है, कृप्या उन्हे रिप्लाई न करें।

**4 प्रतिभागियों ने अलग-अलग विधाओ में स्थान प्राप्त किया**

# युवा उत्सव के माध्यम से जिले के 3700 युवाओं को मिला प्रदर्शन का अवसर

पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में वर्ष 2019-20 में जिलें मे आयोजित युवा उत्सव में जिले के 3700 युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का अवसर मिला। जिला स्तर पर 870 प्रतिभागियों को कला प्रदर्शन का अवसर मिला वही राज्य स्तर पर 4 प्रतिभागियों ने अलग-अलग विधाओ में स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर व संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण, छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में अन्य वर्षों की तुलना में वर्ष 2019-20 में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया गया। जिसमें आयोजन के अंतर्गत लोकनृत्य, लोकगीत, एकांकी नाटक (हिन्दी/अंग्रजी भाषा में), शास्त्री गायन (हिन्दुस्तानी शैली), शास्त्री गायन (कर्नाटक शैली), सितार वादन (शास्त्री वादन), बांसुरी वादन (शास्त्री वादन), तबला वादन (शास्त्री वादन), वीणा वादन (शास्त्री वादन), मृदंगम वादन (शास्त्री वादन), हारमोनियम वादन (सुगम वादन), गिटार वादन (भारतीय या पाश्चात्य संगीत), मणिपुरी (शास्त्री नृत्य), ओडीसी (शास्त्री नृत्य). भरतनाट्यम (शास्त्री नृत्य), कत्थक (शास्त्री नृत्य), कुचीपुडी (शास्त्री नृत्य), वक्तृत्व कला (तात्कालिक भाषण). सुआ, पंथी, करमा, नाचा, सरहुल नाचा, बस्तरिया लोकनृत्य, राउत नाचा, फुगडी, गेंडी दौड/चाल, रॉक बैंड, पारंपरिक वेशभूषा (विविध वेशभूषा), फूड फेस्टीवल (छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के आधार पर प्रतियोगिता), चित्रकला प्रतियोगिता (छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति के चित्रण पर आधारित) जैसे विभिन्न विधाओं के साथ-साथ खो-खो एवं कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल को भी सम्मिलित किया गया था।

# मतदाता सूची पुनिरीक्षण कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2021 को मानते हुए 16 नवंबर से मतदाता केंद्रों में दावा पत्र प्राप्त करने की कार्रवाई जारी है।

दावा आपत्ति 15 दिसंबर 2020 तक दावा आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यशवंत कुमार ने जिले के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण , सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा मुख्य नगर पालिका, नगर पंचायत अधिकारी को पत्र भेजकर 25, 26 एवं 27 नवंबर को ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी कोटवार के माध्यम से तथा शहरी क्षेत्रों में लाउड स्पीकर युक्त चलित वाहन में प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए है।

### कोविड अस्पताल और कोविड केयर सेंटर्स में 170 मरीजों का उपचार जारी, 948 बेड रिक्त

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर यशवंत कुमार के मार्गदर्शन में कोरोना वायरस से सं मित मरीजों के इलाज के लिए कोविड अस्पताल और 10 कोविड केयर सेंटर में कुल-1118 बेड की व्यवस्था की गई है। जिनमें से 170 मरीजों का बेड पर उपचार किया जा रहा है, और- 948 बेड रिक्त है। कोविड केयर सेंटर्स के नोडल अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कि 25 नवंबर को सायं 04 बजे की स्थिति में जिला अस्पताल परिसर के कोविड अस्पताल में- 37 मरीज, आईटीआई कुलीपोटा में -18, शासकीय ाति कुमार भारती महाविद्यालय जेठा सक्त ी में 06, शासकीय अनुसूचित जाति बालक आश्रम धौराभाठा डभरा में- 51, आईटीआई भवन महुदा-बलौदा मे- 12, आईटीआई अकलतरा में- 02, शासकीय एमएमआर महाविद्यालय चांपा में -30 बेड और दिव्यांग स्कूल पेण्ड्रीभाठा में- 14 मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

# पार्टी के अनमोल रत्न अहमद भाई पटेल के निधन का समाचार स्तब्ध कर देने वाला : भूपेश बघेल

## मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल के निधन पर दुख प्रकट किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद अहमद पटेल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि कांग्रेस की विचारधारा के प्रति दृढ़ संकल्पित, जुझारू योद्धा, पार्टी के अनमोल रत्न अहमद भाई पटेल के निधन का समाचार हम सब के लिए स्तब्ध कर देने वाला है। उनका निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री बघेल ने अहमद पटेल के परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। राज्यपाल अनुसुईया उइके और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता अहमद पटेल के निधन पर जताया शोक कहा उनका जाना कांग्रेस पार्टी के साथ देश को भी अपूर्णीय क्षति है।

विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा कि वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल के निधन से दुखी हैं, कांग्रेस विचारधारा के प्रति दृढ़ संकल्पित, निष्ठावान अहमद भाई पटेल के निधन का समाचार हम सबके लिए स्तब्ध कर देने वाला है। डॉ महंत ने कहा की, उनका यूं असामयिक जाना कांग्रेस पार्टी के साथ देश को भी अपूर्णीय क्षति है। ईश्वर परिवाजनों एवं उनके चाहने वालो को संबल प्रदान करे।






### राजीव भवन में दी गयी श्रद्धांजलि

अखिल भारतीय कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अहमद पटेल के निधन पर प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय राजीव भवन में शोक सभा आयोजित की गयी। शोक सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरूमुख सिंह होरा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश वर्ल्यानी, प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, संचार विभाग अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, संचार विभाग सदस्य ज्ञानेश शर्मा, प्रदेश प्रवक्त ा घनश्याम राजू तिवारी, धनंजय सिंह ठाकुर, विकास तिवारी, मोहम्मद असलम, एम.ए. इकबाल, सुरेन्द्र वर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दौलत रोहड़ा, प्रदेश सचिव अजय साहू, सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार, पंकज शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे, पंकज मिश्रा, इदरिश गांधी, दिलीप चौहान, सद्दाम सोलंकी, राजेश सिंह ठाकुर, सैयद अफसर अली, इखलाक कुरैशी, दिवाकर साहू, शेखर साहू, शीत श्रीवास, मतीन खान, सकलेन कामदार, जीतू भारती, नितिन ठाकुर, भूपेन्द्र साहू, योगेश साहू, हुमन साहू, दाउलाल साहू, सिद्धार्थ सिंह चंद्रा, शब्बीर खान, योगेश साहू, शहनाज बेगम, कमरान अंसारी, मोहनी कुर्रे, जी श्रीनिवास, आशीष श्रद्धांजलि दी गयी।

### तीन दिन पार्टी मुख्यालय में पार्टी का झंडा झुका रहेगा

वरिष्ठ कांग्रेस नेता अहमद पटेल के निधन पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये अहमद पटेल की पार्टी के प्रति सेवाओं का आदरपूर्वक उल्लेख करते हुये कहा है कि तीन दिन पार्टी मुख्यालय में पार्टी का झंडा झुका रहेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अहमद पटेल ने लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी संगठन में विभिन्न पदों पर रहकर जनसेवा की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अहमद पटेल का निधन कांग्रेस परिवार की अपूरणीय क्षति है। यह भी कामना करते हैं कि शोक संतप्त पटेल परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्राप्त हो।



# पुलिस हिरासत में सब इंजीनियर की मौत पर गरमाई राजनीति

## पुलिस व्यवस्था पर साय ने उठाए सवाल

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पुलिस की कार्यप्रणाली से लोगों में दहशत, परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम की मांग



रायपुर। सूरजपुर हिरासत में सब इंजीनियर की मौत के मामले में अब राजनीति गर्म होने लगी है। इस मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने राज्य सरकार और पुलिस की कार्यप्रणाली पर निशाना साधा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा है कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी और परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया जाना चाहिए। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पुलिस की कार्यप्रणाली से लोगों में दहशत है। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

सूरजपुर में हत्या की तफ्तीश करने गई पुलिस के गले में दूसरी मौत पड़ गई। एक युवक की हत्या के संदेह में विद्युत विभाग के जिस जूनियर इंजीनियर को पुलिस ने हिरासत में लिया, उसकी मंगलवार सुबह मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस की पिटाई से जूनियर इंजीनियर की मौत होने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस का कहना है कि उसे कस्टडी में लिया ही नहीं गया।

जानकारी के मुताबिक, सूरजपुर के लटोरी चौकी के ग्राम करवां में विद्युत सब स्टेशन परिसर में सोमवार को एक युवक का शव नग्न हालत में मिला था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहां विद्युत कर्मियों और ग्रामीणों की भी? लगी थी।

संदेह के आधार पर बालोद निवासी जूनियर इंजीनियर पूनम कतलम को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मंगलवार सुबह करीब 6.30 बजे पूनम की मौत हो गई।

# पौनी पसारी : फिर दिखेगी छत्तीसगढ़ के कारीगरों के हाथों की जादूगरी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



इन दिनों बाजारों में मशीनों से बने खिलौनों, शिल्प, चित्रकारी से बनी वस्तुओं की भरमार देखने को मिलती है, लेकिन कभी इन वस्तुओं के निर्माण में हाथों की जादूगरी दिखाने वाले लोगों को हम भूल नहीं सकते। कुछ वर्षो पहले तक इनकी जिन्दगी आसान थी, हर क्षेत्र में बढ़ती तकनीकी दखलंदाजी ने इन्हें बड़ी आर्थिक मार दी है। वर्षो से समाज के लोगों के बीच सेवा देने वाले इन परिवारों को फिर से आर्थिक तरक्की के रास्ते पर लाने के लिए नई सरकार ने पौनी पसारी योजना शुरू की है। आधुनिकता के साथ छत्तीसगढ़ में प्रचलित पौनी पसारी व्यवस्था लुप्त होते जा रही थी। पहले यह हमारी संस्कृति में समाया हुआ था। प्राचीन समय से ही यह परम्परागत कार्यों से जुड़े लोगों के रोजगार का साधन रही है। शहरी और ग्रामीण जीवन में इसकी विशेष महत्ता है। भले ही हम आधुनिकता के दौड में इन्हें भुला दिए हैं लेकिन इनकी उपयोगिता आज भी है। राज्य के शहरी और ग्रामीण जनजीवन में मिट्टी के बर्तन, कपड़े धुलाई, जूते-चप्पल तैयार करना, लकड़ी से संबंधित कार्य, पशुओं के लिए चारा, सब्जी-भाजी उत्पादन, कपड़ों की बुनाई, सिलाई, कंबल, मूर्तियां बनाना, फूलों का व्यवसाय, पूजन सामग्री, बांस का टोकना, सूपा, केशकर्तन, दोना-पत्तल, चटाई तैयार करना तथा आभूषण एवं सौंदर्य सामग्री इत्यादि का व्यवसाय ''पौनी-पसारी'' व्यवसाय के रूप में मान्यता है। शहरों में परम्परागत व्यवसाय करने वाले नाई धोबी, कुम्हार बढ़ई लोहार समुदायों को तरक्की की राह पर बराबरी से खड़ा करने के लिए पौनी पसारी योजना में नगरीय निकायों में उनके व्यवसाय के लिए शेड बनाकर दिया जा रहा है। यह योजना प्रदेश के 14 नगर निगम सहित 168 नगरीय निकायों में क्रियान्वित की जा रही है। इन वर्गो के लोगों को वर्कशेड एवं चबूतरा निर्माण के लिए 73 करोड रूपए की मंजूरी दी गई है। परम्परागत रूप से शहरों में व्यवसाय करने वाले लोगों की खराब माली हालत को देखते हुए राज्य सरकार की इस पहल का इन कार्यों से जुड़े लोगों ने खुले दिल से स्वागत किया है। राज्य सरकार की इस पहल से गरीब और निम्न तबकों से ताल्लुक रखने वाले लोगों में सरकार के प्रति भरोसा जागा हैं। इन लोगों का कहना है इस प्रकार की व्यवस्था से गरीबों को राहत मिली है। यह योजना गरीबी और बेरोजगारी दूर करने वाली है।

राज्य में अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। परम्परागत रूप से समाज की सेवा करने वाले इन वर्गो के लोगों के कौशल विकास के लिए भी इंतजाम किए गए है। इनकी कार्यकुशलता ब?ाने के साथ ही इन्हें उनके कार्यों के मुताबिक अत्याधुनिक मशीने भी दी जा रही है। कुम्हारों को विजली से चलने वाले चाक हों या मिट्टी के सजावटी वस्तुओं में ग्लेजिंग पालिश इन कार्यों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।

# राज्यपाल से राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से पास आउट छत्तीसगढ़ के कैडेट्स ने की मुलाकात



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com.

## आपकी उपलब्धि पूरे प्रदेश का गौरव : सुश्री उइके

राज्यपाल अनुसुईया उइके से राजभवन में छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा सब एरिया के कमांडर ब्रिगेडियर प्रशांत चौहान (एस.एम.) के नेतृत्व में राष्टीय रक्षा अकादमी पुणे से पास आउट छत्तीसगढ़ राज्य के कैडेट्स ने मुलाकात की। राज्यपाल ने सभी कैडेट्स को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आप लोग भविष्य में देश के भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे, जो एक गौरवशाली पद है और जिनके कंधों पर देश की रक्षा का दायित्व रहता है। मुझे विश्वास है कि आप लोग समर्पित होकर देश की सेवा करेंगे और छत्तीसगढ़ का नाम ऊंचा करेंगे। यह उपलब्धि आपके शिक्षण संस्था, आपके शिक्षक, आपके माता-पिता और पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

ब्रिगेडियर प्रशांत चौहान ने बताया कि इन कैडेट्स ने राष्टीय रक्षा अकादमी पुणे से अपना कोर्स पूर्ण कर लिया है और वे वायु सेना, थल सेना और नौसेना से संबंधित विशिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और अध्ययन करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने देवउठनी एकादशी की दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह की बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री बघेल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि देवउठनी एकादशी को छत्तीसग? में बहुत उत्साह और उमंग से मनाया जाता है। यह दिन शुभ और मंगलकारी माना गया है। हिन्दुओं में इसी दिन से सारे मांगलिक कार्यों की शुरूआत की जाती है।

श्री बधेल ने कामना की है कि एकादशी का त्यौहार सबके जीवन में शुभता और समृद्धि लेकर आए और सभी के मंगल कार्य सफल हों।

## विधानसभा अध्यक्ष महंत ने दी बधाई



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने तुलसी विवाह और देवउठनी एकादशी की प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं। कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की एकादशी को श्रीहरि चतुर्मास की निद्रा से जागेंगे। इसीलिए इस एकादशी को देवउठनी एकादशी भी कहते हैं। इस दिन से ही हिन्दू धर्म में शुभ कार्य जैसे, विवाह आदि शुरू हो जाएंगे। देवउठनी एकादशी के दिन ही भगवान विष्णु के स्वरूप शालीग्राम का देवी तुलसी से विवाह होने की परंपरा भी है। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने अपने संदेश में कहा कि ऐसा माना जाता है जो भक्त देवउठनी एकादशी के दिन तुलसी विवाह का अनुष्ठान करता है उसे कन्यादान के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। वहीं एकादशी व्रत को लेकर मान्यता है कि साल के सभी 24 एकादशी व्रत करने पर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

बतादें, तुलसी को माता लक्ष्मी का अवतार माना जाता हैए इस दिन से लोग सभी शुभ कामों की शुरुआत कर सकते हैं।

## गांजा का बड़ा सौदागर संजय लंगड़ा सहित दो गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस ने बुधवार को गांजा तस्करी करने वाले एक बड़े तस्कर और उसके सहयोगी को धर दबोचा है। पुलिस ने दोनों के पास से ढाई किलो गांजा जब्त किया। बताया गया कि तस्कर राजधानी रायपुर के कई इलाकों में गांजा और नशे की अन्य सामाग्रियों की तस्करी करता है। पुलिस मुहिम के जरिए कई बड़े नशे के अवैध कारोबारियों का खुलासा किया था।
मिली जानकारी के अनुसार मामला धरसींवा थाना क्षेत्र का है, जहां पुलिस की टीम ने बुधवार को आरोपी संजय लंगड़ा उर्फ संजय धीवर और उसके एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम ने आरोपियों के पास से ढाई किलो गांजा भी जब्त किया है।

## रायपुर जिले के प्रकरणों की सुनवाई 2 दिसम्बर को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा 2 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक जल विहार कॉलोनी, रायपुर स्थित आयोग कार्यालय में रायपुर जिले के प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। सुनवाई के लिए बीस प्रकरण रखे गए हैं। इस दौरान आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगी। सुनवाई हेतु कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन करते हुए होगी, जिसमें सभी पक्षकारों शोसल डिस्टेंसिंग और एक दूसरे से दूरी के निर्देशों का पालन करना होगा।

पक्षकारों से कहा गया है कि वे चहरे, मुंह और नाक को ढकते हुए तीन लेयर वाले मास्क या मोटा कपड़ा का रूमाल बांधकर आयें।

## मास्क नहीं पहना तो लगेगा डबल जुर्माना, स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ाई सख्ती

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर रोकने के लिए बिना मास्क घूमने वालों के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी गई है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने मास्क नहीं पहनने वालों पर दो सौ रुपए जुर्माना करने का आदेश जारी कर दिया है। पूर्व में इसके लिए सौ रुपए का फाइन निर्धारित था। नियमों का उल्लंघन करने वालों से संयुक्त टीम अब तक करीब 40 लाख रुपए वसूल चुकी है। वैक्सीन नहीं आने तक कोरोना से बचाव के लिए चेहरे पर मास्क लगाने को महत्वपूर्ण हथियार माना जा रहा है और हमेशा नाक और मुंह को ढककर रखने की अपील सभी जिम्मेदार लोगों द्वारा की जा रही है। फिर भी इसके प्रति लोगों में जागरूकता नहीं आ रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा सबके लिए सोशल डिस्टेंस के साथ मास्क लगाना अनिवार्य किया गया था। इसके बाद भी लोगों ने ध्यान नहीं दिया और लापरवाही की वजह से कोरोना के केस बढ़ते गए। पहले मास्क नहीं पहनने वालों पर सौ रुपए जुर्माने का प्रावधान किया गया था और नगर निगम तथा जिला प्रशासन की संयुक्त टीम को नियम का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई के लिए लगाया गया। लोगों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई और 17 जुलाई को जारी आदेश के बाद अब तक केवल शहरी सीमा में ही लोगों से लगभग 40 लाख रुपए जुर्माना वसूला जा चुका है। मंगलवार को पुराने आदेश में संशोधन कर जुर्माने की राशि दो सौ रुपए कर दी गई है।

## डीएम अवस्थी आज करेंगे राजधानी रायपुर के अपराधों की समीक्षा हर दिन अलग-अलग जिलों में एक साल के क्राइम ग्राफ की करेंगे समीक्षा



**रायपुर।** डीजीपी डीएम अवस्थी 26 नवंबर से प्रदेश के सभी जिलों के अपराधों की समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में 1 जनवरी 2020 से 25 नवम्बर तक अवधि में घटित अपराधों की समीक्षा की जाएगी। इसी क्रम में आज 26 नवंबर को रायपुर जिले की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

बैठक में रायपुर जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने अनुविभाग में 01जनवरी 2020 से 25 नवम्बर 2020 तक की अवधि में घटित अपराधों की अद्यतन स्थिति, माइनर एक्ट की कार्यवाही/प्रतिबंधात्मक कार्यवाही तथा अन्य अनसुलझे एवं संवेदनशील प्रकरणों की जानकरी लेकर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403